CMYK

अधिकतम :31°C
न्यूनतम: 23°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, मंगलवार 15 जुलाई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 335 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 19 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**योगी ने दिया प्रदेश के पहले हाईटेक ऑर्थोपेडिक सुपर स्पेशियलिटी सेंटर का तोहफा** पेज 2



**इंग्लैंड ने लाडर्स टेस्ट 22 रनों से जीता 193 रन नहीं बना सका भारत** खेल टाइम्स



**डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव** सम्पादकीय



**बांग्लादेश ने मोदी को 1000 किलो आम भेजे** पेज 2

# सोशल मीडिया कमेंट्स पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

## कहा: अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत को समझें नागरिक, खुद पर लगाएं नियंत्रण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि नागरिकों को अपनी बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी की कीमत समझनी चाहिए और इसके साथ-साथ स्व-नियंत्रण और संयम का पालन करना चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पर बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सेंसरशिप की बात नहीं कर रहा है, बल्कि चाहता है कि लोग खुद से जिम्मेदारी निभाएं और अपनी बातों में संयम बरतें। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोई भी नहीं चाहता कि राज्य (सरकार) इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करे। इसलिए जरूरी है कि लोग खुद जिम्मेदारी लें और सोशल मीडिया या अन्य मंचों पर ऐसा कुछ न कहें, जो समाज में तनाव फैलाए। शीर्ष अदालत ने -शेष पृष्ठ दो पर

### राज्य को बीच में लाने की जरूरत न पड़े



### मोदी पर अशोभनीय व्यंग्यचित्र विवाद: सुप्रीम कोर्ट की आरोपी को फटकार, फेसबुक से हटाएगा

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी और आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के आरोपी हेमंत मालवीय उच्चतम न्यायालय की फटकार के बाद उसे फेसबुक से हटाने के लिए सोमवार को तैयार हो गया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने मालवीय के आचरण पर असहमति और असंतोष व्यक्त किया। पीठ ने उनकी वकील वृंदा ग्रोवर से पूछा कि क्या याचिकाकर्ता व्यंग्यचित्र वाली अपनी फेसबुक पोस्ट हटाने को तैयार हैं। इस पर सहमति व्यक्त करते हुए अधिवक्ता ने कहा कि मैं बयान दूंगी कि मैं आपत्तिजनक टिप्पणियों का समर्थन नहीं कर रही हूं। उन्होंने मामले में अंतरिम सुरक्षा की भी गुहार लगाई और कहा कि मामला व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा है और पुलिस उनके (मालवीय) दरवाजे पर दस्तक दे रही है। उन्होंने हालांकि कहा कि उनकी (याचिकाकर्ता की) टिप्पणियां अशोभनीय या घटिया लग सकती हैं, लेकिन वे कोई अपराधी नहीं हैं। इसलिए 50 वर्षीय इस आरोपी को अंतरिम राहत दी जानी चाहिए। इस पर पीठ ने कहा कि अभी भी परिपक्वता नहीं है। हम सहमत हैं कि यह भड़काऊ है। शीर्ष अदालत ने इन टिप्पणियों के साथ कहा कि वह इस मामले में मंगलवार को विचार करेगी।

# ब्रह्मांड के अतिथि शुभांशु 20 दिन बाद आज लौटेंगे धरती पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अन्य तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना हो गए।

एक्सिओम स्पेस ने इस बात की पुष्टि की है कि एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्षयान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4.35 बजे आईएसएस से अलग हो गया। एक्सिओम स्पेस ने बताया कि अब कई चरणों में अंतरिक्षयान के इंजन को चालू कर उसे आईएसएस से दूर ले जाया जाएगा। सेपरेशन के लगभग 22.5 घंटे बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। आईएसएस पर जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। अपने साथियों के साथ वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया, जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। खास बात यह है कि भारतीय वायु सेना में टेस्ट पायलट शुक्ला देश के पहले अंतरिक्ष मिशन 'गगनयान' के लिए चयनित संभावित क्रू में भी शामिल हैं। वह इस क्रू में एक मात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं, जिनके पास अब अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव है, जो मिशन के लिए महत्वपूर्ण है। मिशन की लॉन्चिंग 25 जून को हुई थी और मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। इसके मंगलवार अपराह्न 3.01 बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। ग्रुप कैप्टेन शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के 41 साल बाद अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीत विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं। शुभांशु ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया।

### आईएसएस से रवाना हुए अंतरिक्ष यात्री

### मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया

## नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला 29 जुलाई को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत नेशनल हेराल्ड से संबंधित धन शोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी,लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों का संज्ञान के संबंध में 29 जुलाई को फैसला सुनाएगी। राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश विशाल गोगने ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि ईडी के आरोपों का संज्ञान लेना चाहिए या नहीं, इस पर 29 जुलाई को कोई आदेश पारित किया जाएगा। केंद्रीय जांच एजेंसी ने श्रीमती गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता के अलावा, सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डॉटेक्स मर्चेंडाइज़ और सुनील भंडारी को आरोपी बनाया है।

## ईडी के सामने हुई रॉबर्ट वाड्रा की पेशी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। 56 वर्षीय वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं।

## बिहार में बाढ़ व बिजली गिरने से 13 की मौत

**नई दिल्ली।** बिहार में बीते 24 घंटे में बाढ़-बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई है। बिजली गिरने से प्रदेश में 9 लोगों की जान चली गई। इनमें सबसे ज्यादा 5 मौतें बांका में हुई। वहीं, बाढ़ से गयाजी में 2, नालंदा और पटना में 1-1 व्यक्ति की मौत हुई है। राजस्थान में भी बीते एक दिन में बारिश की घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई है। भीलवाड़ा में दो चचेरे भाइयों की बरसाती नाले में और राजसमंद में तालाब में डूबने से भाई-बहन की मौत हो गई।

## असीम घोष हरियाणा व गजपति राजू गोवा के राज्यपाल बने

**नई दिल्ली।** प्रो. असीम कुमार घोष को हरियाणा और पी. अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल तथा कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।

# निमिषा की जिंदगी के 24 घंटे शेष, प्रयास जारी

शाह टाइम्स संवाददाता



- **यमन में भारतीय नर्स का जान गंवाना दुखद, विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा: सुप्रीम कोर्ट**
- **केंद्र ने कहा: हमने बचाने की पूरी कोशिश की**
- **16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी**

**नई दिल्ली।** यमन में मौत की सजा का सामना कर रही केरल की नर्स निमिषा प्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामला बहुत संवेदनशील है। अगर भारतीय नर्स यमन में जान गंवाती है, तो यह दुखद होगा।

मामले में सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। इस दौरान केंद्र की तरफ से अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने कोर्ट में कहा कि सरकार जहां तक जा सकती थी, जा चुकी है। यमन जैसे देश के साथ भारत खुलकर कूटनीतिक दखल नहीं दे सकता। निमिषा को यमन नागरिक की हत्या के मामले में 16 जुलाई को मौत की सजा दी जाएगी। वह 2017 से यमन की जेल में बंद हैं। उन पर यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी को दवा की ओवरडोज देकर हत्या करने का आरोप है। याचिकाकर्ता संगठन सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल ने कोर्ट से अपील करते हुए कहा कि प्रिया का परिवार तलाल अब्दो महदी के परिवार से बातचीत कर रहा है, जिसकी मौत के चलते प्रिया को सजा मिली। निमिषा की मौत की सजा रोकी जाए। इस पर कोर्ट ने पूछा कि हम ऐसा आदेश कैसे दे सकते हैं? विदेश में हमारे आदेश को कौन मानेगा।

## दोनों पायलटों की मेडिकल स्थिति सामान्य थी: एयर इंडिया सीईओ

**वाशिंगटन।** एयर इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सन ने कहा कि दोनों पायलटों ने ब्रीथ एनालाइजर टेस्ट पास किया था और उनकी मेडिकल स्थिति सामान्य थी।

प्राइमरी रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि प्लेन और इंजन में कोई टेक्निकल या मेंटेनेंस से जुड़ी खराबी नहीं थी। विल्सन ने कहा कि प्लेन के सभी जरूरी मेंटेनेंस कार्य समय से किए गए थे। ईंधन की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं थी और टेक-ऑफ रोल सामान्य था। उन्होंने कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में ये बात लिखी है।

## 'उदयपुर फाइल्स' मामले पर शीघ्र सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स-कन्हैयालाल टेलर मर्डर' के रिलीज पर रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की।




# तलाक मामले में पत्नी की कॉल रिकॉर्डिंग सबूत

शाह टाइम्स संवाददाता



- **सुप्रीम कोर्ट बोला- ये निजता का उल्लंघन नहीं, रिश्ता जासूसी तक पहुंचा, तो पहले ही टूट चुका**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि पत्नी की जानकारी के बिना रिकॉर्ड कॉल को वैवाहिक विवादों में सबूत के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि ऐसा करना पत्नी के निजता के अधिकार का उल्लंघन है और इसे सबूत के रूप में नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा जीवन में गोपनीयता का अधिकार पूरा नहीं हो सकता। इंडियन एविडेंस की धारा 122 के तहत पति-पत्नी के बीच बातचीत को कोर्ट में उजागर नहीं किया जा सकता, लेकिन तलाक जैसे मामलों में इसे अपवाद मानते हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच ने कहा कि हम नहीं मानते कि इस मामले में निजता के अधिकार का कोई उल्लंघन हुआ है। धारा 122 सिर्फ पति-पत्नी के बीच संवाद की गोपनीयता को मान्यता देती है, लेकिन यह निजता के संवैधानिक अधिकार (अनुच्छेद 21) से जुड़ा नहीं है। यह केस बठिंडा की एक फैमिली कोर्ट से शुरू हुआ था, जहां पति ने पत्नी से बातचीत की रिकॉर्डिंग के आधार पर -शेष पृष्ठ दो पर

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने धामपुर ब्लॉक में लगाया एक पेड़ मां के नाम, ब्लॉक प्रमुख ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना योगी सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं आज अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, जिससे समाज के सभी वर्गों को सीधा लाभ मिल रहा है।

मंत्री धामपुर विकास खंड में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचीं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने ब्लॉक परिसर में छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया और अभियान की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण और भावनात्मक जुड़ाव की बेहतरीन पहल बताया। धामपुर पहुंचने पर




ब्लॉक प्रमुख हेमलता चौहान, उनके प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, राणा प्रियंकर सिंह, खंड स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा पुष्पगुच्छ और स्मृति चिह्न भेंट कर मंत्री का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि महिलाएं अब परिवार के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी भूमिका निभा रही हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें व्यवसाय, स्वरोजगार और उद्यमिता



से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं को लाखों रुपये तक के ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। इसके अतिरिक्त, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और स्वरोजगार योजनाएं ग्रामीण विकास का आधार बन चुकी हैं।

ब्लॉक प्रमुख हेमलता चौहान ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लॉक में योजनाएं पारदर्शी ढंग से संचालित की जा रही हैं। प्रत्येक गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास हो रहा है। राणा प्रियंकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विधायक अशोक राणा की अनुपस्थिति में वे प्रतिनिधि स्वरूप कार्यक्रम में मौजूद हैं। उन्होंने मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन ब्लॉक प्रशासन और जनता के लिए प्रेरणादायक है।

कार्यक्रम में एडीओ पंचायत अनिल कुमार, सीडीपीओ हेमलता सैनी, ग्राम विकास अधिकारी हिमांशु चौहान (कार्यक्रम संचालन) तथा सचिन, अंकुश कुमार, सहदेव, अमित, मोनिका, मिनाक्षी चौहान, विनीता, दिव्यांशु कुमार, नसीम अहमद, सौरभ कुमार, कृपाल सिंह, योगराज सिंह, मनोज कुमार समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और समूह की महिलाएं मौजूद रहीं।

# श्री जाहरवीर नवमी मेला कमेटी का सर्वसम्मति से गठन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों की हुई बैठक में श्री जाहरवीर नवमी मेला कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

कमेटी में ठाकुर संजय गहलौत, शरद चन्द्र शर्मा, अचल चौहान, राजवीर गहलौत, जितेंद्र गहलौत, कृष्ण गोपाल त्यागी, सतेंद्र कुमार ग्राम प्रधान, विपिन कुमार सभासद, नरेंद्र यादव आदि संरक्षक तथा कामेश्वर राजपूत को अध्यक्ष, राकेश रुहेला, विकास दत्त, दिनेश वर्मा, जयपाल सिंह चौहान, सुशील चौहान, संजीव राजपूत महामंत्री, पदम सिंह चौहान, मानवीर कश्यप, दौलत पाल, चन्द्रभूषण, अमर चंद्रा उपाध्यक्ष, टीकम सिंह, शूरवीर सिंह, यशपाल प्रजापति, चन्द्र प्रकाश, प्रवेंद्र चौहान मंत्री, धर्मवीर चौहान व प्रदीप रस्तौगी कोषाध्यक्ष तथा विनय रस्तौगी व प्रशांत गहलौत आय व्यय निरीक्षक चुने गए।इनके अलावा 15 विशेष आमंत्रित व 15 साधारण सदस्य तथा विजय वर्मा, अमिष रस्तौगी, धर्मवीर सिंह, शमीम अहमद, एस भारती, सुमित वर्मा मीडिया प्रभारी चुने गए।

# विश्व हिंदू महासंघ की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन

## लव कुमार चौधरी को फिर सौंपी गई जिलाध्यक्ष की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विश्व हिंदू महासंघ जनपद बिजनौर की एक अहम बैठक सुहागपुर स्थित श्रीराम कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने, नेतृत्व के चयन को पारदर्शी रखने और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र सिंह द्वारा किया गया। बैठक में जिलेभर से संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा सदस्य शामिल हुए। अपने संबोधन में डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा कि संगठन तभी प्रभावशाली हो सकता है जब नेतृत्व सामूहिक सहमति से चुना जाए और कार्यकर्ता खुद को संगठन की रीढ़ समझें। उन्होंने कहा कि नेतृत्व का चुनाव बिना किसी खेमेबाजी या विवाद के होना चाहिए ताकि



संगठनात्मक एकता बनी रहे। सर्वसम्मति से लव कुमार चौधरी को पुन: जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके कार्यकाल में संगठन की सक्रियता, ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच और जनसंपर्क अभियान की सराहना करते हुए सभी ने उन्हें फिर से यह भूमिका सौंपने का समर्थन किया।

बैठक में संगठन के विस्तार के लिए कार्ययोजना भी बनाई गई, जिसके तहत आने वाले दिनों में जिले की सभी तहसीलों एवं विकास खंडों में सदस्यता अभियान, प्रशिक्षण कार्यशालाएं और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में युवाओं की भागीदारी को प्राथमिकता दी जाएगी।

बैठक में पीयूष अरोड़ा, रामनाथ, शूरवीर एडवोकेट, आसाराम चौधरी, गोपाल सिंह (तहसील प्रभारी), सौरभ प्रताप सिंह, गौरव प्रताप सिंह, जयप्रकाश सैनी, अंकुश राणा, सचिन पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया और जनसंपर्क दोनों माध्यमों का अधिकतम उपयोग किया जाएगा।

# छात्र-छात्राओं ने सफलता का लहराया परचम, चयनिका रही प्रथम स्थान पर

**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, बिजनौर की छात्र एवं छात्राओं ने एक बार पुन: सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं। इस वर्ष डी.एल.एड. बैच 2023 के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। डी.एल.एड. विभाग की विभागाध्यक्षा डा. दीपषिखा अग्रवाल ने बताया कि डी.एल.एड. द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा चयनिका ने 93.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, दीपिका राजपूत ने 92.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा भावना राजपूत ने 92.12 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, प्रबन्ध निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता एम.एस. अंसारी, सुनील कुमार, प्रतिमा रानी, अंशिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्राम शिवपुरी में बिजली आपूर्ति बाधित

## ग्रामीणों ने की वैकल्पिक लाइन की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** धामपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम शिवपुरी के सैकड़ों ग्रामीणों ने अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खंड धामपुर व उपखंड अफजलगढ़ को एक ज्ञापन सौंपकर बिजली आपूर्ति से जुड़ी गंभीर समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में ग्राम की विद्युत आपूर्ति लाइन अफजलगढ़ से भवानीपुर होते हुए शिवपुरी तक जाती है, जो कि न केवल अत्यधिक लंबी है, बल्कि मार्ग में बड़े-बड़े पेड़ों से होकर गुजरती है। इससे तेज हवा, बारिश या आंधी के दौरान तार टूटने और खंभे गिरने की



घटनाएं आम हो गई हैं। इन घटनाओं के कारण अक्सर कई-कई दिनों तक गांव में बिजली आपूर्ति ठप रहती है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने मांग की है कि बिजली लाइन को वर्तमान मार्ग से हटाकर सीधे अफजलगढ़-मेघपुर-शिवपुरी के रास्ते से जोड़ा जाए। जिससे बिजली आपूर्ति अधिक सुरक्षित और स्थिर हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम में लगभग 1000 से 1200 घरेलू विद्युत कनेक्शन हैं और यह बदलाव सभी ग्रामीणों के लिए राहतकारी सिद्ध होगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए, ताकि बरसात के मौसम में संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके और नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# एडवोकेट मोहम्मद आमिर को कांग्रेस विधि विभाग में बड़ी जिम्मेदारी



**धामपुर।** मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा निवासी एडवोकेट मोहम्मद आमिर अंसारी को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग में 'शहर चेयरमैन' नियुक्त किया गया है। यह मनोनयन कांग्रेस विधि विभाग के जिला चेयरमैन प्रशांत कुमार गोयल एडवोकेट की संस्तुति पर किया गया है। नवमनोनीत चेयरमैन मोहम्मद आमिर अंसारी, वरिष्ठ समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ. आफताब अंसारी के पुत्र हैं। आमिर अंसारी ने मनोनयन पर संगठन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और विधिक सहायता के क्षेत्र में निष्पक्षता व समर्पण से कार्य करेंगे। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है।

# शिवलिंग की महिमा अपरंपार

**धामपुर।** बड़ी मंडी स्थित राजगढियों की धर्मशाला में आयोजित मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी तीसरे दिन कथा में प्रवचन करते हुए कथा व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ ने कहा कि श्री शिव महापुराण में शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि शिव. लिंग की महिमा अपरंपार है। भगवान भोलेनाथ शिवलिंग में अपने पूरे परिवार के साथ निवास करते हैं जो शिवलिंग की पूजा अर्चना करते हैं तो वह शिव जी के पूरे परिवार की पूजा अर्चना करते हैं। शिवरात्रि पर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करके जो मन्नत मांगता है, भोलेनाथ वह मन्नत जरूर पूरी करते हैं और उन्हें सुख समृद्धि देते हैं। भागवत कथा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष कथा सुन रहे थे। कथा के मुख्य यजमान विकल गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी मोनिका गुप्ता रहे। कथा में के कल्पना जैन, प्रीति, निर्मला यादव, प्रीति चौहान, दीपा, बिंदु राजपूत, मधु धनोरिया, शिखा धनोरिया, उमा अग्रवाल, माधुरी अग्रवाल, राधा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, राजीव धनोरिया, सौरभ अग्रवाल, मुकेश कौशिक, मदन राणा, हरिओम अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# उच्चस्तरीय बैठक में सीएम योगी ने दिए निर्देश

# कांवड़ में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा को सुगम और सुचारु बनाए रखने के साथ यात्रा में विघ्न डालने वालों के साथ कड़ाई से पेश आने के निर्देश दिए हैं।

योगी ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यह पवित्र यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हो, इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिका. रियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई,



चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महिला श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए उन्होंने विशेष निर्देश दिए कि महिला कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम हों तथा महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती की जाए। उन्होने कहा कि संवे. दनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जाए। उन्होंने खुफिया तंत्र को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अराजकता की कोशिश को समय रहते रोका जा सके। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटा जाए और उनके खिलाफ तत्काल कठोर कार्रवाई की जाए। योगी ने कहा कि यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और शिव भजनों का प्रसारण सुनिश्चित हो, जिससे श्रद्धालु भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करें। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रमुख अवसरों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कराने की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शि. विर, प्राथमिक उपचार केंद्र और एम्बुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सोशल मीडिया...** नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना बनाए रखने की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि आज के समय में जब अलगाववादी विचार तेजी से फैल रहे हैं, तो नागरिकों को सोच-समझकर बोलना चाहिए। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस पर संविधान में पहले से ही युक्तिपूर्ण सीमाएं हैं और लोगों को इन सीमाओं का पालन करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान दी, जिसमें सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और उकसाने वाली पोस्ट को लेकर चिंता जताई गई थी। अदालत इस बात पर विचार कर रही है कि क्या आचार संहिता बनाई जा सकती है, जिससे ऑनलाइन अभिव्यक्ति की आजादी और समाज में सौहार्द के बीच संत. ुलन बना रहे। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ सोशल मीडिया पर एक हिंदू देवी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में दर्ज कई एफआईआर से राहत मांगने वाले वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले कोर्ट ने 23 जून को वजाहत खान को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी, जिसे अब 14 जुलाई से आगे बढ़ा दिया गया है। वजाहत खान का कहना है कि उनके पुराने ट्वीट्स के कारण उनके खिलाफ असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने पहले खुद एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनौली के खिलाफ सां. प्रदायिक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। जवाब में उनके खिलाफ ही कई एफआईआर दर्ज कर दी गई। कोर्ट ने वजाहत खान को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत अगली सुनवाई तक बढ़ा दी है। साथ ही, वकीलों से इस बड़े मुद्दे पर मदद मांगी है कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कैसे आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी के साथ उपयोग में लाया जाए।

**तलाक मामले में...** तलाक की अर्जी दी थी। कोर्ट ने कॉल रिकॉर्डिंग को सबूत के तौर पर मान लिया। पत्नी ने इस फैसले को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने इसे निजता का उल्लंघन बताया और कहा कि इस रिकॉर्डिंग को सबूत नहीं माना जा सकता। हाईकोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट और अन्य फैसलों का हवाला देते हुए कहा था कि पति-पत्नी की निजी बातचीत को चोरी-छिपे रिकॉर्ड करना कानूनन गलत है। हमेशा पति-पत्नी के मामले में गवाह नहीं होता पति के वकील ने कहा कि निजता का अधिकार सीमित हैं और उसे अन्य संवैधानिक अधिकारों के साथ संतुलित करना चाहिए। वैवाहिक विवादों में कई बार ऐसे मामले होते हैं, जो केवल पति-पत्नी के बीच घटते हैं और कोई गवाह नहीं होता। ऐसे में तकनीक की मदद से जुटाए गए सबूत जरूरी हो जाते हैं।

## एक नजर

### रेलवे यार्ड में पड़ा मिला शव



**चांदपुर।** नगर के रेलवे स्टेशन की उत्तर दिशा में झाड़ियों मे एक व्यक्ति का शव पड़ा मिलने से शहर में हड़कंप मच गया। मृतक की शिनाख्त मोहल्ला मुफ्ती सराय निवासी नदीम पुत्र स्व. रईस अहमद (राज) के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार 30 वर्षीय नदीम बेकरी में मजदूरी का कार्य करता था। वह ईद के त्योहार पर चांदपुर आया हुआ था। जीआरपी पुलिस रेलवे ने तुरंत शव को उठाया और सीएचसी स्याऊ पहुंचवाया। नदीम की मौत का कारण अभी ज्ञात नहीं हो सकता है। मृतक के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं और फिलहाल उसकी पत्नी अपनी मायके में गई हुई थी, जिसे सूचना देकर घर बुलाया गया।

### टैंट एसो. की बैठक 30 जुलाई को



**नजीबाबाद।** टैंट व्यापार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक आगामी 30 जुलाई को समीपवर्ती ग्राम राजारामपुर में स्थित ग्रीन फार्म हाउस में होगी। उक्त जानकारी देते हुए अध्यक्ष मौहम्मद अख्तर ने बताया कि आगामी 14 अगस्त को नजीबाबाद में होने जा रही वार्षिक बैठक की तैयारी को लेकर कार्यकारिणी की बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा। कार्यकारिणी की बैठक में समस्याओं एवं मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी।

### श्रावण मास का महत्व बताया



**नहटौर।** कथा व्यास अश्विनी भास्कर ने कहा मनुष्य को जीवन में किसी भी परिस्थिति में शांति बनाए रखना बेहद जरूरी होता हैऔर मन को काबू रखना चाहिए। सोमवार को वैष्णो धर्मशाला में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जहां शिव होते हैं, वहां अनंत इच्छाओं की स्वत: ही पूर्ति होती है। शिव संस्कारी त्यागी अहंकारहीन व कष्ट करने वाले हैं। जीवन में चाहे कितनी विपत्तियां हो हमेशा सामान्य व्यवहार में मनुष्य को रहना चाहिए । उन्होंने सावन का महत्व बताते हुए कहा की सावन माह में भगवान शिव जी की पूजा होती है। इसीलिए इसे शुभ माना जाता है। इस अवसर पर बाबा मलंग दास कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, अंजु गोयल, पायल गुप्ता, संगीता, पुष्पक, वंदना अग्रवाल, विनीता त्यागी आदि महिला पुरुषों ने कथा में भाग लिया। इससे पूर्व कथा के मुख्य यजमान ने धार्मिक अनुष्ठान क्रियो के साथ पूजा-अर्चना कराई।

### अकील अंसारी का स्वागत



**चांदपुर।** मौहल्ला मुफ्तीसराय निवासी वरिष्ठ बसपा नेता अकील अंसारी को पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती के निर्देशानुसार बसपा का जिला उपाध्यक्ष पद से नवाजा गया है। अकील अंसारी को बसपा के जिला उपाध्यक्ष पद से नवाजे जाने पर सिटी में बसपाईयों व उनके समर्थकों मे हर्ष का माहौल है। देर सांय अकील अंसारी के चांदपुर पहुंचने पर मौहल्ला पतियापाड़ा में उनका जोरदार स्वागत सम्मान किया। अकील अंसारी ने बताया कि गत 13 जुलाई को गजरौला मे आयोजित मण्डल स्तर की बैठक में अकील अंसारी को बिजनौर बसपा जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत करने की घोषणा की गई। गजरौला में हुई पार्टी की बैठक में पहुंचे उच्च पदाधिकारियों में बसपा के वरिष्ठ नेता मौहम्मद नौशाद अली पूर्व एमएलसी, जाफर मलिक मुख्य मण्डल प्रभारी मुरादाबाद मण्डल एवं सूरज सिंह प्रभारी बसपा आगरा, मेरठ, मुरादाबाद अलीगढ़ मण्डल एवं रणविजय सिंह मण्डल प्रभारी मुरादाबाद मण्डल ने संयुक्त रूप से अकील अंसारी को बिजनौर जिला उपाध्यक्ष पद से नवाजे जाने की घोषणा की। देर सांय चांदपुर पहुंचने पर अकील अंसारी का उनके समर्थकों व बसपाईयों ने फूलों की मालाओं से जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में बन्ने अल्वी सहित बड़ी संख्या में बसपाई व उनके समर्थक मौजूद रहे। उधर नव मनोनीत बसपा जिला उपाध्यक्ष अकील अंसारी ने कहा कि वे बसपा के लिये ही निष्ठा व लगन से कार्य करते चले आ रहे है। आज उन्हें बसपा जिला उपाध्यक्ष पद से नवाजे जाने का कारण ही उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा व लगन का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि वे दिलो जान से बसपा को जिले में और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे और सर्वसमाज को बसपा से जोड़ने के लिये सदस्यता अभियान भी चलायेंगे।

# मोदी को बांग्लादेश से तोहफे में मिले 1000 किलो हरिभंगा आम

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने 'हरिभंगा' किस्म के 1000 किलोग्राम आम भारत भेजे हैं। इन्हें पीएम मोदी, भारत के राजनयिकों और दूसरे अधिका. रियों को उपहार में दिए जाएंगे। भारत के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने की कोशिश के तहत बांग्लादेश की इस पहल को 'मैंगो डिप्लोमेसी' कहा जा रहा है। इसके तहत अंतरिम सरकार ने न सिर्फ केंद्र सरकार को, बल्कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा को भी हरिभंगा आम भेजे हैं। ये 300 किलोग्राम आम 60 डिब्बों में पैक करके अखौरा लैंड पोर्ट के जरिए भेजे गए। बांग्लादेश में 'हरिभंगा' प्रीमियम आम माना जाता है। इनकी गुणवत्ता बहुत अच्छी मानी जाती है। भारत में इसे काफी पसंद किया जाता है। बांग्लादेशी अखबार डेली सन की रिपोर्ट के मुताबिक बांग्लादेश उच्चायोग के एक अधिकारी ने बताया कि ये आम सद्भावना के प्रतीक के तौर पर भेजे गए हैं।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# चोरी का सोना खरीदने के मामले में धामपुर का सर्राफ हिरासत में

## मध्य प्रदेश पुलिस की दबिश से सर्राफा बाजार में हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सर्राफा बाजार में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब मध्य प्रदेश पुलिस ने चोरी के सोने के मामले में एक सर्राफा कारोबारी को हिरासत में ले लिया। पुलिस की अचानक दबिश और छानबीन की कार्रवाई से व्यापारियों में हड़कंप मच गया और सर्राफा बाजार में देर शाम तक चर्चाओं का माहौल बना रहा।

सूत्रों के अनुसार मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के डाबरा थाना क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व एक सोने की ज्वेलरी की चोरी हुई थी। इस मामले में दर्ज मुकदमे की जांच करते हुए पुलिस ने एक संदिग्ध चोर को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि चोरी का सोना उसने उत्तर प्रदेश के धामपुर में एक सर्राफ को बेचा है।

मिली जानकारी के अनुसार चोरी के मामले से जुड़े आरोपी की निशानदेही पर मध्य प्रदेश पुलिस की टीम धामपुर पहुंची और स्थानीय पुलिस को बिना औपचारिक सूचना दिए एक सर्राफ की दुकान पर दबिश दी। पूछताछ के बाद सर्राफ को हिरासत में लिया गया और टीम आरोपी को लेकर वापस मध्य प्रदेश रवाना हो गई। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया। व्यापारियों में बेचैनी साफ देखी गई। बाजार में यह चर्चा भी गर्म रही कि चोरी के मामलों में अब धामपुर का नाम बार-बार सामने आने लगा है। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि यदि समय रहते जांचें सख्त न की गईं तो इसका असर पूरी मंडी की छवि पर पड़ सकता है।

जब इस मामले में स्थानीय कोतवाली पुलिस से जानकारी ली गई तो कोतवाल राजेश चौहान ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी कार्रवाई की जानकारी नहीं है।

### पहले भी कई प्रदेशों की पुलिस दे चुकी है धामपुर में दबिश

**धामपुर।** सर्राफा बाजार पूर्व में भी विभिन्न राज्यों की पुलिस कार्रवाई की जद में आ चुका है। उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा की पुलिस ने भी बीते वर्षों में धामपुर पहुंचकर कई सर्राफा कारोबारियों से पूछताछ की है। कुछ मामलों में फर्जी बिलिंग, चोरी का सोना खरीदने और टैक्स चोरी की जांच में स्थानीय कारोबारियों के नाम सामने आए थे। अब मध्य प्रदेश पुलिस की इस कार्रवाई ने फिर सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या धामपुर का सर्राफा बाजार सुनियोजित गिरोहों का टारगेट बनता जा रहा है?

# नगीना में लेखपालों ने किया कार्य बहिष्कार, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## हापुड़ में लेखपाल की आत्महत्या को लेकर दिया धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** तहसील परिसर में लेखपालों ने सोमवार को कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन किया। यह विरोध हापुड़ में तैनात लेखपाल सुभाष मीणा की आत्महत्या के कारण किया गया।

मीणा को एक किसान द्वारा रिश्वत लेने के आरोप में निलंबित किया गया था। निलंबन के बाद उन्होंने कथित तौर पर जहर खाकर जान दे दी। लेखपाल संघ का कहना है कि मीणा को बिना ठोस सबूत के निलंबित किया गया। इससे वे मानसिक तनाव में थे।

लेखपाल संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, तहसील में सोमवार को कार्य बहिष्कार और धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। संघ ने मृतक के परिवार को मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग के साथ अधिकारियों को अधीनस्थों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने की मांग भी की गई है।

इस दौरान धरने में कई कानूनगो जितेंद्र कुमार, कमल शर्मा, खंड मंत्री अमरेश दत्त, राजेश कुमार, करन सिंह व लेखपालगण अध्यक्ष सत्यवीर सिंह, जयपाल सिंह, विश्वजीत, धर्मेंद्र कुमार, तुषार चौहान, दीपक कुमार, सतेंद्र कुमार, जिला मंत्री अमित मिश्रा, रतिराम, दीपक कुमार, दिनेश कुमार, आदेश, सचिन शर्मा, अमित गुप्ता, अंसार उल हक, हिमांशु, विपुल, सौरभ चौहान, अभिलाश बेणीराम, नितिन कुमार, अनुज तोमर, योगेश आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मॉर्निंग वॉक पर निकले ग्रामीण पर हमला



**नजीबाबाद।** समीपवर्ती ग्राम कल्हेड़ी के रहने वाले इरफान शेख रोजाना मॉर्निंग वॉक हेतु घर से निकलते हैं। सुबह लगभग 5:30 बजे वह गांव के बाहर हाईवे की तरफ सड़क पर सैर कर रहे थे कि पीछे से आए नकाबपोश हमलावर ने उनके सिर में जोर से लाठी मार दी। लाठी लगते ही इरफान शेख बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े, राहगीरों को भी इस हमले का एहसास नहीं हो पाया। हमलावर तेजी से जंगल की तरफ भाग गया। होश में आने पर इरफान शेख घर पहुंचे और अपनी बेटी को साथ लेकर अस्पताल में अपना इलाज कराया। घटना की सूचना उन्होंने पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### 185 युवाओं को मिला रोजगार

**बिजनौर।** आज राजकीय आई.टी.आई. बिजनौर में वृहद रोजगार मेला आयोजित किया गया। जिसमें 15 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया और उ.प्र. कौशल विकास मिशन जनपद बिजनौर द्वारा प्रशिक्षित लगभग 525 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रतिभाग किया गया। जिसमें लगभग 185 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ। रोजगार मेले के आयोजन में मंजुल मंयक प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिजनौर, राकेश कुमार शर्मा प्रधान सहायक, मारकण्डे चौरासिया (एमआईआईएस मैनेजर), रोंि. हताश्व कुमार पाण्डे (एम.आई.एस. मैनेजर) कौशल विकास मिशन, धर्मेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहें।

### कैबिनेट मंत्री का स्वागत



**नहटौर।** हल्दौर चौराहे पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सोमवार को कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर हल्दौर चौराहे पर रुके। जहां कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से लादकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस मौके पर पार्टी के युवा जिला प्रमुख महासचिव निकुंज राजपूत, डॉ. अंजुम, ठाकुर राजवीर सिंह, मोंटी कुमार, रामकुमार सिंह, जगदीश सिंह, सिरोही सिंह, सत्यम राठौर, वीरेंद्र सिंह, अनिल कुमार शर्मा, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### आपत्तिजनक पोस्ट का आरोपी गिरफ्तार



**नहटौर।** फेसबुक आईडी पर आपत्तिजनक पोस्ट करते हुए लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। फेसबुक आईडी पर आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी। जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई। पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल करते हुए फेसबुक आईडी से आरोपी की पहचान की। आरोपी नहटौर क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर निवासी जाने आलम पुत्र मौहम्मद अकरम निकला। पुलिस ने आरोपी को मोबाइल सहित गिरफ्तार किया।

### वी.एम. कॉलेज में मैंगो डे मनाया



**नगीना।** कक्षा नर्सरी की अध्यापिका श्रीमती खुशी के मार्गदर्शन में बच्चों ने मैंगो ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया तथा आम की कविता सुनाई। जिसमें जिकरा, फरहा, सुमैया, नूर इलाही, राघवी, दृष्टि, हर्ष, मयंक, नमरा आदि बच्चों ने प्रति भाग किया। इस अवसर पर प्रबंधक इंजीनियर अमित गुप्ता, प्रधानाचार्य कुलदीप वर्मा, श्रीमती शीला सिंह, शैफाली रस्तौगी, मिसबाह, आसिया एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान जिकरा, द्वितीय स्थान सुमय्या, तृतीय स्थान आनाया ने प्राप्त किया। प्रबंधक इंजीनियर अमित गुप्ता ने छात्रों को पुरस्कृत किया।

### कंटेनर गड्ढे में घुसा, क्लीनर चोटिल




**अफजलगढ़।** मुरादाबाद निवासी मौहम्मद नाजिर, क्लीनर बदायूं निवासी सुशील कुमार के साथ लुधियाना से साइकिल के पुर्जे भरकर कंटेनर से उड़ीसा जा रहा था। सुबह ग्राम आलमपुर गांवड़ी के पास बाइक सवार को बचाने के प्रयास में सड़क किनारे गड्ढे में जा घुसा। गनीमत रही कंटेनर पलटा नहीं, चालक व क्लीनर ने कूदकर अपनी जान बचाई, जिसमें क्लीनर चोटिल हो गया। घायल क्लीनर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम मनोटा में रविवार तीसरे पहर गांव के ही दो युवकों में एक किराना की दुकान को निशाना बनाते हुए उसमें रखे कुछ बिस्किट, कुरकुरे व नगदी आदि सहित करीब डेढ़ लाख रुपये की चोरी कर ली । विशेष बात यह रही कि यह लोग किराना दुकान स्वामी के पास रोजाना उठने बैठने वाले व्यक्ति थे। जिन्होंने चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मनोटा में जसराम सैनी की किराना की दुकान है। जो तीसरे पहर दुकान का शटर आधा गिराकर खाना खाने अपने घर चला गया, जो दुकान से कुछ दूर स्थित है। वहीं दुकानदार के परिचित और प्रतिदिन साथ बैठने वाले दो युवकों ने शटर को उठाकर दुकान में रखे कुछ बिस्किट, कुरकुरे के पैकेट व नगदी सहित एक से डेढ़ लाख रुपयों का दुकानदार को नुकसान दे दिया। उधर खाना खाकर दुकान लौटे दुकान स्वामी जसराम ने जब दुकान का हाल और सामान आधा अधूरा देखा, तो उसके होश उड़ गए । पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, तो आस्तीन के सांप ही चोरी करते नजर आए । बताया जाता है कि सीसीटीवी फुटेज में पड़ोस के ही दो युवक चोरी करते नजर आए। जिनके खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में नामजद मुकदमा भी पंजीकृत कर दिया है।

# कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण

## सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। नहटौर-धामपुर मार्ग पर अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया।

नहटौर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने नगर पालिका की टीम के साथ नहटौर के पैजनिया व कोतवाली देहात मार्ग का निरीक्षण किया। कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई आदि की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पालिका के सफाई कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा नहटौर-धामपुर मार्ग का भी निरीक्षण किया गया। सड़क के दोनों और अतिक्रमण करने वालों को स्वयं हटाने के लिए निर्देशित किया। अतिक्रमण नहीं हटाने पर माल जब्त करने की चेतावनी दी। नगर पालिका की टीम ने पॉलिथीन अभियान के तहत 3000 रूपए के चालान काटे।

इस मौके पर विशेष उपाध्याय, गजेंद्र सिंह, गौरव त्यागी, सलीम अहमद, शावेज आलम, मौहम्मद अकरम, शहजाद आदि मौजूद रहे। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने बताया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर साफ सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रहेगी और पॉलिथिन अभियान के तहत 3000 रूपए के वसूली की गई है।

# कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## अजय राय समेत कांग्रेस नेताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजयराय व वाराणसी के अन्य कांग्रेसजनों के विरुद्ध झूठा केस दर्ज किये जाने के विरोध में ब्लॉक कोतवाली, नगर नगीना व बढ़ापुर के पार्टी कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नगीना के कार्यालय पहुंचकर प्रस्तुत किया और झूठा केस रद्द कराने की मांग की।

पार्टी के हाई कमान के निर्देशानुसार ब्लॉक कोतवाली व तहसील नगीना के अंतर्गत बढ़ापुर नगर सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एसडीएम नगीना के कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम की अनुपस्थिति में उनके कार्यालय प्रभारी को प्रस्तुत किया। जिसमें कांग्रेसियों ने वाराणसी में आम नागरिकों व कांवड़ यात्रियों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु शांतिपूर्ण पदयात्रा निकालने पर प्रदेश सरकार के इशारे पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजयराय व अन्य कांग्रेसजनों के विरुद्ध वाराणसी के थाना सिगरा में केस दर्ज किये जाने का विरोध करते हुए महामहिम राज्यपाल से इस मामले में हस्तक्षेप कर कांग्रेसजनों के विरुद्ध दर्ज केस को रद्द कराने की मांग की। इस अवसर पर मुख्य रूप से पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष मौहम्मद आरिफ खान एड., जिला उपाध्यक्ष मौहम्मद अंजार, जिला उपाध्यक्ष मिसबाहुल हसन, जिला महासचिव प्रदीप ठाकुर, जिला सचिव अभिषेक मिश्रा एड., ब्लॉक अध्यक्ष हाजी अहसान, नगर अध्यक्ष बढ़ापुर फरीद अहमद खान एड., वरिष्ठ कांग्रेसी मौहम्मद इश्तियाक उर्फ बाबू भाई, अली हसन उस्मानी आदि उपस्थित थे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर ठेकेदार की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** कस्बे में ओवर ब्रिज निर्माण की साइड में नाला निर्माण करा रहे ठेकेदार की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई। ठेकेदार की मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

खटीमा पानीपत हाईवे पर कस्बा कोतवाली देहात में ओवर ब्रिज का निर्माण चल रहा है। जिसकी साइड में पानी निकासी के लिए नाला बनाया जा रहा है। नाला निर्माण का ठेका जनपद अमरोहा के थाना रेहरा क्षेत्र के गांव जेबड़ा गुर्जर निवासी अनिल कुमार (40 वर्ष) पुत्र सुक्खा पर हैं। सोमवार को बिजनौर मार्ग पर मंडी समिति के पास लेवर में शामिल अमरोहा के थाना रेहरा क्षेत्र के गांव नहरपुर निवासी किशन, जगपाल, किशन पाल सिंह व संदीप कुमार, गांव गंगनहर निवासी राजू और गांव पतेथी खादर निवासी महेश कुमार नाला निर्माण कार्य कर रहे थे। दोपहर लगभग 12 बजे ठेकेदार अनिल निर्माण स्थल पर पहुंचा और वह लेवर को लोहे का गाडर पकड़वाने लगा। गाडर उठाते समय हाईटेंशन लाइन के लोहे के खम्भे से छू गया। इसके बाद अनिल का शरीर ऐंठने लगा। काम कर रहे मजदूर ठेकेदार को दौरा पड़ना मानकर उसे पकड़ने लगे। अनिल को पकड़ने पर मजदूर को जब करंट लगा तब उन्होंने प्लास्टिक के जूते से गाडर को हटाया। मौके पर काम कर रहे राजू, महेश, संदीप आदि बेहोशी की हालत में ठेकेदार अनिल कुमार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात लेकर आए जहां पर उपस्थित चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पर थाना अध्यक्ष कोतवाली देहात प्रवेज तोमर मौके पर पहुंचे तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चो को रोते-बिलखते छोड गया हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण सामग्री वितरण में गड़बड़ी

## पात्र महिलाओं व बच्चों को नहीं मिल रहा हक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों को सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली पोषण सामग्री और अन्य लाभकारी योजनाओं के वितरण में गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। ग्रामीणों और नगरवासियों का आरोप है कि केंद्रों पर पोषाहार वितरण में भारी घोटाला किया जा रहा है, जिससे वास्तविक लाभार्थी वंचित रह जा रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया कि कई आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां पोषाहार सामग्री का वितरण सही तरीके से न करके उसे बाजार में बेच देती हैं। वहीं, कुछ केंद्रों पर लाभार्थियों की संख्या कृत्रिम रूप से बढ़ाकर दिखायी जाती है, जिससे अधिक मात्रा में सामग्री मंगवाकर उसका गबन किया जा सके। इसके अलावा वितरण रजिस्टरों में फर्जी हस्ताक्षर करके आपूर्ति पूरी बता दी जाती है, जबकि वास्तविकता यह है कि कई महिलाएं और बच्चे महीनों से पोषाहार से वंचित हैं। सूत्रों की मानें तो वितरण की सामग्री को खुलेआम घर ले जाया जाता है और बाद में बाजार में सस्ते दामों पर बेच दिया जाता है। कई मामलों में यह भी देखा गया है कि सिर्फ चुनिंदा लोगों को ही लाभ दिया जाता है, जबकि अन्य पात्र लाभार्थियों की अनदेखी की जाती है। इससे न सिर्फ जरूरतमंदों को नुकसान हो रहा है, बल्कि सरकार की योजनाओं की साख पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जागरूक नागरिकों कपिल कुमार, राजू, रशीद, सुलेमान, अतीक, नीरज, राशिद, महेंद्र कुमार आदि ने जिलाधिकारी से मांग की है कि आंगनबाड़ी केंद्रों की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि केंद्रों पर निरीक्षण के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है, जबकि सामान्य दिनों में अधिकतर केंद्र निष्क्रिय रहते हैं। स्थानीय जनता ने जिला प्रशासन से यह भी मांग की है कि वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाई जाए और लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक की जाए, जिससे पात्र महिलाओं और बच्चों को उनका अधिकार मिल सके।

नगर व ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार करोड़ों रुपये खर्च कर रही है तो उसका लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचना चाहिए, न कि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ना चाहिए।

# सुनील प्रधान का जोरदार स्वागत

## संगठित होकर करेंगे संघर्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किसानों को अपने हक लेने हैं और स्वाभिमान के साथ जीना है, तो संगठित होकर संघर्ष करना होगा, परिवार में मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मनभेद नहीं होने चाहिए, मनमुटाव किसी भी परिवार में हो या संगठन में उससे निश्चित ही उस परिवार की शक्ति का ह्रास होता है और हमें इस शक्ति का ह्रास नहीं होने देना है।

उक्त विचार भाकियू टिकैत के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान ने अपने स्वागत समारोह तथा अपनी अध्यक्षता में आयोजित पहली किसान विचार गोष्ठी में किसानों को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि शहरी चकाचौंध से आकर्षित होकर हमारे बहुत सारे परिवारों ने अपने मूल घरों को छोड़कर शहरों में आवास बनाए, लेकिन इतिहास गवाह है कि किसी भी विपत्ति के समय अथवा कोरोना जैसी आपदा में भी उनके अपने व मूल घर ही काम आये।

सुनील प्रधान ने भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक स्व. चौधरी महेन्द्र सिंह टिकैत को नमन करते हुए कहा कि बाबा के द्वारा दिया गया यह मंच मेरी या किसी की भी निजी सम्पत्ति नहीं है। यह मंच किसानों का अपना मंच है, हम संघर्ष करेंगे और किसानों को उनका हक दिलाने के लिए तथा बाबा टिकैत के सपनों को पूरा करने में अपनी जी जान लगा देंगे। इस अवसर पर उन्होंने संगठन को अपना असीम योगदान देने वाले शहीदों तथा स्व. धीर सिंह बालियान, ठाकुर यशपाल सिंह, रामकुमार धनकड़, होशियार सिंह को भी नमन किया। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने बिजली अधिकारी व ट्रैफिक पुलिस को दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी किसान का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो ट्रैफिक पुलिस वाले बिना हेलमेट वालों की चैकिंग के नाम पर अवैध वसूली करते हैं और गांव से शहर आने वाले लोगों को परेशान करते हैं। उनके खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। बिजली अधिकारी गांव में किसी भी किसान के यहां स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिया जाएगा और किसी किसान के नलकूपों पर मीटर नहीं लगने दिया जाएगा। भारतीय किसान यूनियन इसकी लड़ाई मजबूती से लड़ेगी।

जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक से विनीत मौर्य, जितेंद्र सिंह, पीतांबर सिंह अपने साथियों के साथ आज भारतीय किसान यूनियन टिकैत में शामिल हुए। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि लड़ाई किसी भी मुद्दे पर हो किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर विजयपाल सिंह, बाबूराम तोमर, विजय पहलवान, कविराज सिंह, मुनेश अहलावत, अजय बालिया, अवनीश कुमार, डॉ. विजय सिंह, ऋषिपाल सिंह, महावीर सिंह, मास्टर गिरिराज, मुनेंद्र काकरान, आशु चौधरी, प्रमोद कुमार, कोमन सिंह, धर्मेंद्र राणा, हर्षवर्धन सिंह, धर्मवीर सिंह चौहान, दिनेश कुमार, नरदेव सिंह, देवदत्त शर्मा, मुकुल, जितेंद्र सिंह, संदीप त्यागी, विनीत मौर्य, कीरत बालिया, कपिल कुमार, मनप्रीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, मोनू प्रधान, मनोज कुमार, विनीत चौधरी, बलजीत सिंह, शिवराज सिंह, जय सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, बेगराज सिंह, तिलक राम, अमरदीप, ऋषिपाल सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
‘शाह टाइम्स’
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाई

## बैंकट हॉल न बनाने के लिए धमकाया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** गांव बालापुर में अपनी भूमि पर बैंकट हॉल बनाने की तैयारी कर रहे एक व्यक्ति को दूसरे पक्ष के कई लोगों ने बैंकट हॉल न बनाने को लेकर धमकाया और एक आरोपी ने लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायरिंग करते हुए दहशत फैलाई। पुलिस ने फायरिंग करने वाले आरोपी को बंदूक सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया। बंदूक के लाईसेंस के निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजनी की तैयारी की।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम बालापुर निवासी हरीश पुत्र लल्लू सिंह शर्मा ने नहटौर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके दो पुत्र विकलांग है। इसीलिए वह अपनी भूमि पर बैंकट हाल बनाने की तैयारी कर रहा है। आरोप है कि गांव के ही सुमित, अतुल पुत्रगण राकेश, अनिल पुत्र महेश, गजराज पुत्र डूंगर सिंह ने उसे बैंक्विट हॉल बनाने से इनकार किया।

आरोपी उसकी भूमि को कब्जाने का प्रयास कर रहे हैं। रविवार की सांय को आरोपियों ने गंदी-गंदी गाली देते हुए मंडप बनाने से इनकार किया और सुमित ने लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायरिंग की। जिसको लेकर दहशत फैल गई। आरोपी मंडप बनाने पर उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना अध्यक्ष धीरज नागर ने बताया कि आरोपी सुमित को लाइसेंसी बंदूक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया और लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी जा रही है । आरोपी सुमित का चालान कर दिया गया है।

# हाजियों के इस्तकबाल में फिक्र-ए-जिंदगी कार्यक्रम

## मदरसा दारुल उलूम कासमिया फैजुल्लापुर में हुई तकरीब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम फैजुल्लापुर स्थित मदरसा दारुल उलूम कासमिया में हज से लौटे हाजियों के इस्तकबाल के मौके पर एक विशेष कार्यक्रम फिक्र-ए-जिंदगी का आयोजन किया गया। इस तकरीब में हज के बाद की जिंदगी को अल्लाह की रजा के मुताबिक कैसे जिया जाए। इस पर तफसील से चर्चा की गई।

कार्यक्रम की सदारत अमरोहा से तशरीफ लाए मेहमान-ए-खुसूसी मुफ्ती शाहिद ने की अपने खिताब में उन्होंने हज की फजीलत और इसके बाद मुसलमानों पर आने वाली जिम्मेदारियों को उजागर करते हुए कहा कि हज महज एक इबादत नहीं बल्कि जिंदगी को बदलने वाला पैगाम है। उन्होंने हाजियों से अपील की कि वे अपने घर-परिवार और समाज में नेक आमाल सौहार्द और ईमानदारी की मिसाल पेश करें। इस मौके पर मुफ्ती अली हसन ने तमाम हाजियों का इस्तकबाल करते हुए उन्हें मुबारकबाद पेश की। कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती आदिल ने किया। जबकि कारी नाजिर ने नसीहत से भरा बयान दिया।

कार्यक्रम में धामपुर, ताजपुर रवाना, शेरकोट, स्योहारा, बगवाड़ा, सहसपुर, बुढेरन समेत विभिन्न इलाकों से बड़ी तादाद में हाजी और हज्जन शामिल हुए। तकरीब में कारी हनीफ मुफ्ती, दिलशाद, मुफ्ती उवैस, हाफिज हनीफ, कारी मुशाहिद, मौलाना अब्दुल रहमान, मौलाना शहाबुद्दीन, मौलाना अरशद, मुफ्ती फुजैल, मौलाना रिजवान, कारी यूसुफ समेत कई उलेमा-ए-किराम ने शिरकत की। सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र से भी गणमान्य लोग कार्यक्रम में मौजूद रहे। इनमें पूर्व राज्य मंत्री हाजी नईमुल हसन, पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष फहीम उर्रहमान, हाजी इलियास, पूर्व पालिका अध्यक्ष अख्तर जलील के पुत्र सनी जलील और हाजी नूर मौहम्मद प्रमुख रहे। कार्यक्रम के अंत में मुफ्ती शाहिद की सरपरस्ती में सामूहिक दुआ कराई गई। जिसमें तमाम हाजियों और पूरी उम्मत-ए-मुस्लिम के लिए खैर व बरकत की दुआ मांगी गई।

# सावन के पहले सोमवार पर विशाल भंडारा आयोजित

## श्रद्धालुओं ने लिया प्रसाद, दिखा लोगों में उत्साह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के मौहल्ला चौधराना में सावन मास के प्रथम सोमवार को एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में भोजन ग्रहण किया। भंडारे में नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

इस मौके पर अंबेडकर स्मारक समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष भंडारे में पहुंचे और उन्होंने कहा कि यह हमारे समाज के लिए बहुत ही अच्छा कार्य है। ऐसे कार्य को समय-समय पर करते रहना चाहिए और श्रावण मास में सभी कांवड़ यात्रियों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज मुझे इस पावन भंडारे में आने का अवसर प्राप्त हुआ है और मैं सभी मौहल्ले वालों का अभिनंदन करता हूं। उधर इस आयोजनों में पहुंचे भाजपा मंडल अध्यक्ष के पति सौरव मित्तल ने कहा कि यह कार्य संपूर्ण हिंदू समाज को एक जगह एकत्रित करने का कार्य है। इससे समस्त हिंदू समाज को एकता की एक मिसाल मिलेगी और ऐसे कार्य समय-समय पर होते रहने चाहिए। इस मौके पर अंबेडकर स्मारक समिति के अध्यक्ष सुगमचंद प्रधान, धर्मेंद्र कुमार, रविद. ास कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार, बाबू मदनपाल, रविकांत, अवनीश, आजाद समाज पार्टी की ओर से ज्ञानचंद, बाबू चंद्रपाल आदि उपस्थित रहे।

भंडारे का आयोजन कमेटी की ओर से सोनू कुमार, बबली, अतुल भारती, दिन्ने, विकास, मनीष, जतिन, रवि कुमार, गुड्डू, अनमोल, बलराम, नितिन, विक्की, अंकुल, मोंटी, देव कुमार, जीवा ने किया।

# सीएचसी में एक्सपायर दवाई देने की शिकायत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह को क्षेत्र के गांव सादपुरी निवासी हरिओम ने शिकायत रखी कि सीएचसी अस्पताल नूरपुर से अपनी पत्नी की दवाई लेने गया था, जो कि मेरी पत्नी गर्भवती है। जब में अपनी पत्नी की दवाई लेने के बाद वहां से घर पहुंचा। तो मैंने देखा कि अस्पताल के केमिस्ट ने एक्सपायर दवाई दे दी है। मैंने इस बात की शिकायत तुरंत महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह से की। उन्होंने तुरंत इस बात को गंभीरता से लेते हुए अपने निजी सचिव विकास शर्मा को मौके पर भेजा। मौके पर जाकर अस्पताल के डॉक्टरों से एक्सपायर दवाई की लापरवाही के बारे में सख्ती से बात की। वह कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा।

उन्होंने कहा किसी भी कीमत पर लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी, जो डॉक्टर गरीबों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे है। उनके खिलाफ जिले के उच्च अधिकारियों से मिलकर अस्पताल के लापरवाह डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# 81 लीटर जल की कांवड़ लाया नगीने का नगीना

## पुष्पवर्षा से किया स्वागत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नगर के मार्गों पर इस समय कांवड़ यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। कांवड़ रूट सज चुके हैं और कांवड़ियों के झुंड देखे जा रहे हैं। नगर और अन्य क्षेत्रों के कांवड़ियों का कांवड़ मार्गों पर आवागमन शुरू हो गया है।

इसी दौरान नगीना के मौहल्ला विश्नोई सराय निवासी व नगर पालि. का नगीना के सभासद बृजमोहन बिश्नोई उर्फ बल्ली के पुत्र लवी बिश्नोई ने 81 लीटर से अधिक जल की कांवड़ को लेकर सोमवार को नगर में प्रवेश किया।

सुबह लगभग दस बजे उनका बढ़ापुर रोड स्थित गौशाला पर स्वागत किया गया। यह यात्रा उन्होंने अपने मित्रों के साथ हरिद्वार से नगीना तक पैदल चलकर चार दिनों में पूरी की। वो दस जुलाई की रात को हरिद्वार से नगीना के लिए चले थे और 14 जुलाई की सुबह नगीना में प्रवेश किया। उनके द्वारा 81 लीटर जल की कांवड़ लेकर आने की खबर नगरवासियों को पहले ही मिल गई थी।

81 लीटर जल से भरे कलशों की कांवड़ लाने वाले भक्त के दर्शन करने की उत्सुकता के कारण उनके आगमन पर बड़ी संख्या में नगरवासी उनका स्वागत करने गौशाला पहुंच गए थे। उनके गौशाला आते ही पुष्पवर्षा कर व फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया। उनको देखकर हर कोई हैरान था। लोगों ने कांवड़िए लवी विश्नोई से बात करनी शुरू की, तो उन्होंने पर्दा उठा दिया। कांवड़िए लवी विश्नोई ने कहा कि यह जल वह अपने माता-पिता के नाम पर लाए हैं। लोग इस अनोखे कांवड़िए के साथ तस्वीरें भी खिंचवा रहे हैं।

इस मौके पर नगर मौहल्ले के लोगों के अलावा भाजपा के पदाधिकारी प्रमोद चौहान, हरमीत सिंह मल्होत्रा, सचिन शर्मा, अरुण शर्मा, लवी मित्तल, तिलक राज आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कोचिंग सेंटर के बाहर से बाइक चोरी



**नजीबाबाद ।** बीती शाम कोचिंग सैंटर के बाहर खड़ी बाइक पर चोर ने हाथ साफ कर दिया। बाइक चोरी करते हुए चोर सीसीटीवी में कैद हो गया। छात्र ने आसपास तलाश की तो बाइक का कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद उसने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आपको बता दे कि अनस पुत्र कमर आलम, निवासी मौहल्ला मुगलूशाह नजीबाबाद 13 जुलाई को शाम लगभग साढ़े सात बजे हीरो होंडा सुपर स्पलेंडर बाइक से नाईस लाईब्रेरी की पार्किंग में चौकी आदर्श नगर में खड़ी कर पढ़ने चला गया। जब वह वापस लौटा, तो उसकी बाइक गायब थी। जो अज्ञात चोर द्वारा चुरा ली गई है। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। चोर बाइक चोरी करते हुए सीसीटीवी में कैद हो गया। जिसे आसानी से पहचाना जा सकता है। सीसीटीवी वीडियो में चोर चोरी करने से पहले लाइब्रेरी की पार्किंग में टहलता हुआ देखा जा सकता है। छात्र की बाइक उसके पिता कमर आलम के नाम पर रजिस्टर है।

### शोक संतप्त परिवार से मिले विधायक



**नूरपुर।** समाजवादी पार्टी के विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने ताजपुर पहुंच कर प्रोपर्टी डीलर नईम अहमद अंसारी के परिवार से मुलाकात कर दुख में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नईम अंसारी एक नेक दिल मिलनसार व्यक्ति थे। उनकी कमी को कभी पुरा नहीं किया जा सकता है। उनके अचानक दुनिया से चले जाने से मुझे बहुत बड़ा सदमा लगा है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में नईम के परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा हूं। मेरी किसी भी वक्त जरूरत पड़ेगी, तो मैं हर वक्त परिवार के साथ खड़ा मिलूंगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों से मिलकर मामले की सही जांच कराने का काम करुंगा। परिवार के लोगों ने विधायक से शिकायत की है कि एक हफ्ता गुजर जाने के बाद भी पुलिस जिससे गाड़ी से दुर्घटना हुई हैं, उस गाड़ी का पता नहीं निकाल पा रही है। न ही परिवार को कुछ बता पा रही है। परिवार के लोगों का मानना है कि पुलिस कहीं न कहीं लापरवाही करती हुई नजर आ रही है। सपा विधायक ने परिवार को भरोसा दिलाया है कि इस मामले में कोई भी लापरवाही बर्दाशत नहीं की जायेगी। गाड़ी का पता लगा कर उसके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। इस मौके पर सपा नेता सरफराज सिद्दीकी, विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद इदरिसी, नगर अध्यक्ष जुल्फकार कुरैशी, देवेन्द्र यादव, गंगाराम सैनी, शाह आलम, मकसूद ठेकेदार, शमीम अंसारी, इमरान अंसारी, मतलूब अंसारी आदि मौजूद थे।

### स्वयं शंभू मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



**सफीपुर नंगली।** स्वयं शंभू मंदिर में सोमवार को भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर में जल चढ़ाया और भगवान शिव की आराधना की। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए थे, ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। इस दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। भगवान शिव की भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं ने आरती और पूजा-अर्चना की। सोमवार के दिन भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है और श्रद्धालुओं ने इसका पूरा लाभ उठाया। मंदिर के महंत भूपेन्द्र महाराज ने बताया कि भगवान शिव की कृपा से सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे भगवान शिव की भक्ति में डूबकर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

### कलाम पेश कर वाहवाही लूटी



**नगीना।** बज्म ए रंग की जानिब से मौहल्ला शाहज. हीर में मौहम्मद शाहिद की रिहाइश गाह पर इतवार की रात एक नशिस्त मुनअकिद हुई। जिसमें शायरों ने अपने उम्दा कलाम पेश किए। नशिस्त की सदारत नईम अखतर रंग ने और निजामत डॉ. इमरान सागर ने की। इस नशिस्त में हाजिरे शुअरा के कुछ कलाम बेहद पसंद किए गए। नईम अख्तर रंग ने कहा 'हम से पूछो वफाओं की अजमत, हमने इस दिल पे चोट खाई है।' हाफिज विसाल ने कहा 'अंजाम कार होना था बरबाद ही हमें, जब दिल लगाये बैठे थे इक फितना गर से हम।' तसलीम नगीनवीं ने कहा 'मैं तो दीवाना हूं मैं क्या जानू, क्या असीरी है क्या रिहाई है।' इमरान सागर ने कहा 'जहनो दिल के अंदर उर्दू, मेरे कलम और लब पर उर्दू।' मौहम्मद कैफ ने कहा 'ये चाहने वाले तेरे क्या जाने, क्या असीरी है क्या रिहाई है।' शाहिद अंजुम ने कहा 'हमने जानों का देके नजराना, आबरू ए चमन बचाई है।' देर रात तक चली नशिस्त में शायरों को खूब दाद ओ तहसीन से नवाजा गया। नशिस्त में बड़ी तादाद में सामईन मौजूद थे। जिन में मौहम्मद शारिक, मौहम्मद उजैर, मौहम्मद आकिब मौजूद रहे।

## एक नजर

### आए दिन हो रहे हादसे

**किरतपुर।** किरतपुर से मंडावर को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग अब खूनी सड़क बनता जा रहा है। आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। रविवार को एक वृद्धा की तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से हुई मौत ने न सिर्फ शोक की लहर दौड़ा दी बल्कि इस मार्ग की बदहाली और लापरवाही को भी उजागर कर दिया है। नगर के मोहल्ला अहमद खेल और मोहल्ला मीठा शहीद के बीच स्थित इस मार्ग पर मंडावर जाने वाली प्राइवेट बसों का अड्डा है। सड़क के निर्माण के बाद से इस मार्ग पर वाहनों की संख्या में इजाफा हुआ है और रफ्तार बेलगाम हो चुकी है। दुपहिया और चौपहिया वाहनों की अत्यधिक आवाजाही और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी हादसों को जन्म दे रही है।

### उमेर जावेद बने जिला सचिव



**स्योहारा।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह द्वारा जारी की गई सूची में उमेर जावेद का नाम शामिल किया गया। जिसे लेकर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। नव नियुक्त जिला सचिव उमेर जावेद ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन पर जो भरोसा जताया है उसे वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने वर्तमान सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज सत्ता में बैठे लोग गरीबों का शोषण कर रहे हैं और अपने पद का दुरुपयोग कर जनता के साथ अन्याय कर रहे हैं। स्योहारा पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उमेर जावेद का फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर आर्यन, जावेद, नावेद अहमद, बंटी कुमार, नरेंद्र कुमार, सलीम अहमद, शकील अहमद, आदिल अहमद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मध्यस्थता अभियान को सफल बनाएं

**बिजनौर।** सचिव/अपर जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रेय शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली के तत्वावधान में एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता 30 सितम्बर तक राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान का आयोजन किया जायेगा। जिसकी भव्य सफलता के लिए जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर संजय कुमार VII द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण के साथ एक बैठक आहूत की गयी। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने सभी न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित दिए कि न्यायालयों में लम्बित ऐसे वाद जिनमें मध्यस्थता संभव हो सके, उनको अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संदर्भित करना सुनिश्चित करें। मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद, दुर्घटना के दावे, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, सम्पत्ति के बटवारे, बेदखली से सम्बन्धित मामले, भूमि अधिग्रहण एवं अन्य उपयुक्त दीवाने मामले को चिन्हित कर उनका निस्तारण किया जाना है। उन्होंने बताया कि आम जनमानस उक्त अभियान का लाभ उठाकर संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर अपने मामले को चिन्हित कर मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारण करवा सकते है।?

# खैर की लकड़ी से भरा पिकअप पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** वन विभाग की टीम ने लाखों रुपए लागत की प्रतिबंध खैर की लकड़ी से भरे पिकअप को चालक सहित हिरासत में लेकर कार्रवाई करने की बात कही है। अमानगढ़ वन क्षेत्र व रामगंगा पार से प्रतिबंध सहित कीमती लकड़ी को वन तस्करों द्वारा दिन दहाड़े काटकर चोरी किया जा रहा है। सूत्रों की माने तो वन माफियाओं के तार सत्ता पक्ष के लोगों से जुड़े हैं।

थाना क्षेत्र के ग्राम कासमपुर गढ़ी के मौहल्ला चिंतावाला में सोमवार की देर शाम मुखबिर की सूचना पर वन क्षेत्र अधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने अपने हमराह वन कर्मियों सहित लाखों रुपए लागत की प्रतिबंधित खैर की लकड़ी से भरा पिकअप संख्या यूपी 20 टी 0481 को चालक सहित हिरासत में लेकर वानिकी विभाग चौकी रेहड़ ले गए। मीडिया कर्मियों के पहुंचते ही वन विभाग कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। सूत्रों की माने तो उक्त मामले में पर्दे के पीछे से बड़ी डील होने की संभावना व्यक्त की जा रही थी। अमानगढ़ वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर ने बताया कि उक्त पिकअप में खैर की प्रतिबंध लकड़ी भरी है। जिसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# सिलेंडर में आग लगने से दंपति झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** कश्मीर में रहने के दौरान खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लगने से दंपति बुरी तरह से झुलस गए थे। उपचार के दौरान महिला की मौत होने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोगों ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं चाही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर के मौहल्ला हाथी वाला मंदिर निवासी समीर की शादी नहटौर के ही मौहल्ला पंचायती मंदिर निवासी नौशावा से हुई थी। समीर कश्मीर में पिलंबर का काम करता था। वह अपनी पत्नी नौशाबा को भी अपने साथ ले गया था। बताया जाता है करीब एक माह पूर्व खाना बनाते समय सिलेंडर में आग लगने के दौरान नौशावा व उसका पति समीर बुरी तरह से आग में झुलस गए थे। नौशावा को उपचार के लिए नहटौर लाया गया था। मुजफ्फरनगर के गंदासपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उसे घर नहटौर ले आए थे। सोमवार को अचानक उसकी तबीयत खराब होने पर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया था। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। समीर की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

# फर्जी मुकदमें वापस लेने की मांग

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग के नेतृव में महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी बिजनौर को दिया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि बिजनौर कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमति हैनरीता राजीव सिंह एवं पूर्व सांसद पूर्व मंत्री श्रीमति ओमवती देवी मौजूद रही। कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कार्यालय बिजनौर से शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग के नेतृव में जुलूस की शक्ल में इकट्ठा होकर नारेबाजी करते हुए हाथों में कांग्रेस के झंडे लेकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और निम्न मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित मांग पत्र जिलाधिकारी बिजनौर को सौंपा।

ज्ञापन में कांग्रेसजनों ने महामहीम राज्यपाल को अवगत कराते हुए कहा कि जनपद वाराणसी की ओर आकर्षित करते हुए। अवगत कराना कि वाराणसी का सनातन धर्म में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। यह ऐसा पवित्र स्थान है, जो प्रदेश में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण देशवासियों के आस्था व विश्वास का प्रतीक है। काशी जैसे धार्मिक मान्यता वाले शहर में आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। सामान्य दिनों को छोड़िये सावन के इस पवित्र मास में भी श्रद्धालुओं की सुविधा का कोई इंतेजाम नहीं किया गया है। भाजपा की डबल इंजन सरकार फर्जी विकास का ढिंढोरा पिटती है और सिर्फ लुभावने नारे तक सीमित है। जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता की तकलीफों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित कराने पर दमनात्मक कार्यवाही की जा रही है और फर्जी मुकदमा दर्ज करवाकर लोकतंत्र को कुचलने का काम किया जा रहा है। जिसका ताजा उदाहरण 10 जुलाई 2025 को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के नेतृव में वाराणसी के जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित 10 कांग्रेसजनों के खिलाफ दर्ज कराया गया। फर्जी मुकदमा है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार के इस अन्यायपूर्ण और अलोकतांत्रिक कार्यवाही का प्रतिकार करती है। हम शहर कांग्रेस कमेटी बिजनौर के कार्यकर्ता इसकी घोर निंदा करते है। जनप्रतिनिधियों का एक प्रमुख कार्य जनता की परेशानियों की और सरकार का ध्यान आकर्षित कराकर उससे निजात दिलाना है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ वाराणसी के जिला व शहर अध्यक्ष सहित तमाम कांग्रेसजनों ने वाराणसी में जल भराव, ध्वस्त सीवर, पीड़ित दुकानदार, रोपवे जाम से परेशान जनता, कांवड़ यात्रियों की समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार का ध्यान आकर्षित करने हेतु पद यात्रा निकाल रहे थे, जिस पर प्रदेश सरकार के इशारे पर वाराणसी के सिगरा थाने में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री सहित 10 कांग्रेसजनों पर मुक. दमा दर्ज कराया गया है। प्रदेश सरकार की संवैधानिक मुखिया होने के नाते हम सभी कांग्रेसजन आप से मांग करते है आप अविलम्ब अपने स्तर से हस्तक्षेप करते हुए 10 जुलाई को वाराणसी के सिगरा थाने में दर्ज मुकदमे को रद्द कराने हेतु प्रदेश सरकार को निर्देशित करने की कृपा करें एवं श्रावण माह में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु समुचित व्यवस्था कराने का भी निर्देश जारी करने की कृपा करें।

इस अवसर पर हैनरीता, राजीव सिंह जिलाध्यक्ष, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, पूर्व मंत्री श्रीमति ओमवती देवी, जिला उपाध्यक्ष विक्रम सिंह एड., पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुनीश त्यागी, वरिष्ठ नेता नीरज चौधरी, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नजाकत अलवी, जिला महासचिव मीनू गोयल, अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वसीम अकरम, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौतम सिसौदिया, छात्र संगठन के जिलाध्यक्ष शीतल चौहान, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नहटौर श्रीमती मीनाक्षी सिंह, अब्दुल समद आजद, अनिल त्यागी, इकबाल अहमद ठेकेदार, अनिल कुमार, मौहम्मद रफत झालू, मुकीम अहमद, मौहम्मद खालिद, नदीम फरीदी, मौहम्मद हनीफ, जफर हसनैन, मुकीम अहमद झालू, गुलसिताब अहमद एड., गुलशन कुमार, अनूप सिंह, सरफराज अहमद सलमानी, मलिक महमूद, अजहर मंसुरी, इमराना कुरैशी, नदिमुद्दीन, समीर अहमद एड., फहद अली खां, मौहम्मद आसिफ कुरैशी, काजी आतिफ, अयान जावेद, साजिद, अश्मित भारद्वाज, सुहेल पाशा, अफजल कादरी, हसन जैदी, मुकिम अहमद आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# कार की चपेट में आकर छात्र की मौत

## कार चालक हिरासत में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** एक दर्दनाक हादसा हुआ जब स्कूल जाते समय एक छात्र कार की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल छात्र को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन परिजन उसे निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह हुई जब गांव नूरपुर छिबरी निवासी शैफान पुत्र शहजाद (8 वर्ष) अपने भाई के साथ स्कूल जाने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान हरेवली से धामपुर की ओर जा रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। कार सवार दो महिलाएं भी घायल हो गईं, जिनमें से एक को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर भेजा गया है। पुलिस ने आरोपी कार चालक को हिरासत में ले लिया है और छात्र के पिता की तहरीर पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छात्र की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा गया।

# सड़क निर्माण की जांच को पहुंचे एसडीएम

## देवता की आराजी में बनाई जा रही सड़क पर आपत्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** ग्राम देवता की भूमि पर बनाई जा रही सड़क की जांच को एसडीएम नजीबाबाद पहुंचे। एसडीएम की जांच के बाद भी सड़क निर्माण को हरी झंडी नहीं मिल सकी, जिससे सड़क का निर्माण अधर में लटक गया।

नजीबाबाद विकास खंड के गांव शहजादपुर में प्राचीन ग्राम देवता के समीप पंचायत निधि से सड़क का निर्माण किया जा रहा है। गांव निवासी सत्यपाल सिंह का आरोप है यह सड़क ग्राम देवता की भूमि पर बनाई जा रही है, जिसकी शिकायत सत्यपाल सिंह ने एसडीएम नजीबाबाद से की थी। शिकायत के बाद शनिवार को नायब तहसीलदार अमित कुमार अपनी टीम के साथ जांच को पहुंचे थे। टीम ने उक्त निर्माणाधीन सड़क की पैमाईश की। पैमाईश के बाद सड़क निर्माण को ग्राम देवता की आराजी में होना पाया था और उक्त सड़क के निर्माण पर रोक लगा दी थी। वहीं इस मामले में ग्राम पंचायत उक्त सड़क के निर्माण को जनहित में कराना चाहती है। जिसके कारण यह सड़क निर्माण दो पक्षों के बीच नाक का सवाल बन गया है। एक पक्ष सड़क निर्माण के पक्ष में है। वहीं दूसरा पक्ष सड़क निर्माण किए जाने के पक्ष में नहीं है। इसी विवाद को देखते हुए सोमवार को उपजिलाधिकारी नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार, हल्का लेखपाल मौके पर पहुंचे और विवादित सड़क निर्माण के बारे शिकायतकर्ता और ग्रामीणों से जानकारी की, लेकिन एसडीएम की जांच के बाद उक्त सड़क निर्माण को हरी झंडी नहीं मिल सकी है। जिस कारण इस सड़क का निर्माण अधर में लटक गया। वहीं शिकायतकर्ता सत्यपाल सिंह का कहना है कि उक्त सड़क ग्राम देवता की भूमि की बजाए ग्राम पंचायत की भूमि में बनाई जाए।

# खो बैराज पर बाइकों की टक्कर में युवक घायल

## घायल को कराया अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खो-बैराज पुल पर शनिवार को दो बाइक की टक्कर में एक युवक घायल हो गया। घायल युवक अनुज पुत्र दलवीर सिंह निवासी चाकरपुर उमरी का रहने वाला है। अनुज अपने दोस्त मुकेश कुमार पुत्र चंद्रपाल निवासी गांव पाइंदापुर थाना सहसपुर के साथ अपने मामा के घर मंधोरा से मिलकर वापस अपने घर जा रहा था।

बताया जाता है कि जब उनकी बाइक खो-बैराज पुल पर पहुँची तो पीछे से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे अनुज घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। राहगीरों की मदद से अनुज को शेरकोट के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक का बढ़ा प्रचलन

## नागरिकों ने की रोक लगाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर में सिंगल यूज प्लास्टिक पन्नी का इस्तेमाल बढ़ने से इसका प्रचलन बढ़ा है। वहीं जानकार बताते है कि सिटी में इस कारोबार के गोदाम अटे पड़े है और जमकर पन्नी बाजारों में सप्लाई हो रही है। सब्जी से लेकर हर सामान अधिकांश प्लास्टिक की पन्नी अथवा प्लास्टिक बैगो में रखकर दिया जा रहा है।

जानकार बताते है कि सिंगल यूज प्लास्टिक पन्नी के गोदाम भरे पड़े है, मगर कोई इन्हें पकड़ने वाला नहीं दिखाई दे पा रहा है। पिछले दिनों नगर पालिका द्वारा अभियान चलाया गया था, मगर पुन: इस कारोबार ने पैर पसार लिये। इस पन्नी का चांदपुर में सर्वाधिक प्रयोग फड़ व ठेले वाले और अधिकांश दुकानदार सामान रखने में कर रहे है। बरसात के मौसम में यही प्लास्टिक की पन्नियां नाले नालियों में अटने के बाद पानी को ब्रेक लगा देती है, इनसे वायु प्रदूषण बढ़ता है। इसके प्रयोग से मानव जीवन बुरी तरह प्रभावित होता है, प्लास्टिक पन्नी और प्लास्टिक की बोतल के उपयोग से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर इसका बुरा प्रभाव पड़ता है और यह हानिकारक होती है। इसके बारे मे बताया गया है कि सिंगल यूज प्लास्टिक की पन्नी की थैली भूमि और जल प्रदूषण का भी कारण बनती है। प्लास्टिक कचरा मानव जीवन के लिये ही नहीं बल्कि जानवरों के लिये भी बेहद हानिकारक होता है। इनके प्रयोग के बाद इनके जलाने पर इनसे निकलने वाले जहरीले रसायन बेहद हानिकारक होते हैं जो मानव जीवन के लिये ही नहीं बल्कि वायु में जहर घोलने का काम करते है। इन रसायनो से कैंसर होने का खतरा बना रहता है। साथ ही हार्मोनल असंतुलित और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को पैदा करते है। प्लास्टिक की पन्नी सबसे ज्यादा नकारात्मक है।

प्लास्टिक की पन्नी हो या फिर प्लास्टिक की बोतल मानव जीवन मे सिर्फ जहर घोलने का काम करती है, इनके इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगना जरूरी है। चांदपुर में आजकल सबसे ज्यादा प्लास्टिक पन्नी का थोक कारोबार चल रहा है। नागरिकों ने नगर पालिका और तहसील प्रशासन से इस ओर ध्यान देने औरर इसके बाजारों में प्रचलन पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की है।

# जनपद स्तरीय जूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता

## विजेताओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय जूनियर ताइक्वांडो बालक प्रतियोगिता का उद्घाटन व समापन कौशलेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी व डॉ. कृष्णाकांत राहुल उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा किया गया।

समापन समारोह में कौशलेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करती हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी कर सकते हैं। राजकुमार जिला क्रीड़ाधिकारी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ये न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि आत्मअनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क जैसी गुणों को भी विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि जिला क्रीड़ा विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है ताकि छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और उच्च स्तर पर चयनित होने के अवसर मिल सकें। हिमांशु सहायक जिला खेल कार्यालय ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जो खिलाड़ी इस स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, उनके लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के रास्ते खुलते हैं। साथ ही उन्होंने सभी प्रशिक्षकों और शारीरिक शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। जिन्होंने खिलाड़ियों को तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपरोक्त प्रतियोगिता में राजू राजपूत, सचिव जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है। उन्हें सही मार्गदर्शन, मंच और निरंतर प्रशिक्षण की। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो सहित सभी खेलों को समान अवसर व महत्व मिलना चाहिए, जिससे खिलाड़ियों को बहुआयामी विकास का अवसर मिले। राजू राजपूत ने कहा कि जिला क्रीड़ा विभाग द्वारा इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन सराहनीय पहल है, जो खिलाड़ियों में आत्मविश्वास बढ़ाता है।

ताइक्वांडो खेल में कैडेट वर्ग में अण्डर-33 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर सुरित, द्वितीय स्थान पर कुंजन व तृतीय स्थान पर याहिया रहें। कैडेट वर्ग में अण्डर-37 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर निशान्त राजपूत, द्वितीय स्थान पर रजत सिंह व तृतीय स्थान पर मौहम्मद रफाई रहें। कैडेट वर्ग में अण्डर-41 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर शिवा सिंह, द्वितीय स्थान पर अक्ष व तृतीय स्थान पर हम्माद रहें।

कैडेट वर्ग में अण्डर-49 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर शौर्या, द्वितीय स्थान पर देव व तृतीय स्थान पर सामाद खान रहें। कैडेट वर्ग में अण्डर-57 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर देव राजपूत, द्वितीय स्थान पर अर्श उस्मानी व तृतीय स्थान पर हमजा अंसारी रहें। कैडेट वर्ग में अण्डर-65 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर मौहम्मद उमर, द्वितीय स्थान पर वैदांश व तृतीय स्थान पर फैज अंसारी रहें। जूनियर वर्ग में अण्डर-45 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर आयुष, द्वितीय स्थान पर अनिकेत व तृतीय स्थान पर मंयक बाबू रहें। जूनियर वर्ग में अण्डर-48 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर अभय, द्वितीय स्थान पर अंश व तृतीय स्थान पर यश सैनी रहें। जूनियर वर्ग में अण्डर-59 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर जतिन, द्वितीय स्थान पर नितिन व तृतीय स्थान पर उत्कर्ष रहें। जूनियर वर्ग में अण्डर-78 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर रितिक, द्वितीय स्थान पर मौहम्मद मुजीब व तृतीय स्थान पर हुजैफ रहें।

इस अवसर पर राजकुमार जिला क्रीड़ाधिकारी, हिमांशु सहायक जिला खेल कार्यालय बिजनौर, राजू राजपूत सचिव जिला बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन, निर्णायक मण्डल चमन सैनी, नसीम अहमद, जीवन सिंह, वंशिका, खुशी, आरिफ, स्टेडियम स्टाफ शबाब आलम, फिरोज खान, शुभम तोमर, जितेन्द्र कुमार, विशाल कुमार उपस्थित रहे।

# कार में आग लगने से हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**अफजलगढ़।** घर के सामने खड़ी ईक्को कार में अचानक ही अज्ञात कारणों से लगी आग से मौहल्ले सहित ग्राम में हड़कंप मच गया। चौकी इंचार्ज की अगवानी में एक पुलिसकर्मी ने पड़ोसियों के सहयोग से जान पर खेल कर आग पर काबू पाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार रविवार को समीपवर्ती ग्राम मानियावाला स्थित मौहल्ला कुरैशियान निवासी मौहम्मद मो. हसिन कुरैशी पुत्र अब्दुल वहीद की ईक्को कार घर के पास खड़ी थी कि अचानक ही अज्ञात कारणों से कार में आग लग गई। देखते ही देखते कार धूं धूं कर जलने लगी और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कार में रखें सीएनजी गैस सिलेंडर फट जाने के भय से आसपास के घरों में भगदड़ मच गई एंव ग्राम में कोहराम मच गया। सैकड़ों की संख्या में लोग घटनास्थल की तरफ दौड़ पड़े। प्रधान पति तसव्वर कुरैशी द्वारा दी गई सूचना पर तत्काल पुलिस चौकी कासमपुर गढ़ी प्रभारी एसआई प्रमोद कुमार व आरक्षी सुरेश कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच गए। चौकी प्रभारी प्रमोद कुमार की अगवानी में कांस्टेबल सुरेश कुमार सिंह ने जान पर खेलकर ग्रामीणों मौहम्मद माहसिन, मौहम्मद दानिश, नईम अहमद कुरैशी, सलीम अहमद, मुकीम अहमद आदि के साथ आग पर काबू पाया।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि तुरंत ही आग पर काबू न पाया जाता, तो गाड़ी में रखा सीएनजी गैस सिलेंडर फट जाता, तो एक बड़ी घटना हो सकती थी।

# भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत के पिता का निधन

## आज होने वाली बैठक स्थगित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) किरतपुर ब्लॉक अध्यक्ष अरविन्द राजपूत के पिता महिपाल सिंह का बीमारी के चलते निधन हो गया। वह एक मिलनसार, खुशमिजाज एवं सभी से स्नेहपूर्वक व्यवहार करने वाले व्यक्तित्व के धनी थे। उनके स्वर्गवास से न केवल उनके परिवार में, बल्कि पूरे किसान यूनियन संगठन में शोक की लहर दौड़ गई है।

परिजनों के अनुसार महिपाल सिंह सभी छोटे-बड़ों से प्रेमपूर्वक व्यवहार करते थे और समाज में उनकी एक सादगीपूर्ण छवि थी। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे तथा शोक संतप्त परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति दे। शोकाकुल परिस्थिति को देखते हुए 15 जुलाई को प्रस्तावित भाकियू किरतपुर ब्लॉक की बैठक स्थगित कर दी गई है। बैठक की अगली तिथि शीघ्र ही घोषित की जाएगी।

# भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़ेंगे बच्चे

## धामपुर में शुरू हुई पहली संस्कारशाला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन की पहल पर नगर की स्टेट बैंक कॉलोनी में एक नई सामाजिक पहल की शुरुआत हुई है। संगठन के संरक्षण में पहली संस्कारशाला का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, पारिवा. रिक मूल्यों और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक करना है।

संस्कारशाला में पहले ही दिन सैनी समाज के कई परिवारों के बच्चों ने हिस्सा लिया और भारतीय परंपरा, नैतिक शिक्षा और संस्कृति पर आधारित गतिविधियों में भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन संगठन के संस्थापक सूर्यवंशी शिवम सैनी के मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने बताया कि यह संस्कारशाला बच्चों को न केवल शिक्षा, बल्कि संस्कारों से भी जोड़ने का माध्यम बनेगी। उनका मानना है कि नवपीढ़ी को अपने संस्कारों से जोड़ना समय की जरूरत है, ताकि वह अच्छे नागरिक के रूप में समाज और देश की सेवा कर सकें। इस अवसर पर सुमित सैनी, प्रशांत सैनी, बबलू सैनी सहित कई समाजसेवियों ने भी विचार व्यक्त किए और संस्कारशाला के उद्देश्यों को सार्थक बनाने हेतु अपने सहयोग की घोषणा की।

# रवा क्षत्राणी संघ का तीज मिलन समारोह

## तीज क्वीन श्रीमती संगीता राजपूत व तीज गर्ल हिमांक्षी राजपूत को चुना गया





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रवा राजपूत क्षत्राणी संघ द्वारा हरियाली तीज मिलन समारोह का आयोजन हॉट एन स्पाईसी रेस्टोरेंट मण्डावर रोड बिजनौर पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती विनीता राजपूत एवं संचालन श्रीमती अर्चना राजपूत ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती चक्रिता राजपूत व श्रीमती सुरेखा राजपूत उपस्थित रही।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षा श्रीमती विनीता राजपूत ने कहा कि तीज मिलन उत्सव रवा राजपूत क्षत्राणी संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष तीज का पावन त्यौहार के अवसर पर हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाता है। यह पूरा कार्यक्रम महिलाएं आत्मनिर्भर रूप से स्वयं आयोजित करती है। इस प्रकार के उत्सवों के आयोजनों से समाज को जोड़ने एवं महिलाओं को आगे बढ़ने और नेतृत्व करने का अवसर प्रदान करते है। समाज को अवगत कराते है कि महिलाएं स्वतंत्र रूप से प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी रूप से कार्य कर रही है। हमारा समाज एकजुटता की ओर अग्रसर होता है। इन आयोजनों से हम अपनी परम्परागत सांस्कृतिक विरासत व परम्पराओं को आने वाली पीढ़ी को अवगत कराते हुए उनको सौंपते है।

तीज क्वीन श्रीमती संगीता राजपूत व तीज गर्ल हिमांक्षी राजपूत को चुना गया। दोनों को ताज व फूलमाला पहना कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पंक्चुअलिटी के लिए श्रीमती सुनीता राजपूत को चुना गया एवं भाग्यशाली महिला श्रीमती दीपा राजपूत गेम्स् में श्रीमती प्रीति, कु. गहना राजपूत प्रथम स्थान व रानी राजपूत व कु. चार्वी राजपूत द्वितीय स्थान पर रही। इन सभी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों व महिलाओं ने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को भव्यरूप व सफलतापूर्वक आयोजन कराने के लिए श्रीमती सुरेखा राजपूत, श्रीमती चक्रिता राजपूत, श्रीमती अर्चना राजपूत व श्रीमती विनीता राजपूत का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर श्रीमति अनुराधा राजपूत, श्रीमती सुनीता राजपूत, श्रीमती मनीषा राजपूत, श्रीमती माही राजपूत, श्रीमती संध्या राजपूत, नमिता राजपूत, संगीता राजपूत, कमलेश्वरी राजपूत, रीता राजपूत, अमिता राजपूत, हिमांक्षी राजपूत, किरन राजपूत, भूमिका राजपूत, प्राची राजपूत, रानी राजपूत, नीलिमा राजपूत, प्रज्ञा राजपूत, संगीता राजपूत, चारू राजपूत, प्रीति राजपूत, स्वाती राजपूत, दीपा राजपूत, वंशिका राजपूत, दिनेश राजपूत, हिमानी राजपूत, सुधा राजपूत, रिया राजपूत आदि उपस्थित रही।

# दो साल बाद भी नहीं बने अंडरपास और ओवरब्रिज



## भाकियू ने जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर रेल मार्ग पर प्रस्तावित अंडरपास और ओवरब्रिज का निर्माण अब तक शुरू नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय जनता में गहरा रोष है। बता दें कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गेट संख्या 456बी (शुगर मिल रोड), 457बी और 458बी पर अंडरपास और ओवरब्रिज बनवाने की घोषणा की थी, लेकिन दो वर्ष बीतने के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है।

भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने इसे जनहित से जुड़ा मामला बताते हुए रेल मंत्री को ज्ञापन भेजा है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो संगठन सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार की होगी।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, ब्लॉक अध्यक्ष अजय राजपूत, तहसील महासचिव सुनील प्रधान, न्याय पंचायत अध्यक्ष सुरेश कुमार, दिनेश कुमार, महेश कुमार, कुशल पाल सिंह, बलराम सिंह, भानु प्रताप सिंह, प्रवीण सिंह, चंद्रदीप देवरा, महावीर सिंह, धनवीर सिंह, तरुण कुमार आदि शामिल रहे।

# डीजे वाहन रोकने पर कांवड़ियों ने किया हंगामा

## दारोगा पर कांवड़ियों को खींचने का आरोप, पुलिस अधिकारियों व भाजपा नेता के समझाने पर हुए शांत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कांवड़ियों के हंगामे की सूचना पर अधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन फानन में अधिकारियों ने पहुंचकर समझाया। कांवड़ चढ़ाकर कांवड़ियों ने लगभग एक घंटे तक हंगामा कर नारेबाजी की।

अधिकारियों के जांच कर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद कांवड़िये शांत होकर अपने घरों को रवाना हुए। थाना नखासा क्षेत्र के गांव कुरकावली में डयूटी पर तैनात उपनिरीक्षक ने डीजे रखे वाहन रोक लिया। इससे कांवड़ियों में रोष फैल गया। गुस्साय कांवड़ियों ने उन्हे खीचने और डाक कांवड़ को खंडित करने का आरोप लगाया। कांवड़ियों ने डीजे वाहन को वहीं छोड़ दिया और कांवड़ लेकर





**कांवड़ियों को समझाते भाजपा नेता व कोतवाल, हंगामे की सूचना पर आते पुलिस प्रशासनिक अधिकारी**

सूर्यकुंड मंदिरपर पहुंचकर कांवड़ चढ़ाकर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाकर सड़क पर हंगामा करना शुरु करना चाहा,लेकिन पुलिस ने उन्हे सड़क पर आने से रोक दिया। हंगामे की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) राजेश कुमार श्रीवास्तव, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार भाटी, सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार, एसडीएम विकास चंद्र, सीओ असमोली कुलदीप सिंह तथा भाजपा के पश्चिमी प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंघल आ गए। उन्होने आक्रोशित कांवड़ियों को समझाने का प्रयास किया। लगभग एक घंटे तक मान मनौव्वल व मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आशवा. सन देकर उन्हे शांत किया।

# बिना पंजीकरण के हो रहा है अस्थि रोग अस्पताल का संचालन

● **तीन साल से बिना पंजीकरण के हो रहा संचालित कई बार हो चुका है हंगामा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जायज़ हो या नाजायज़ गरीब लोगों की जेब काटकर हर तरीके से कमाओ। यह खेल कुकुर मुत्तों की तरह अवैध रूप से खुले क्लीनिक और अस्पतालों में जारी है।

बिना किसी पंजीकरण के चल रहे कई अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग के अफसर की कृपा दृष्टि बनी हुई है। नगर भर में इस समय कई अस्पताल संचालित हैं। इनमें कुछ को छोड़कर बाकी अस्पतालों पर कोई भी चिकित्सक नहीं हैं, बल्कि इनका संचालन नौसिखिये और झोलाछाप कर मोटा माल बटोरकर रोगियों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं।

हैरत की बात तो यह है कि कुछ अस्पतालों पर डिग्री होल्डर चिकित्सक के कागज लगाकर पंजीकरण करा लिए गए हैं, लेकिन डिग्रियां देकर फिर दिखायी नहीं देते हैं जबकि इस अस्पतालों में रोजाना रोगियों की भीड़ को झोलाछाप इलाज कर ड्रिप और मेंहगी दवाएं देकर उनके स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। मुरादाबाद मार्ग पर एक अस्थि रोग विशेषज्ञ के बारे में चर्चा है कि उसका तीन साल से अस्पताल का कोई पंजीकरण स्वास्थ्य विभाग की और से किया ही नहीं गया है,लेकिन इसके बावजूद अस्पताल का संचालन बिना किसी खौफ के अस्थि रोग चिकित्सक कर रहा है। हालांकि इस अस्पताल पर कई बार गलत आप्रेशन और गलत उपचार करने से रोगी के हाथ पांव कटने की नौबत आने पर हंगामा भी हो चुका है, किन्तु बात आयी और गयी हो जाती है। चर्चा है कि तीन साल से बिना किसी पंजीकरण के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालयों के निकट अस्पताल का संचालन कर रहा है। जबकि जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया अवैध और बिना पंजीकरण के अस्पताल संचालन पर गहरी नारा. जगी भी प्रकट कर चुके हैं इसके अलावा स्वास्थ्य समीक्षा बैठक के दौरान एक नोडल अधिकारी को हटाने का सीएमओ का आदेश भी चुके हैं।

# पंचायत में अधिकारियों को बुलाने की मांग को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** भाकियू बी आर एस एस के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौपकर पंचायत में अधिकारियों को बुलाने की मांग की।

भारत राष्ट्रीय सेवक संघ के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओ ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलैक्टर सौरभ पांडेय को सौंपा। इस दौरान जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि भ्रष्टाचार समाप्त कराने, पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाने एवं किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 22 जुलाई मंगलवार को अपर जिलाधिकारी न्यायालय परिसर सम्भल में दोपहर 12:00 बजे से किसान पंचायत का आयोजन किया जाएगा। पंचायत में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा जाएगा। ज्ञापन में कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान को संबंधित विभागों से उपजिलाधिकारी



सम्भल, तहसीलदार सम्भल, आपूर्ति निरीक्षक, खंड विकास अधिकारी सम्भल, चिकित्सा अधीक्षक सम्भल, एस डी ओ जल मिशन आदि अधिकारी दोपहर 2 बजे तक पंचायत में उपस्थित हों अन्यथा संगठन आगामी निर्णय लेकर अनिश्चितकालीन धरने एवं आंदोलन को विवश होगा। जिसकी पूर्णत: जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की की होगी।

## बोलेरो की टक्कर में बुआ की मौत, भतीजे की हालत गम्भीर

**बबराला।** बुलेरो ने बाइक सवार बुआ भतीजे को टक्कर मार दी। हादसे में बुआ की मौत हो गयी जबि भतीजे की हालत गम्भीर बनी हुई है। जुनावई थाना क्षेत्र के ग्राम काशीपुर निवासी दिनेश पुत्र सरदार अपनी बुआ पानवती पत्नी जालिम सिंह निवासी ग्राम फैजपुर थाना रजपुरा को अपनी बाइक पर बैठाकर ला रहा था। बाइक सवार बुआ भतीजे दिल्ली-बदायूँ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सैंजना मुस्लिम गांव के निकट पहुंचे तभी तेज गति में आ रही बुलेरो पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पानवती और दिनेश गम्भीर रूप से घायल हो गए।

# पृथ्वी को हरा-भरा रखने को पौधारोपण करना ज़रूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वन महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण कर ग्लोबल वार्मिंग को दूर करने के लिए पौधे लगाने और प्रथ्वी का हरा-भरा रखने को प्रेरित किया। के माजरा स्थित आम पब्लिक स्कूल में आयोजित पौद्यारोपण कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि पृथ्वी को हरा भरा रखने हेतु पौधों का लगाया जाना बहुत ज्यादा जरूरी है। प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक ने पौधारोपण कार्यक्रम आयोजन के बाद छात्र छात्राओं को किया अधिक से अधिक वृक्ष लगाए जाने हेतु प्रेरित करते हुए कहा कि पृथ्वी पर लगाता बढ़ते जनाधिक्य और वृक्षों




**रामनगर मजरा आम पब्लिक स्कूल में पौधारोपण करते बच्चे व प्रधानाचार्य।**

की कमी से बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग को दूर करने हेतु पौधारोपण किया जाना अत्यंत आवश्यक है जिससे पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण को कम किया जा सके और पृथ्वी को हरा भरा रखा जा सके। पौधारोपण कार्यक्रम के बाद में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

इसमें मोहम्मद रैयान, शिल्पी, आलिश, मानसी, अक्षित, अलायरा, निमरा, खुशी आदि शामिल रहे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के साथ पूर्व विधायक बलराम सिंह सैनी, प्रधानाचार्य शाह आलम रौनक, अभिनव सैनी, प्रीति चतुर्वेदी, सुखविंदर कौर, मोहम्मद दानिश, ज्योति सैनी, ईशा परवीन, कशिश, नीतू, इकरार अहमद, रितिका, राशि, इंशा, एमन, पूजा गौतम, आफरीन, ईशा परवीन, शिवानी एवं शगुन, रश्मि, पूजा आदि सम्मिलित रहे। पौधारोपण कार्यक्रम ईशा परवीन की देखरेख में हुआ।

# मंदिरों शिवालयों पर रही बम-बम भोले की गूंज

## सावन माह के पहले सोमवार पर भक्तों ने किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल/बबराला।** श्रावण मास के पहले सोमवार को मंदिरों पर श्रृद्वालुओं की भारी भीड़ रही। भक्तों ने शिवजी का जलाभिषेक किया। मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था काफी कड़ी रही जबकि मंदिर पहु. चने श्रृद्वालुओं ने कतार बद्व लाइन लगकर भगवान शिव के दर्शन किये।

सावन माह के पहले सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक करने को सुबह से ही श्रृद्वालुओं का मंदिर पहुंचना प्रारम्भ हो गया था। परिवार सहित शिवालयों पर पहुंचे भोले के भक्तों ने कतारबद्व लाइन में खडे होकर भगवान शिव के दर्शन किये और जलाभिषेक किया। नगर के सूर्यकुंड तीर्थ मंदिर, पातालेश्वर महादेव मंदिर के अलावा अन्य छोटे बड़े मंदिरों में श्रृद्वालुओं ने शिव जी का जलाभिषेक किया। बबराला



**सम्भल। पातालेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।**

नगर के शिव मंदिर व खेड़ा मंदिर पर श्रृद्वालुओं ने शिवजी का जलाभिषेक किया। शिव मंदिर में पंडित ब्रजेश शास्त्री ने बताया कि श्रावण माह में अनेक महत्वपूर्ण त्यौहार मनाये जाते हैं। जिनमें हरियाली तीज, रक्षाबंधन, नागपं. चमी आदि प्रमुख हैं। इस माह में भगवान शिव की अराधना का विशेष महत्व है। जबकि इस माह पड़ने वाले सोमवार सावन के साम. वार कहे जाते हैं।

इसमें व्रत रखे जाते हैं। सावन माह के बारे में सनत कुमारों ने भगवान शिव से यह महीना प्रिय होना कारण पूछा तो उन्होने बताया कि जब देवी सती ने अपने पिता दक्ष के यहां शरीर त्यागी उससे पहले उन्होने शिव को हर जन्म में पति के रूप में पाने का प्रण किया। दूसरे जन्म में देवी सती ने पार्वती ने सावन में व्रत रखकर शिव को पति के रूप में पाया। सावन माह में समुद्र मंथन, के समय शिव जी ने विष पिया था। विष के प्रभाव को कम करने के लिए देवी-देवताओं ने उन्हे जल अर्पित किया। इसलिए शिवलिंग पर जल चढ़ाने का खास महत्व है। इसके करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

## गय्यूर अहमद बने नोटरी पब्लिक



**सम्भल।** भारत सरकार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष को नोटरी पब्लिक बनाया गया है। उनके नोटरी पब्लिक बनने साथी अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल है। नगर के मौहल्ला डूंगर सराय कम्बोहान मस्जिद के निकट निवासी गय्यूर अहमदद वरिष्ठ अधिवक्ता व बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हैं। उनको केन्द्र सरकार की ओर से नोटरी पब्लिक नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ अधिवक्ता को नोटरी पब्लिक का दायित्व मिलने पर उनके साथी अधिवक्ताओं और शुभ चिंतकों में हर्ष का माहौल है और बधाइयां देने वालों का तांता लगा है।

# प्रदेश सरकार बदले की भावना से कर रही दमनात्मक कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** वाराणसी में कांग्रेसियों पर मुकदमें दर्ज किये जाने का विरोध तेज हो गया है।

विरोध में कांग्रेसी सड़क पर आ गए है। विरोध में आए कांग्रेसियों ने महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपकर दर्ज किए गए मुकदमे को वापस लेने और बदले की भावना से कार्रवाई को बंद करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की के नेतृत्व महामहिम राज्यपाल के नाम उपजिलाधिकारी विकास चन्द्र को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार फर्जी विकास का ढिंढोरा पीटती रहती है। सिर्फ लोक लुभावने नारे गढ़कर आम जनता को छलने का काम कर रही है। प्रदेश में विकास के नाम पर लूटतंत्र हावी है।



**उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेस के कार्यकर्ता।**

बरसात में सड़कों गडढो में तब्दील हो गयी है, जगह-जगह जलभराव और सीवर जाम की समस्या से जनता त्रस्त है। योगी सरकार भृष्टाचार का पर्याय बनकर रह गयी है। जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता की समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षण कराये जाने पर दमनात्मक कार्यवाही करते हुए फर्जी मुकदमा दर्ज करवाकर विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं की आवाज दबायी जा रही है।

# नगर पंचायत ने कराई विशेष सफाई व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** सावन माह के पहले सोमवार को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।

उधर शांति व्यवस्था के मददेनजर पुलिस भी मुस्तैद रही। नगर पंचायत सिरसी ने सावन माह के पहले सोमवार को कस्बे के गिन्नौरी कहारान महादेव मंदिर चौधरियान के कन्नौजिया के शिव मंदिर सहित सभी मंदि. रों पर विशेष सफाई व्यवस्था के साथ ही मंदिरों के आसपास चूना डलवाया। उधर शांति व्यवस्बिलारी तिराहे पर था बनाये रखने के लिए हमराहियों सहित चौकी प्रभारी मौ. शाह फैसल मौजूद रहे। जहां से यातायात भी डायवर्ट किया गया। इसके अलावा चौकी प्रभारी भ्रमण कर मंदिरों के आसपास की स्थिति पर नजर रखे रहे।

# डीएम ने सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मुख्यमंत्री डैश बोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में सामाजिक वनीकरण पर चर्चा की गयी और आपरेशन कायाकल्प में ग्रेड कम आने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए।

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने आगामी माह जोड़े जाने हेतु फ्लैगशिप के रूप में चिन्हित किए गए अतिरिक्त प्रोजेक्ट तथा प्रदेश में जनपद की रैंक आदि से जिलाधिकारी को अवगत कराया। पं. दीन दयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना पर ड्राप मोर क्राप माइक्रोगेशन योजना तथा खराब ट्रांसफारमर की शिकायतों का निस्तारण, दैनिक विद्युत आपूर्ति, घंटे ग्रामीण पर चर्चा की। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे ग्रामीण को लेकर जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा आगामी माह में जोड़े जाने हेतु "लैगशिप के रूप में चिन्हित किये गये अतिरिद्र प्रोजेक्ट तथा प्रदेश में जनपद की रैंक आदि बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। पं. दीनदयाल उपाधयाय सोलर स्ट्रीट लाइट योजना तथा पीएम सूर्य घर मु"त बिजली योजना, पर ड्रक्क्ष मोर क्रक्क्ष माइक्रोइरीगेशन योजना तथा खराब ट्रांसफार्मर की शिकायतों का निस्तारण, दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे ग्रामीण पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने दैनिक विद्युत आपूर्ति घंटे ग्रामीण को लेकर अधीक्षण अभियंता विद्युत को प्रत्येक माह देखने के निर्देश दिए। जबकि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि पर चर्चा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आर ई डी द्वारा भवन निर्माण को लेकर अधिशासी अभियंता आर ई डी को शीघ्र कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी, 15 वे वित्त आयोग ग्राम पंचायत तथा 5 वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, व्यक्तिगत शौचालय, राज्य योजना पर्यटन, सामाजिक वनीकरण पर चर्चा की गयी। इसके अलावा बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत ग्रेड कम आने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। निराश्रित गोवंश एवं पशु टीकाकरण को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मत्स्य उत्पादन को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 0.2 हेक्टेयर के तालाब चिन्हित करने के निर्देश दिए। बैठक के अन्तर्गत उपायुक्त एन आर एल एम ज्ञान सिंह द्वारा लोकल फार वोकल के अन्तर्गत विकासखण्ड पवांसा के ग्राम रसूलपुर धतरा के चांद स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भुट्टा के छिलकों से तैयार उत्पाद जिलाधिकारी को भेंट किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार जिला कृषि अधिकारी प्रबोध आदि मौजूद रहे।

## सांसद आदित्य यादव आज गुन्नौर में पहुंचेंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** समाजवादी पार्टी के बदायूँ लोकसभा क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव 15जुलाई को अपने संसदीय क्षेत्र बदायूँ आ रहे हैं। इसके अर्न्तगत सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सपा का प्रतिनिधि मंडलके साथ ग्राम हरगोविंदपुर गुन्नौर पहुंचेंगे। विधानसभा गुन्नौर क्षेत्र के ब्लॉक जुनावई निवासी सुखपाल पासी के पुत्र की बारात बुलेरासे से जा रही थी। जो दीवार में टकरा गयी। इसमें दूल्हा समेत आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना की जानकारी व शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। यह जानकारी उनके पीए अनिल गोस्वामी ने दी।

# भूतों की बारात के साथ निकली बाबा महाकाल की शाही सवारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** बाबा महाकाल की शाही सवारी भूतों की बारात के साथ निकाली गई। सवारी का आयोजन देर रात तक चला।

नगर भ्रमण पर निकले महाकाल के दर्शन करने के लिए नगरवासी आतुर दिखायी दिए। आसपास गांव से भी लोग इस आयोजन में शामिल होने के लिए आए। सवारी में शामिल आकृषक झांकियां देखकर हर कोई रोमांचित नजर आया। शाही सवारी के लिए मार्ग को सजाया गया। नगर की वार्ष्णेय धर्मशाला में ढोल ताशा, बैंड बाजे के साथ महाकाल की सवारी प्रारम्भ हुई। पालकी में सवार महादेव की पूजा अर्चना की गयी। शोभायात्रा अपने परम्परागत मार्गो से होते हुए भ्रमण करने के बाद धर्मशाला पर आकर समाप्त हुई।पूरे नगर में कई स्थानों पर सामाजिक संस्था के सदस्यों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।सवारी का आयोजन के दौरान नगर का माहौल धर्ममय हो गया, जबकि सुरक्षा



व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर डिम्पल वार्ष्णेय, संजय वार्ष्णेय, नीरज वार्ष्णेय, सत्यम मिश्रा,आकाश, योगेश गुप्ता, विनय वार्ष्णेय, डा. कैलाश वार्ष्णेय,डा. राहुल यादव, सुनील, रजत, जगत नारायण, गौरव वार्ष्णेय,नितिन गुप्ता, अनिल गुप्ता आदि शामिल रहे।

# रालोद लड़ रही है आमजन की लड़ाई:परणीती

## गुन्नौर पहुंचने पर महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष का किया ज़ोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर कोतवाली के सामने राष्ट्रीय लोकदल के जिला महासचिव खालिद पीरजादा के प्रतिष्ठान पर एक बैठक का आयोजन किया गया।

जिसमें पहली बार नगर में मुख्य अतिथि के पहुंची रूप में राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष परणीती सिंह का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। जबकि बैठक में पहुंची गुन्नौर नगर निवासी फजीला सैफी को जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके साथ साथ नगर के ही आसमां, नसरीन, रवि, रश्मि, फराह समेत




समेत काफी महिलाओं को राष्ट्रीय लोक दल पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परणीती सिंह ने कहा कि आरएलडी बीजेपी पार्टी से गठबंधन में है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व हम सभी कार्यकर्ता पार्टी मजबूती के साथ आमजन लोगों के हित में लड़ाई लड रहे है। लोगों के न्याय में हमेशा खड़े रहेंगे। जिन महिलाओं ने सदस्यता ली है। वह सब पार्टी को मजबूत करने के कार्य करेंगे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शशिबाला ने कहा कि अगर किसी की समस्याओं को लेकर कोई दिक्कत है तो वह संबंधित क्षेत्रीय नेताओं से संपर्क कर अपनी शिकायत संबंधित को दर्ज करा सकता है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष कैसर अब्बास, खालिद पीरजादा हाफिज अहमद, दानिश अली, जूलियस सीजर, वीरेश रूकसार, फराह , रिजवाना, फरजाना, हसीना, मुमताज आदि मौजूद रहे।

# बार के चुनाव में 14 प्रत्याशियों ने कराए नामांकन

## द बार एसोसिएशन एंड लाईब्रेरी के वार्षिक निर्वाचन के लिए एल्डर्स कमेटी और चुनाव समिति ने नामांकन प्रक्रिया बार एसोसिएशन हॉल में कराई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** नामांकन के प्रथम दिन अध्यक्ष पद के लिए आनन्द मोहन गुप्ता ने नामांकन कराया। वहीं महासचिव पद के लिए राजेश कुमार, आशकार हुसैन, राजीव चौधरी, सरमिताभ सिंहा एवं मुख्तयार हुसैन ने अपने दल बल और समर्थकों के साथ जयकारों की गूंज से नामांकन कराये।

कोषाध्यक्ष पद के लिए अजय बंसल, आसिफ सैफी और सीता सैनी, मौहम्मद आमिल ने अपने नामांकन कराये। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद हेतु संजीव कुमार राघव, देशराज शर्मा अवनेश कुमार वर्मा एवं अंजार हुसैन ने नामांकन कराये। कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु लक्ष्मन सिंह, पुनीत चौहान, मौहम्मद सफी और सचिन शर्मा ने नामांकन कराये। संयुक्त सचिव पद के लिए रमा पंत पाण्डेय, मौहम्मद नासिर हुसैन, सलीम अहमद, अरुण शर्मा और मौहम्मद जमशेद ने नामांकन कराये। सदस्य कार्यकारिणी वरिष्ठ पद हेतु सुरेश चन्द्र सागर, चंद्रवीर सिंह, हरिशंकर आर्य, सुरेश सिंह, मौहम्मद इकबाल और जयप्रकाश वर्मा ने नामांकन कराये वहीं सदस्य कार्यकारिणी कनिष्ठ वर्ग हेतु आभास खरे,सोनू सैनी, वीरेश कुमार, इकरार हुसैन, अभिनव भट्ट, ब्रह्मपाल सिंह, ओम वीर सिंह खागी, मौहम्मद शाहरुख सचिन कुमार नाहिद तबस्सुम एवं मौ रिजवान ने अपने नामांकन कराये। नामांकन के समय एल्डर्स कमेटी के चौयरमेन रामाशंकर, विजय गुप्ता, सुभाष चन्द्र गर्ग, सुधीर गुप्ता महेश चन्द्र त्यागी के साथ चुनाव समिति के सदस्य नरेंद्र सिंह चौहान शमशेर सिंह सजंय सक्सैना सोनी रमेश सिंह आर्य, विशाल कांत, चौधरी राजेंद्र सिंह, ठाकुर अनिल कुमार सिंह, सतीश कुमार विश्नोई, संजय कुमार यादव, मनोज कुमार गुप्ता, जगदीश चंद्र मिश्रा कपिल विश्नोई, प्रमोद प्रत्येकि, अरशद परवेज, विवेक शर्मा, सोनू पाल, सुनील कुमार, अनिल कुमार चौहान उस्मान अली, विशेष स्वरुप माथुर,रामवीर सिंह, वकार रजा संदीप खन्ना आदि की उपस्थिति रही।








# एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड में टिमिट के एमबीए के छात्र का चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** बहुप्रतिष्ठित एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने एमबीए के अभिनव कुमार जैन को जयपुर में ज्वाइनिंग प्रदान की है। यह अद्भुत मौका है जो इन छात्रों को उनके शिक्षामूल्य कौशलों का परिचय करने और व्यवसायिक विश्लेषण तक पहुं. चने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है। इसके माध्यम से छात्र को व्यवसायिक दुनिया में वास्तविक अनुभव हासिल करने का अवसर मिलेगा जिससे उनके करियर ग्रोथ को मजबूत किया जा सकता है।इस अवसर पर टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के डीन प्रो. विपिन जैन ने कहा कि हम उन्हें उनके चयन के लिए बहुत-बहुत बधाई देते हैं और उनके भविष्य में कामयाबी की शुभकामनाएं भेजते हैं। इस सफलता के पीछे इन छात्रों के परिश्रम, ज्ञान, और लगन का महत्वपूर्ण


अभिनव कुमार जैन

योगदान है, जिसे उनके शिक्षकों की उत्कृष्ट मार्गदर्शन और कॉलेज के स्थानीय समर्थन ने संभव बनाया है और साथ ही साथ यह भी कहा कि टिमिट में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के सुनहरे भविष्य को संवारने के लिए प्लेसमेंट सेल लगातार नामचीनी कंपनियों की प्लेसमेंट ड्राइव व इंटर्नशिप ड्राइव आयोजित करता रहेगा। कॉरपोरेट रिसोर्स सेंटर के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री आकाश भटनागर और जॉइंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ सिंह ने भी अभिनव कुमार जैन को उनकी सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, "अभिनव ने अपने कौशल और आत्मविश्वास के बल पर इस प्रतिष्ठित कंपनी में स्थान पाया है। उनका यह चयन टिमिट की प्लेसमेंट प्रक्रिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा को दर्शाता है।" अभिनव कुमार जैन की यह उपलब्धि कॉलेज के अन्य छात्रों को उनके सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी। अभिनव ने अपनी सफलता का श्रेय टिमिट कॉलेज, अपने शिक्षकों और परिवार को दिया। उन्होंने कहा, "कॉलेज ने मुझे व्यावसायिक दुनिया के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मैं इस मौके के लिए आभारी हूं और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी मेहनत और निष्ठा के साथ निभाने के लिए तत्पर हूँ।"

## श्री सिद्धबली सेवा संस्थान के तत्वावधान में हनुमान चालीसा का वितरण



**कांठ।** सावन के सोमवार को श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान के तत्वावधान में लाडलाबाद मंदिर पर श्रद्धालुओं को प्रसाद एवं हनुमान चालीसा का वितरण किया गया। गुरु अरविंद ने मंदिर प्रांगण में ड्यूटी कर रहे अधिकारियों, कांस्टेबल, निरीक्षकों को श्री राम दरबार और हनुमान चालीसा भेंट की उन्होंने मंदिर कमेटी को भी प्रथम सोमवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरु अरविंद विपिन चौधरी महेश बिश्नोई राम रतन सिंह बिट्टू शर्मा रवि चौधरी आदि काफी लोग मौजूद रहे।

# भोजपुर में एक ही परिवार की तीन अर्थियां उठने से माहौल हुआ गमगीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** सोमवार को थाना क्षेत्र के गांव रूस्तमपुर तीगरी उर्फ भोपुर में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, उनकी पत्नी और जवान बेटे की अर्थियां अंतिम संस्कार के लिए घर से एक साथ उठीं तो माहौल गमगीन हो गया। दंपति और जवान बेटे की मौत के गम में गांव में चूल्हे नही जले। रविवार को गांव रूस्तमपुर तीगरी उर्फ भोपुर निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य चंद्र पाल वाल्मीकि (45)अपनी पत्नी सविता(42) और बेटे विशेष कुमार(18) के साथ बाइक से अपनी ससुराल को जा रहा थे। मुरादाबाद रामनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना डिलारी की पुलिस चौकी जलालपुर के निकट ठाकुरद्वारा दिशा से आ रही अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य की दुर्घटना स्थल




पर ही मौत हो गई।टक्कर मारने के बाद चालक वाहन छोड़कर भाग गया और पुलिस चौकी में जाकर सरेंडर कर दिया।ঘ पुलिस घायल मां- बेटे को उपचार के लिए अस्पताल ले गई। उपचार के दौरान चिकित्सकों ने बेटे विशेष को भी मृत घोषित कर दिया। रविवार की देर रात को उपचार के दौरान सविता की भी मौत हो गई। डिलारी पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया।ঘ एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो जाने की खबर पर गांव में सन्नाटा पसर गया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद दंपति और बेटे के शव गांव में पहुंचे तो देखने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा।ঘ परिवार, रिश्तेदारों के साथ ही गांव के सभी वर्गो के लोग गमगीन माहौल में मृतकों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए।ঘ इस दौरान अंतिम संस्कार में शामिल ग्रामीणों की आंखों से आंसू झलकते रहे।

### एक नजर

## सावन के पहले सोमवार को शिवभक्तों ने किया शिवालयों में जलाभिषेक



**कांठ।** सावन के पहले सोमवार को क्षेत्र से हरिद्वार जाकर गंगाजल लाने वाले शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और सुख समृद्धि की कामना की, बतादें कि 14 जुलाई को सावन का पहला सोमवार था जिस पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांवडीए हरिद्वार पहुंचे और वहां से पवित्र गंगाजल लाकर आज शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कही डीजे की धुन पर तो कहीं जयकारा लगाते हुए कांवडिया सड़कों से गुजरे तो माहौल शिवमय हो गया मंदिरों में पहुंचकर कांवड़ियों ने सुख समृद्धि की कामना की। क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिला पुरुषों और बच्चों ने भी लाडलाबाद एवं ढाकी मंदिर पर जाकर जल चढ़ाया जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारे मंदिर के सामने लग गई पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का काम किया। जगह-जगह पुलिस कर्मी तैनात रहे।

## पीडीए के सम्मेलन में कराई पार्टी की सदस्यता ग्रहण




**कांठ।** समाजवादी पार्टी पीडीए के सम्मलेन का आयोजन सलेमपुर गांव में किया गया जिसमे चौधरी आजम मुराद खा ने काफी कार्यकर्ताओ के साथ समा. जवादी पार्टी की सदस्या ली, इस अवसर पर विधायक कमाल अख्तर, जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, विधान सभा अध्यक्ष नाजिम सैफी, अरशद फुरकान खा, दानिश चौधरी, दुष्यंत यादव, हरपाल सिंह, रिजवान शकील, आरिफ मलिक, मुकेश यादव, नवरतन जाटव, नईम अंसारी, अमजद अली, डा. दानिश, पिंटू विश्नोई, भूरा खा, उम्मेद चौ., मोनिस खान आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने सरकार की नीतियों से तंग आकर राज्यपाल को सौंपा, हस्तक्षेप की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दानिश सैफी के नेतृत्व में आज पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता कांठ तहसील पहुंचे और सरकार की नीतियों से तंग आकर राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को देते हुए जरूरी कदम उठाए जाने की मांग की, ज्ञापन में कहा गया कि सनातन धर्म में काशी का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है लेकिन ऐसे धार्मिक मान्यता वाले शहर में आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है सावन के महीने में भी श्रद्धालुओं की सुविधा का कोई इंतजाम सरकार ने वहां पर नहीं किया उन्होंने डबल इंजन सरकार द्वारा फर्जी विकास का ढिंढोरा पीटने का आरोप लगाया और कहा कि सिर्फ लुभावने नारे देकर ही सरकार अपनी जिम्मेदारी पूरी कर रही है उन्होंने कहा की जन् प्रतिनिधियों द्वारा आम जनता की तकलीफों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करने पर उनके खिलाफ दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है और फर्जी मुकदमे दर्ज करा कर लोकतंत्र को कुचलने का प्रयास हो रहा है। कहा कि 10 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में वाराणसी जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित 10 कांग्रेसियों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करा कर सरकार ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जन् प्रतिनिधियों का काम सरकार तक जनता की समस्या को पहुंचना होता है लेकिन अगर कोई जनता की समस्या उठाता है तो भाजपा की सरकार उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करती है। उन्होंने वाराणसी में जल भराव ध्वस्तीकरण सीवर जाम आदि समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित कराया और कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य 10 लोगों के खिलाफ फर्जी एफआईआर को तुरंत रद्द किया जाए।



सावन माह में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु वाराणसी में समुचित प्रबंध किया जाए ज्ञापन के माध्यम से सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों को मर्ज किए जाने का भी उन्होंने विरोध किया और कहा कि इससे रसोई माता आदि कई लोग बेरा. ेजगार होंगे और बच्चों को भी दूरस्थ स्थानों पर शिक्षा ग्रहण करने जाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इस मौके पर फिरोज अनवर चंद्र सिंह हाजी नसीम सलमानी मोहम्मद वरीज काशिफ तुलवा योगेंद्र जाटव राज. कुमार ठाकुर कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपाल संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** चार सूत्रीय मांगों को लेकर लेखपाल संघ ने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर समस्याओं का निस्तारण कराने की मांग उठाई ज्ञापन में कहा कि हापुड़ डीएम के दमनात्मक व्यवहार के कारण वहां के लेखपाल सुभाष मीणा की मृत्यु हो गई। जिससे समस्त लेखपालों को धक्का पहुंचा। आजकल सोशल मीडिया प्रिंट मीडिया में पब्लिसिटी पाने के कारण अधिकारी तहसील दिवस थाना दिवस ग्राम चौपाल आदि में अधीनस्थों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करने का काम कर रहे हैं। जिसकी वजह से लेखपाल तनाव के माहौल में काम करने को मजबूर हैं और हापुड़ में भी इसी कारण एक



लेखपाल की जान चली गई उन्होंने मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता प्रदान कराने मृतक आश्रित को योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी दिलाने जांच रिपोर्ट शीघ्र प्राप्त कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने और समस्त अधिकारियों को अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए।

जाने की मांग उठाई इस मौके पर लेखपाल संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाध्यक्ष ने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव का जाना हाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव सपाइयों के साथ समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विक्रम सिंह यादव के कांठ निवास पर पहुंचे और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली, याद रहे कि पिछले काफी दिनों से विक्रम सिंह अस्वस्थ हैं और बैड पर हैं।जिलाध्यक्ष ने उनके जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की ।इस अवसर पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फुरकान अली,आदेश कुमार चौहान ,एस आई योगेन्द्र सिंह यादव, प्रवीन सिंह सैनी,समीम अहमद,प्रमोद कुमार, शकील प्रधान, कमर आलम,नवनीत कुमार चौहान, सत्यवीर सिंह, मोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस ने अपहृत किशोरी को किया बरामद, आरोपी को भेजा जेल

**भोजपुर।** उप निरीक्षक बृजपाल सिंह ने धर्मपुर आंगा से अपहृत 14वर्षीय नाबालिग किशोरी को प्रेमी समेत बरामद कर लिया।

अपहरणकर्ता इकबाल पुत्र अख्तर के खिलाफ किशोरी के पिता ने 9 जुलाई को बेटी को बहला फुसलाकर अगवा करने एवं अज्ञात परिजनों के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज कराया था।

## बिजली गुल होने से छाया अंधेरा

**डिलारी।** तेज हवा के साथ बारिश होने से कई जगह विद्युत तार टूटने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गई, जिसके चलते क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है, विद्युत चलित उपकरण बंद होने से जनजीवन प्रभावित हो गया, विद्युत उपकेंद्र जहांगीरपुर के अंतर्गत आने वाले 50 गांव से अधिक मे अंधेरा छाया हुआ है, क्षेत्र के अकबरपुर, गजरौला, मकसूदपुर, बाकरपुर, मिर्जापुर करीमुद्दीन, आदि में अंधेरा छाया हुआ है।

## चोरी में नाबालिग का किया चालान

**भोजपुर।** उप निरीक्षक अनिल कुमार ने एक जुलाई की रात को गांव पीपलसाना के चिकित्सक इम्तियाज हुसैन के घर हुई चोरी के आरोपी 17वर्षीय साहिल को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर 23हजार 5सौ रुपए नकदी बरामद कर चालान कर दिया। एक आरोपी सलीम को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पूर्व में मेरा नाम BALVIR SINGH था, वर्तमान में **BALVEER SINGH** के नाम से जाना पहचाना जाता है। **बलवीर सिंह पुत्र स्व: श्री हरवंश सिंह निवासी 45, जवाहरनगर, हरपालनगर, कटघर, मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान जनपद न्यायाधीश, महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**विविध वाद सं:०**-203/2025
**तारीख पेशी:** 31.07.2025

अशोक कुमार वर्मा आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व० कामता प्रसाद वर्मा, स्थायी निवासी-मकान संख्या-102, गली नं0-03, आजाद नगर रेलवे हरथला कालोनी, शहर व जिला मुरादाबाद-**वादी।**

**बनाम**

1. मनोज वर्मा, पुत्र स्व० कामता प्रसाद वर्मा, निवासी निकट प्रदीप लाईब्रेरी, सेकेण्ड हाई स्कूल सम्राट अशोक नगर, तहसील व जिला मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश, 2. श्रीमति मीनाक्षी वर्मा पुत्री स्व0 कामता प्रसाद वर्मा, पत्नी श्री चन्द्रप्रकाश वर्मा निवासनी मकान संख्या-जी-गोविन्दपुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, 3. श्रीमति कामनी वर्मा, पुत्री स्व० कामता प्रसाद वर्मा, पत्नी श्री संजय वर्मा निवासनी ग्राम मतवासी, जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश, 4. **जनता आम-विपक्षीगण।**

चुंकि उपरिनामांकित आवेदिक ने इस न्यायालय में यह आवेदन अपने मान. सिक दिव्यांग भाई प्रदीप कुमार पुत्र स्व० कामता प्रसाद वर्मा, निवासी मकान सं० 102, गली नं0-03, आजाद नगर रेलवे हरथला कालोनी, मुरादाबाद के उत्तरं रेलवे, मण्डल मुरादाबाद से नपद न्याया प्राप्त पारिवारिक पेंशन का संरक्षक नियुक्त किये जाने हेतु धारा 14 दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के अंतर्गत आवेदन किया है। अत: जनता आम उपरोक्त विविध वाद प्रार्थना क्षेत्र में जवाबदेही प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 31.07.2025 को प्रात: 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो। ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त विविध वाद की सुनवाई एकपक्षीय रूप से की जायेगी।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 14.07.2025 को निकाली गई।

**व्यवहार विविद वाद,**
**लिपिक जनपद न्यायालय,**
**मुरादाबाद ( उ0प्र0 )**

# भोजपुर में 11 वर्षीय बालक से युवक ने किया कुकर्म, केस दर्ज

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव दादुपुर में पड़ोस की दूकान से घरेलू सामान लेकर घर को लौट रहे बालक को युवक टॉफी का लालच देकर बहला फुसलाकर घर ले गया। आरा. ेपी ने उसके साथ कुकर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा है कि वह महानगर में चड्ढा ग्रुप में नौकरी करता है। सोमवार को दोपहर बाद साढ़े तीन बजे 11वर्षीय बेटा पड़ोस में स्थित परचून की दूकान से घरेलू सामान खरीद कर घर को लौट रहा था। रास्ते में गांव के उज्जवल पुत्र राजकुमार बेटे को टॉफी देने के बहाने से अपने घर ले गया। युवक ने बालक को घर में बंधक बनाकर उसके साथ कुकर्म किया। घटना की बाबत घरवालों को बताने पर युवक ने बालक को जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। बालक के पिता का कहना है कि रात को ड्यूटी करके गांव को लौटा तो बेटा डरा सहमा हुआ था। उससे डर की वजह पूछी तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी उज्जवल के खिलाफ गंभीर धाराओं में नामजद मुकदमा दर्ज कर घायल बालक को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मुकदमे की विवेचना महिला उप निरीक्षक दिव्या भारद्वाज कर रहीं हैं।

# दुष्कर्म का आरोपी मौलाना गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** थाना डिलारी पुलिस ने नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित मौलाना को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया, जहां से अदालत ने जेल भेज दिया, क्षेत्र का नगर निवासी मौलाना रिहान अपने कस्बा स्थित मदरसे में छात्र-छात्राओं को दीनी तालीम की शिक्षा देने का काम कर रहा था। मदरसे के छात्रावास में लड़कियां भी रहकर पढ़ाई कर रही है, जिसमें उस्मान शाह की 16 वर्षीय पुत्री भी मदरसे के छात्रावास में रहकर दीनी तालीम हासिल कर रही थी, घटना 6 जुलाई की रात्रि लगभग 2:00 की छात्रा अपने कमरे में सो रही थी, तभी मौलाना शैतान बन गया ,जबरन छात्रा को खींचकर अपने कमरे में ले गया, अश्लील हरकतें करते हुए बुरी नीयत से दबोच लिया ,विरोध करने पर बंदूक की नाल कनपटी पर सटा दी, और गोली मारने की धमकी देकर दुष्कर्म कर डाला, 10 जुलाई को छात्राअपने घर पहुंच कर उदास होकर बैठ गई ,परीजनो ने जिन्होंने उदासी का कारण पूछा जिस पर पीड़िता ने आपबीती बताई, पीडिता ने अपनी मां के साथ थाना डिलारी पहुंचकर मौलाना रेहान के नाम तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, पुलिस ने जांच कर अभियोग पंजीकृत कर लिया, छात्रा को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल मुरादाबाद भेज दिया, सोमवार को थाना डिलारी पुलिस ने इमाम बना शैतान आरो. पित रिहान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## महानगर कांग्रेस कमेटी ने जिलाधिकारी कार्यालय पर किया धरना-प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** महानगर कांग्रेस कमेटी ने जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रर्दशन कर एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा। भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सनातन धर्म में काशी का मर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है यह ऐसा पवित्र स्थान है जो प्रदेश ही नहीं अपितु सम्पूर्ण देशवासियों के आस्था व विश्वास का प्रतीक है। काशी जैसे धार्मिक मान्यता वाले शहर में आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। सामान्य दिनों को छोडिये सावन के इस पवित्र मास में भी श्रद्धालुओं की सुविधा का कोई इतजाम नहीं किया गया है। भाजपा की डबल इंजन सरकार फर्जी विकास का डिंडोरा पीटती है। जिसका ताजा उदाहरण दिनांक 10 जुलाई 2025 को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के नेतृत्व में वाराणसी के जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित 10 कांग्रेसजनों के खिलाफ दर्ज कराया गया फर्जी मुकदमा है। ज्ञापन देने वालों में हाजी जुनैद इकराम, अफसर, अनुभव मेहरोत्रा, नजाकत अंसारी आदि के हस्ताक्षर थे।

# एक दिन पहले पिता की मृत्यु घायल मां-बेटे ने भी दम तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डिलारी।** घायल मां बेटे ने दूसरे दिन उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, रविवार को 11:00 थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव रूस्तमपुर तिगरी उर्फ भोपुर निवासी चंद्रपाल अपनी पत्नी सविता और 17 वर्षीय बेटे विशेष को बाइक पर बैठा कर अपने रिश्तेदारी ठाकुरद्वारा को जा रहा था।

तभी मुरादाबाद काशीपुर हाईवे स्थित पुलिस चौकी जलाल. पुर के पास सामने से कार ने टक्कर मार दी ,भीषण टक्कर से उम्र 52 इंद्रपाल की मौके पर मृत्यु हो गई, घायलों को उठाकर जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कर दिया, बेहतर उपचार करने के लिए परिजनों ने मुरादाबाद स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कर दिया, गंभीर रूप से घायल मां बेटे वेंटिलेटर पर मौत और जिंदगी के बीच संघर्ष कर रहे थे, 24 घंटे को बाद सांसों की डोर टूट गई ,बारी-बारी से मां बेटे ने दम तोड़ दिया, एक साथ तीन अरथी उठने से सारे गांव में मातम छा गया ,सबकी आंखों से आंसू छलक रहे थे।

सड़क हादसे में एक परिवार के तीन लोगों की मौत होने से गांव में कोहराम मच गया, मृतको ने अपने पीछे रोते बिलखते तीन बच्चों को छोड़ा है, घर में कमाने वाला कोई नहीं रहा, तीन बच्चे किसके सहारे जिंदगी जिएंगे, एक साथ तीन अथिया उठती देख पूरा गांव रोने लगा ,एक साथ तीनों अर्थियो का बारी-बारी से गमगीन

## अज्ञात ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** तेज रफतार ट्रक चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घालय को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निर्मलपुर निवासी अजय कुमार पुत्र राम सिंह सोमवार को दोपहर बाद बाइक से मुरादाबाद की दिशा में बाइक से जा रहा था। तभी जहांगीरपुर के निकट विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफतार ट्रक चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। सूचना पर पहुंची 108 एबुलेंस तैनात ईएमटी अखिलेश वर्मा और पाइलेट आलोक कुमार ने घायल को उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# सावन के पहले सोमवार पर मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सुरजननगर।** चौकी क्षेत्र के मुख्य बाजार में स्तिथ प्राचीन शिव मंदिर में सावन माह के पहले सोमवार को शिवालयों और शिव मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। हर-हर महादेव के जयकारें से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। सुरजननगर समेत ग्रामीण अंचलों में सावन माह के पहले दिन शिव मंदिरों और शिवालयों में भक्तों की लंबी भीड़ जुटी रही। सुबह से ही पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालु उमड़ने लगे थे।

श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, दूध, गंगाजल, धतूरा और भांग से शिवलिंग का अभिषेक किया।महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग पारंपरिक वेशभूषा में मंदिर पहुंचे। सभी ने श्बोल बमश् और श्हर हर महादेवश् के जयकारे लगाए। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए। सुरजननगर चौकी प्रभारी ओमकार सिंह द्वारा सुबह से अपने दल के साथ मन्दिर परिसर में उपस्थित रहे।

# भगवान शिव व पार्वती की कथा सुन जमकर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरदारा।** नगर के तहसील परिसर स्थित प्राचीन शिव हनुमान मंदिर पर चल रही शिव महापुराण कथा के दौरान भगवान शिव पार्वती की कथा सुन श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो जमकरझूम। सोमवार को हरिद्वार से आए कथा वाचक नरेंद्रा नन्द सरस्वती महाराज ने भगवान पार्वती की कथा का बड़े मनोहर ढंग से वर्णन किया । कहां की जिसे भगवान का प्रेम प्राप्त हो वह भाग्यशाली है भगवान के विषय में जानने के लिए जिज्ञासु हो वह भाग्यवान है हम लोग जी कलयुग में जी रहे हैं।

इस युग में बड़े-बड़े महात्माओं ने गहरा चिंतन किया है जो भक्त को धारण करता है वह कलयुग के प्रभाव से बच जाता है जीवन में तीन तप परेशान करें तो भगवान के निकट पहुंच जाए जिससे हमें तीनों तप से छुटकारा मिलताहै ।कथावाचक ने कहा कितब तक कलयुग के पाप परेशान करेंगे जब तक शिव पुराण हमारे जीवन में शामिल न हो जाए



यही शिव पुराण की महिमा है भगवान शंकर जी मंगल राशि है उनका नाम और ध्यान भी मंगल में है शिव जैसा सामान्य दृष्टि का कौन होगा महादेव व्यक्ति एवं देवों के लिए सदा कृपा करते रहते हैं। अंत में उन्होंने कहा की जहां-जहां कथाएं शुरू होती है।

वहां पर सह परिवार खास तौर से छोटे बच्चों में पक्षियों को साथ लेकर अवश्यपहुंचे । ताकि धार्मिक कथा सुनने से अपने धर्म के प्रतिबच्चों में जिज्ञासा जागृत हो सके और ईश्वर के प्रति आस्था बन सके । कथा समापन पर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया । कार्यक्रम में अशोक गहलोत, संजीव अग्रवाल, संजीव सिंघल, प्रदीप बिश्नोई, मास्टर यशपाल सिंह, डॉ महेंद्र सिंह, डा०भूपेंद्र सिंह, हीरालाल अग्रवाल, अनुराग सिंघल , पंडित अनुज शर्मा , दीप्ति अग्रवाल, उषा गहलोत, उत्तम सिंह, नरेश चौहान, नवीन यादव, अखिलेश शर्मा, मालती देवी, कमला देवी, विमला देवी, शारदा देवी, सुमनचौहान आदि मौजूद रहे।

# संचारी रोगों से बचाव को रैली निकालकर किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** ब्लॉक के प्राइमरी स्कूल जटपुरा ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आज सोमवार को रैली निकाली ।इस दौरान उन्होंने महिलाओं के साथ-साथ हर वर्ग के लोगों को रोगों से बचाव के प्रति जागरूक किया।प्रधानाध्यापिका शालिनी के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को संचारी रोग से बचाव की जानकारी दी। बाद में छात्रों के साथ मिलकर ग्रामीणों को जागरूक किया। संचारी रोगों से बचने के लिए हाथों को सही तरीके से धोएं और घरों के आसपास पानी जमा न होने दें।

मच्छरों से बचाव के लिए नियमित मच्छरदानी का प्रयोग करें। गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर नालियों व रास्तों को साफ रखें ताकि मच्छर पैदा नहीं हो सके। उन्होंने बताया कि अनुपयोगी वस्तुओं में




पानी जमा न होने दें, पानी को ढक कर रखें।

पानी टैंक को खुला न छोड़े और अपने आसपास बेहतर सफाई रखें। बुखार होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करायें। जानकारी दी कि संचारी रोग दूषित भोजन, दूषित जल, कीटनाशक और जानवरों से फैलते हैं। रोग ग्रस्त व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें। साथ ही टीकाकरण जरूर कराएं। इस अवसर पर सहायक अध्यापककमाल हैदर,शुचिता दूबे,शशि गौतम,मोहित कुमार का भी सहयोग रहा ।

# मंडी में व्यापारियों की अस्थायी दुकानों पर चला बुलडोजर, रोजी-रोटी पर संकट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा में स्थित मंडी परिसर में फल व्यापारियों की दुकानों पर मंडी प्रशासन द्वारा अचानक की गई बुलडोजर कार्यवाही ने हड़कंप मचा दिया। प्रशासनिक तानाशाही का उदाहरण पेश करते हुए मंडी इंस्पेक्टर अनूप कुमार के नेतृत्व में व्यापारियों की वर्षों पुरानी रोजी-रोटी को कुछ ही घंटों में मलबे में बदल दिया गया। बताया जा रहा है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए मंडी प्रशासन ने करीब दो दर्जन से अधिक व्यापारियों की दुकानों को अवैध अतिक्रमण बताकर ध्वस्त कर दिया। व्यापारियों का कहना है कि उन्हें पूर्व में किसी तरह की स्पष्ट सूचना नहीं दी गई और न ही मंडी में वैध व्यापार के लिए कोई जगह उपलब्ध कराई जा रही है। व्यापारियों का आरोप है कि प्रशासन जानबूझकर उन्हें उजाड़ रहा है और उनकी आजीविका को बर्बाद कर रहा है।

विरोध कर रहे व्यापारियों ने मंडी प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दुकानें आवंटित करने की मांग की। उनका कहना है कि अगर सरकार व्यापार नहीं करने देगी, तो हमारे बच्चों का पेट कौन भरेगा। व्यापारी यह भी कह रहे हैं कि शासनादेश की आड़ में रोजगार पर बुलडोजर चलाना न केवल अमानवीय है बल्कि गरीब तबके के खिलाफ अन्यायपूर्ण कार्रवाई भी है।



मंडी इंस्पेक्टर अनूप कुमार पर व्यापारियों ने मनमानी और बिना सुनवाई के एक तरफा कार्यवाही का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों और व्यापार संघों ने भी प्रशासन की इस कार्रवाई की निंदा करते हुए सरकार से मांग की है कि बेदखल किए गए व्यापारियों को जल्द से जल्द वैकल्पिक दुकानें आवंटित की जाएं।

ताकि वे अपने परिवार का पालन-पोषण जारी रख सकें। इस दौरान व्यापारियों ने मंडी प्रभारी अनूप सिंह पर मनमानी के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने में दानिश, जुबैर अली, वसीम , अहसान अली, इकबाल , शकील , शरीफ , मौ0 फैसल आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### छत पर खेल रहे तीन बच्चों को हाईटेंशन लाइन ने पकड़ा एक की हालत नाजुक



**कुंदरकी।** मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुरेर में कल शाम में कल्लू पुत्र हाजी लल्ला के निर्माण दिन मकान पर तीन बच्चो को हाईटेक लाइन ने पकड़ लिया। गुलाम मौ पुत्र साकीब 13 वर्ष मौ साकीर पुत्र सुभान 12 वर्ष इबरान पुत्र उरंजेब 12 वर्ष निडमाड धिन मकान की छत पर खेल रहे थे। तभी अचानक हाई टेंशन लाइन का करंट दोड गया। तभी तीनो बच्चो को लाईट ने पकड लिया तीनो बच्चो को गांव के ही लोगो ने घायलो को इलाज के लिये तीनों बच्चों को निजी आस्पतालमें भरती करा दिया। और एक बच्चे को गुलाम मोहम्मद पुत्र साकीब 13 वर्ष को टी एम यू आस्पताल में भरती करा दिया है बताया ये जा रहा है इस बच्चे की हालत नाजूक बताई जा रही है। युबको ने बताय मोहल्ले के कई घरों के निजी उपकरण भी पुकार गए हैं।

### सड़क किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**भगतपुर।** सोमवार की दोपहर थाना क्षेत्र के मानपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम खैरखाता के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। जिसकी काफी प्रयास के बाद भी देर शाम तक कोई पहचान नही सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर मानपुर चौकी पुलिस को सूचना दी गई कि डूंगरपुर दलपतपुर मार्ग के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना पाकर मानपुर चौकी इंचार्ज मय पुलिस बल मोके पर पहुंचे ओर शव की शिनाख्त कराने के लिए सोशल मीडिया व आस पास के गांव में पूछताछ की परंतु शव की शिनाख्त नही हो सकी। जिसके बाद विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम नें जाँच पड़ताल कर नमूने लिये। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देर शाम तक शव की कोई शिनाख्त नही हो सकी है।

### राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति ने आयोजित की गोष्ठी

**मुरादाबाद।** साहित्यिक संस्था राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति की ओर से आज विश्नोई धर्मशाला में मासिक काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवि रघुराज सिंह निश्चल द्वारा प्रस्तुत माँ शारदे की वंदना से आरंभ हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेश श्दिवाकरश ने की। मुख्य अतिथि श्री राजीव सक्सेना एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री ओंकार सिंह ओंकार एवं श्री वीरेंद्र बृजवासी मंचासीन हुए। कार्यक्रम का संचालन राम सिंह निशंक ने किया। रचनाकारों ने विभिन्न विषयों पर आधारित काव्य-पाठ किया। काव्य-पाठ करते हुए राजीव प्रखर ने कहा पायल की छम-छम से गुपचुप, चूड़ी की खन-खन यह बोली। सज-धज कर आ पहुँची बरखा, हरियाली ने सॉकल खोली। जाकर पनघट पर नदिया की, कल कल जलधारा से मिलकर। सुन्दर सी कविता में रच दें, मन के पृष्ठों पर रंगोली। मनोज मनु का कहना था - हवा चले तो हिफाजत में वही रखता है , चराग रात से जलता है जब सहर के लिए। डॉ. मनोज रस्तोगी की अभिव्यक्ति इस प्रकार थी - नहीं गूंजते हैं घरों में अब सावन के गीत , खत्म हो गई है अब, झूलों पर पेंग बढ़ाने की रीत।

# सुरजन नगर के मार्ग पर दिनभर गूंजते रहे बम भोले के जयकारे

**सुरजन नगर।** चौकी क्षेत्र में सावन के पहले सोमवार पर हरिद्वार से अपने अपने गांव बस्ती के मुख्य शिव मंदिरो में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गंगा घाटों से जल भरकर कांवड़ियों की टोलियां दिनभर निकलती रही। सुरजननगर के मुख्य मार्गों पर हरिद्वार से आ रहे।

शिव भक्तों ने अपने पात्र ओर कलशो में घाट से जल भरकर कांवड़ियों की वापसी सोमवार की सुबह से ही शुरू हो गई थी। सुरजननगर समेत अन्य शिवालयों को जाने वाले कांवड़ियों की संख्या दिनभर बढ़ती रही। सुरजननगर भूतपुरी और स्योहारा तिराहे पर बैरीकेडिंग कराकर हाइवे की तरफ जाने वाले भारी वाहनों को रोककर उन्हें बॉडर पर साइड से रोका गया।

## मंदिरों के आसपास कराई सफाई-व्यवस्था

**मुरादाबाद।** नगर पंचायत पाकबड़ा ने सावन माह के प्रथम सोमवार को मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने के लिए विशेष प्रयास किए। इस दौरान नगर पंचायत के कर्मचारियों ने मंदिरों के आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की और कूड़ा-कचरा हटाया। सफाई व्यवस्था के मुख्य बिंदु: मंदिरों के आसपास साफ-सफाई: नगर पंचायत पाकबड़ा के कर्मचारियों ने मंदिरों के आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की और कूड़ा-कचरा हटाया। विशेष प्रयास: नगर पंचायत पाकबड़ा ने सावन माह के प्रथम सोमवार को विशेष प्रयास किए ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। श्रद्धालुओं की सुविधा:

नगर पंचायत पाकबड़ा के प्रयासों से श्रद्धालुओं को साफ-सुथरे वातावरण में पूजा-अर्चना करने का अवसर मिला। इस तरह के प्रयासों से नगर पंचायत पाकबड़ा ने श्रद्धालुओं के लिए एक स्वच्छ और पवित्र वातावरण प्रदान किया।

# सरकारी स्कूल बंद होने से हजारों छात्रों का भविष्य संकट में

**■ महिला कांग्रेस ने राष्ट्रपति को दो सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राइमरी और जूनियर स्तर के हजारों सरकारी विद्यालयों को बंद किए जाने के फैसले को लेकर महिला कांग्रेस में भारी रोष है। सोमवार को महिला कांग्रेस मुरादाबाद की जिलाध्यक्ष जहरा बी के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अनुपस्थिति में तहसीलदार ठाकुरद्वारा को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार ने छात्रों की संख्या कम होने का हवाला देकर हजारों स्कूलों को बंद कर दिया है और बच्चों को दूसरे गांव के स्कूलों में भेजने का आदेश जारी कर दिया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही है। विशेष रूप से छोटे बच्चे लंबी दूरी तय नहीं कर पा रहे हैं, जिससे वे स्कूल जाना छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। जहरा बी ने कहा कि सरकार का यह कदम बच्चों के शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है और इससे शिक्षा का निजीकरण बढ़ावा पा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस आदेश को वापस नहीं लिया गया तो कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

महिला कांग्रेस ने राष्ट्रपति से हस्तक्षेप कर उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले को रद्द कराने और बच्चों को उनके गांव में ही शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के नेतृत्व में वाराणसी के जिला व शहर सहित दस कांग्रेस के खिलाफ किए दर्ज मुकदमें को वापस लेने की मांग की। ज्ञापन में देने में कांग्रेस जिला महासचिव संजीव सिंघल, जिला उपाध्यक्ष वसीम अहमद, पूर्व नगराध्यक्ष समीम चौधरी जिला महासचिव डॉक्टर हनीफ जिला महासचिव मोहम्मद दिन जिला सचिव मुस्तकीम अंसारी जिला सचिव रईस अहमद उर्फ बल्ले जिला सचिव डॉक्टर अनवर अंसारी जिला सचिव अबरार सैफी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सामिल बेगम नगर अध्यक्ष ठाकुरद्वारा सलमा आगा जिला उपाध्यक्ष शरीफ आजाद रजनीश एडवोकेट जिला महासचिव इंतजार कुरेशी मोइन कुरैशी शरीफ सिद्दीकी अब्दुल्लाह अंसारी मौसम खान शमशेर अंसारी भूरे अंसारी साहिद पेंटर जावेद एडवोकेट अरविंद कुमार कोमल सिंह आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लावारिस पशु को बचाने में पिकअप पेड़ से टकराई

**सुरजन नगर।** रविवार की आधी रात को एक पिकअप सुरजन नगर-डिलारी रोड पर सुरजन नगर के पास तिरछी पुलिया के समीप लावारिस पशु को बचाने के चक्कर में एक पेड़ से टकरा गई। पिकअप में बैठी सवारी में आधा दर्जन घायल हो गए जिनको ठाकुरद्वारा के साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया। जिसमे सुशील वाल्मीकि भगतपुर थाना के गांव खेरखाता से 15 व्यक्ति लेकर बच्चे का मुंडन कराने हरिद्वार जा रही थी रास्ते में सुरजन नगर के पास तिरछी पुलिया को तोड़कर नवीन पुलिया बनाने के लिए मुख्य मार्ग से रास्ता बंद कर पुलिया की साइट से खेत से होकर निकल रहा है। दुर्घटना की सूचना पर चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल आरती, प्रदीप, अनिल ,अमन ,सो. हेल को एम्बुलेंस सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा पहुंचाया। शेष व्यक्तियों को सकुशल रहे जिनको वापस भेज दिया।

# डीएम हापुड़ के उत्पीड़न के चलते तनाव युक्त लेखपाल की मौत के मामले में लेखपालों का धरना-प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** जनपद हापुड़ के जिला अधिकारी के उत्पीड़न के चलते तनाव ग्रस्त लेखपाल की मौत हो जाने को लेकर लेखपाल संघ ने तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन देकर उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा सोमवार को लेखपाल लेखपाल संघ के अध्यक्ष उमेश चौहान अब मंत्री हिमांशु नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर तहसील क्षेत्र के लेखपाल एकत्र हुए । इस दौरान भक्तों ने कहा कि जनपद हापुड़ के जिला अधिकारी द्वारा लेखपाल का मानसिक उत्पीड़न करने व अपमान. जनक शब्दों का इस्तेमाल कर दमनात्मक व्यवहार पर बिना जांच किए छोटी शिकायत लेकर लेखपाल सुभाष मीणा की मौत हो गई । सुभाष मीणा की मौत की सूचना पर देश के समस्त लेखपालों में आक्रोश व्याप्त हो गया। इस प्रकार को लेकर समस्त लेखपालों ने निर्णय लिया कि उच्च अधिकारियों के अपमानजनक शब्दों को लेकर अधिकांश लेखपाल तनाव ग्रस्त डिप्रेशन के मध्य कार्य कर रहे हैं । इससे उनका स्वास्थ्य एवं पारिवारिक जीवन बिगाड़ रहा है लेखपालों का आरोप है की मुख्य सचिव के निर्दोषों का अनुपालन नहीं किया जा रहा है जिनके अनुसार कर्मचारी समस्याओं के संबंध में संगठित पदाधिकारी के साथ प्रति माह बैठक किए जाने का प्रावधान है । लेखपालों ने दिए ज्ञापन में कहा कि लेखपालों का उत्पीड़न बंद किया जाए। मृतक आश्रित को आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। मृतक आश्रित कोष योग्यता अनुसार सरकारी सेवा में नियुक्ति तत्काल की जाए। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्य किया जाए। अधिकारियों सम्मानजनक व्यवहार करने के निर्देश दिए जाएं। अगर समय से मांगे नहीं मानी गई तो प्रदेश भर के समस्त लेखपाल धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। धरना प्रदर्शन में लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष उमेश चौहान मंत्री हिमांशु मुनव्वर वसीम अहमद मनोज कुमार संदीप सिंह शशांक, विकास कुमार, आदी मौजूद रहे।

## लेखपाल की हुई मौत के विरोध में तहसील के लेखपालों ने किया धरना प्रदर्शन

**बिलारी।** हापुड़ में तनाव ग्रस्त लेखपाल की हुई मौत के विरोध में तहसील के लेखपालों ने धरना प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। धरना सभा में लेखपालों ने कहा कि जिलाधिकारी के दमनात्मक रवैये से लेखपाल सुभाष मीणा तनाव में आ गए और उनके हृदय विधायक मौत हो गई जिससे सभी लेखपालों में दुख है।

धरने पर मांग उठाई कि दोषियों पर कार्रवाई हो, पीड़ित परिवार को समुचित मुआवजा मिले, योग्यता के अनुसार मृतक आश्रित को सरकारी सेवा दी जाए, अधिकारियों को निर्देशित किया जाए कि अधीनस्थों के साथ उत्पीड़न और अपमान. जनक व्यवहार नहीं करें। वक्ताओं ने कहा कि समाधान दिवस, चौपाल जैसे सार्वजनिक कार्यक्रमों में अधिकारी सोशल मीडिया में प्रसिद्धि पाने के लिए अधीनस्थों के साथ अपमान जनक व्यवहार करते हैं जो अनुचित है। धरने पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संकेत तहसील शाखा अध्यक्ष शिवकुमार, सचिव फहीम हुसैन एवं अन्य लेखपाल बैठे।


पत्रांक: 955/लेखा/निविदा/2025-26 दिनांक: 14.7.2025

**त्रुटि सुधार**

इस कार्यालय के पत्र सख्या 944 दिनांक 11.07.2025 के द्वारा अतिअल्पकालीन निविदा प्रकाशित कराई गई थी। जिसमें विज्ञप्ति नोट में निविदा प्रपत्र दिनांक 21.06.2025 से दिनांक 30.06.2025 तक निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि अंकित की गई थी। उक्त तिथि में त्रुटि सुधार करते हुये दिनांक 11.07.2025 से 25.07.2025 तक निविदा प्राप्त करने की तिथि पढ़ा जाये। 25.07.2025 को प्राप्त निविदायें 26.07.2025 को विकास खण्ड कार्यालय जोया में समिति द्वारा खोली जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी जोया ( अमरोहा )**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र अरशद को गलत संगत /गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में अरशद के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**श्रीमती भूरी उर्फ भूरिया पत्नी हाजी मुकीम ( किन्नर ) निवासी बाईपास रोड अगवानपुर थाना सिविल लाइन, जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपनी पत्नी सुनीता, पुत्र अंकुश, पुत्र लव कुश, पुत्री काजल, पुत्री निधि व पुत्री शंकुल को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।

**पप्पू पुत्र राम रूप सिंह** निवासी नया गांव अंबेडकर नगर पोस्ट लाकडी फाजलपुर जिला मुरादाबाद।

**कार्यालय ग्राम पंचायत सरदार नगर**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 14.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत सरदारनगर विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/अन्त्येष्टी स्थल योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 29.07.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 29.07.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्त्येष्टी स्थल का निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा टाईल्स आदि। | 01 | 1890089 | 500 | 2% | 9 माह |
| 2 | सद्दाम के घर से जफीर के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 120 मी0 | 355643 | 500 | 2% | 9 माह |
| 3 | जिले हसन हाजी के घर से रिजवान के घर तक नाली/ टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 100 मी0 | 598000 | 500 | 2% | 9 माह |
| 4 | शेखजी के घर से मस्जिद तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 100 मी0 | 526903 | 500 | 2% | 79 माह |
| 5 | प्रा0पा0 स्कूल से असलम के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ,, | 50 मी0 | 260000 | 500 | 2% | 9 माह |
| 6 | मैन रोड से जाहिद के घर तक नाली/टाईल्स मरम्मत निर्माण कार्य। | ,, | 70 मी0 | 280000 | 500 | 2% | 9 माह |
| 7 | जू0हा0 के पास कब्रिस्तान तक नाली/टाईल्स मरम्मत निर्माण कार्य। | ,, | 20 मी0 | 210000 | 500 | 2% | 9 माह |
| 8 | रामलाल के घर से हनुमान मंदिर तक नाली/टाईल्स मरम्मत निर्माण कार्य। | ,, | 90 मी0 | 290000 | 500 | 2% | 9 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सरदारनगर**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

खेल विशेष

## जैनिक सिनर ने जीता विंबलडन मेंस का खिताब

**लंदन, वार्ता।** वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विंबलडन के मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। सिनर ने पहली बार यह टाइटल जीता है। वे विंबलडन चैंपियनशिप का मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी बने हैं। लंदन के आल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट में इटली के सिनर ने रविवार रात को 3 घंटे 4 मिनट चले मुकाबले में स्पेन के कार्लोस अल्काराज को 4-6, 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ सिनर ने अल्काराज से 5 हफ्ते पुराना हिसाब भी चुकता कर लिया है। 8 जून 2025 को अल्काराज ने सिनर को हराकर फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। सिनर ने पहली बार विम्बलडन ट्रॉफी जीती है। वे विंबलडन चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स टाइटल जीतने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। यह सिनर का चौथा ग्रैंड स्लैम टाइटल है। वे आस्ट्रेलिया ओपन में 2 (2024, 2025) और ै ओपन में एक (2024) बार चौंपियन बन चुके हैं। मैं अपने सपने को जी रहा हूं- सिनर सिनर ने पहली बार विम्बलडन जीतने पर कहा, मेरे अलावा सिर्फ मेरे करीबी लोग ही जानते हैं कि हमने टेनिस कोर्ट और कोर्ट के बाहर क्या कुछ झेला है। ये बहुत स्पेशल है। मैं अपने सपने को जी रहा हूं। सिनर से लगातार 5 जीत के बाद हारे अल्क्राज विंबलडन के पिछले 2 टाइटल जीतने वाले अल्कराज अपने इटैलियन प्रतिद्वंद्वी सिनर के खिलाफ 5 मैच बाद हारे हैं। अल्कराज ने 3 घंटे 4 मिनट चले इस मैच का पहला सेट 6-4 से जीता और मैच में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यहां से इटली के सिनर ने लगातार तीन सेट 6-4, 6-4, 6-4 से जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इगाने जीता विमेंस सिंगल्स का खिताब एक दिन पहले शनिवार, 12 जुलाई को इगा ने विंबलडन के विमेंस सिंगल्स का खिताब जीता था।

# इंग्लैंड ने लॉर्ड्स टेस्ट 22 रन से जीता



### 193 रन नहीं बना सका भारत, सीरीज में 1-2 से पिछड़ा, आर्चर-स्टोक्स को मिले 3-3 विकेट

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने लार्ड्स टेस्ट में भारत को 22 रन से हरा दिया। सोमवार को मैच के 5वें दिन भारत को 135 रन बनाने थे, 6 विकेट बाकी थे। टीम ने 112 रन बनाने में ही सभी विकेट गंवा दिए। इसी के साथ इंग्लैंड ने 5 टेस्ट की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त बना ली। चौथा टेस्ट 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। गुरुवार, 10 जुलाई को लंदन में इंग्लैंड ने बैटिंग चुनी। दोनों टीमें पहली पारी में 387-387 रन ही बना सकीं। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 192 रन बनाए।

193 रन के टारगेट के सामने भारत से केएल राहुल (39 रन) और रवींद्र जडेजा (नाबाद 61 रन) ही फाइट दिखा सके। बाकी कोई भी बैटर 15 रन का आंकड़ा भी नहीं छू सका। इंग्लैंड से बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर ने 3-3 विकेट लिए। 75वां ओवर डाल रहे शोएब बशीर ने मोहम्मद सिराज को बोल्ड कर दिया। इसी के साथ भारतीय टीम दूसरी पारी में 170 रन पर ऑलआउट हो गई और 22 रन से हार गई। 74वें ओवर में जोफ्रा आर्चर की बाल मोहम्मद सिराज के कंधे पर लगी। आर्चर ने ओवर की आखिरी बाल बाउंसर डाली थी। सिराज ने इससे इससे बचने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। आखिरी दिन का दूसरा सेशन भारत के नाम रहा।

31.1 ओवर के इस सेशन में भारत ने एक विकेट खोकर 51 रन बना डाले। रवींद्र जडेजा ने जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के साथ साझेदारी की। उन्होंने इंग्लैंड के जीत के इंतजार को बढ़ा दिया। रवींद्र जडेजा ने 68वें ओवर की पहली बाल पर चौका लगाकर फिफ्टी पूरी की। उन्होंने बेन स्टोक्स की लेंथ को स्लिप के ऊपर से खेला और अर्धशतक पूरा किया। जडेजा ने लगातार चौथी पारी में फिफ्टी पूरी की है। 67वें ओवर में भारत ने 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। रवींद्र जडेजा ने बेन स्टोक्स के ओवर की आखिरी बाल पर चौका लगाया और स्कोर 150 पार पहुंचा दिया था। 62वें ओवर में भारतीय टीम ने 9वां विकेट गंवा दिया।

यहां जसप्रीत बुमराह 54 बाल पर 5 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने सब्सिट्यूट प्लेयर सैम कुक के हाथों कैच कराया। बुमराह ने जडेजा के साथ 132 बाल पर 35 रनों की साझेदारी की। रवींद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह की जोड़ी ने इंग्लैंड की जीत का इंतजार बढ़ा दिया। । दोनों ड्रिंक्स ब्रेक तक 81 बाल खेल चुके थे। इंडियन टीम ने 40वें ओवर की तीसरी बाल पर 8वां विकेट गंवाया था। 48वें ओवर में रवींद्र जडेजा क्रिस वोक्स की बाल पर आउट होने से बचे।





# चेल्सी ने जीता फीफा क्लब विश्वकप

- **23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया**



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** कोल पाल्मर के पहले हाफ में किये गए दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की बदौलत चेल्सी ने फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराकर फीफा क्लब विश्वकप के पहले संस्करण का खिताब अपने नाम किया। मेटलाइफ स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में पाल्मर ने अपनी टीम के लिए 22वें मिनट में गोल किया, और आठ मिनट बाद 30वें मिनट में दूसरा गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद जोआओ पेड्रो ने तीसरा गोल दागकर स्कोर को 3-0 कर दिया। पीएसजी ने दूसरे हाफ में जवाबी हमला किया, लेकिन चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सां. चेज ने उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। पीएसजी की वापसी की सारी उम्मीदें 84वें मिनट में उस समय धराशायी हो गईं जब मार्क कुकुरेला के बाल खींचने के कारण जोआओ नेवेस को मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैच में दो शानदार गोल करने वाले 23 वर्षीय पाल्मर को मैन ऑफ द मैच और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## भारतीय शतरंज प्रतिभाओं ने चमक बिखेरी-7 पदक हासिल किए

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने अंडर-8 से अंडर-12 आयु वर्ग के फिडे विश्व कप में कुल 18 में से 7 पदक जीतकर विश्व शतरंज में अपने बढ़ते प्रभुत्व का एक बार फिर प्रदर्शन किया है। यह इस आयोजन में किसी भी देश द्वारा जीते गए सर्वाधिक पदकों का रिकॉर्ड है, जिसने भारत की वैश्विक शतरंज महाशक्ति के रूप में स्थिति को और मजबूत किया है।

# एडेन मारक्रम-मैथ्यूज जून के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए

**दुबई, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मारक्रम को पुरुष वर्ग और वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज को महिला वर्ग में जून 2025 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया है।

मारक्रम ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपने साथी खिलाड़ी कैगिसो रबाडा और श्रीलंका के सलामी बल्लेबाज पथुम निसां. का को पछाड़कर पुरुष वर्ग का पुरस्कार जीता। 30 वर्षीय सलामी बल्लेबाज मारक्रम ने 207 गेंदों पर 136 रनों की शानदार पारी खेली और कप्तान तेम्बा बावुमा के साथ तीसरे विकेट के लिए 147 रनों की साझेदारी कर 282 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया।

- **प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार फिर से प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है: हेली मैथ्यूज**

पाँच विकेट की इस जीत ने दक्षिण अफ्रीका को 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पहली बार आईसीसी खिताब जीतने में मदद की। इसके साथ मारक्रम ने दोनों पारियों में एक-एक विकेट भी लिया। महिला वर्ग में मैथ्यूज ने दक्षिण अफ्रीका की ताजमिन ब्रिट्स और हमवतन अफी फ्लेचर को पछाड़कर ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर के बाद चार बार यह पुरस्कार जीतने वाली दूसरी खिलाड़ी बन गईं। वेस्टइंडीज की कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में 104 रन बनाए, जिसमें तीसरे मैच में एक अर्धशतक भी शामिल है। उन्होंने श्रृंखला में चार विकेट भी लिए। जून माह का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने पर मार्कराम ने कहा कि यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। हमारी टीम और दक्षिण अफ्रीका के लिए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की जीत में योगदान देना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैथ्यूज ने कहा कि प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार फिर से प्राप्त करना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं हाल ही में अपने प्रदर्शन से खुश हूँ, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि टीम की सफलता में योगदान देना बहुत अच्छा रहा।खासकर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक कड़ी टी-20 सीरीज में।

# डकेट के विकेट का जश्न मनाने पर सिराज पर लगा जुर्माना



**लॉर्ड्स, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारतीय गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर बेन डकेट का विकेट लेने पर प्रतिक्रिया स्वरुप जश्न मनाने और बल्लेबाज से टकराने को लेकर 15 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया और एक डेमैरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया।

यह घटना भारत और इंग्लैंड के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन हुई। बेन डकेट को आउट करने के बाद मोहम्मद सिराज द्वारा व्यक्त की गई प्रतिक्रिया और वापस लौट रहे बल्लेबाज से टकराने को लेकर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया। 24 महीने की अवधि में यह दूसरी बार है जब उनके खाते मे डिमेरिट अंक जोड़ा गया है। उन्हें आईसीसी की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

# एमआई न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट का खिताब

- **कुंवरजीत की 13 गेंदों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई की जीत में अहम साबित हुई**




**वॉशिंगटन, वार्ता।** एमआई न्यूयॉर्क ने वाशिंगटन फ्रीडम को रोमांचक मुकाबले में पांच रन से हराकर मेजर लीग क्रिकेट 2025 का खिताब जीता।

अमेरिका के डलास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सोमवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में एमआई न्यूयॉर्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 180 रन बनाए। क्विंटन डिकॉक ने सबसे अधिक 77 रनों की पारी खेली। मोनांक पटेल ने भी तेज 28 रन जोड़े। कुंवरजीत सिंह की 13 गें. दों में नाबाद 22 रनों की तेज पारी एमआई न्यूयॉर्क के स्कोर को 180 तक पहुंचाने में अहम साबित हुई। वाशिंगटन फ्रीडम के पास खिताब बचाने का अच्छा अवसर था क्योंकि ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स आखिरी ओवर में क्रीज पर थे, लेकिन 22 साल के अमेरिकी गें. दबाज रशील उगारकर ने दबाव में शानदार गेंदबाजी की और आखिरी ओवर में 12 रन बचाते हुए एमआई न्यूयॉर्क को दूसरी बार चैंपियन बना दिया। वाशिंगटन की शुरुआत अच्छी नहीं रही।

पहले ही ओवर में शून्य स्कोर पर ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रीस गाउस को आउट कर दिया। इसके बाद रचिन रविंद्र ने 41 गेंदों में 70 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। जैक एडवर्ड्स ने भी 22 गेंदों में 33 रन बनाए। दोनों बल्लेबाजों के बीच 84 रनों की साझेदारी हुई, जिससे वाशिंगटन की उम्मीदें जिंदा रहीं। मगर उगारकर और नोस्थुश केनजिगे ने अहम विकेट लेकर मैच का रुख पलट दिया।

# हमारे ड्रेसिंग रूम में अभी भी मजबूत बल्लेबाज है, जो जीत दिला सकते है: वॉशिंगटन

**लॉर्ड्स, वार्ता।** इंग्लैंड की दूसरी पारी में चार विकेट झटकने वाले भारतीय टीम के ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने कहा कि अभी भी हमारे ड्रेसिंग रूम में मजबूत बल्लेबाज है जिनके दम पर हम यह टेस्ट जीत सकते है।चौथे दिन के खेल की समाप्ति के बाद वॉशिंगटन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमने जैसा सोचा था चीजे पूरी तरह से वैसी नहीं हुई लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ कल आएंगे।

ड्रेसिंग रूम में अभी भी हमारे पास काफी मजबूत बल्लेबाज मौजूद हैं। लॉर्ड्स में टेस्ट जीतना बेहद खास होगा। इंग्लैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन को लेकर वॉशिंगटन ने कहा कि यह गेंद के साथ मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ दिनों में से एक था, विशेष रूप से भारत के बाहर। मैं

- **हमने जैसा सोचा था चीजें पूरी तरह से वैसी नहीं हुई, लेकिन हम सकारात्मक मानसिकता के साथ फिर आएंगे**

इस मैच से पहले कुछ योजना के साथ आया था और मैं उस रणनीति को अमलीजामा पहनाना चाहता था। मैं टीम के लिए हर चरण में योगदान देना चाहता था और मैं जिस तरह से प्रदर्शन करने में सफल रहा यह मेरे लिए सुखद अनुभव है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ता है। विशेषकर इंग्लैंड में प्रदर्शन करना मेरे लिए काफी मायने रखता है क्योंकि इससे पता चलता है कि मैं इन परिस्थितियों में भी टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं।



# शादी के सात साल बाद अलग हुए साइना नेहवाल-पारुपल्ली

- **साइना नेहवान ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अलग होने की पुष्टि की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और पारुपल्ली कश्यप शादी के सात साल बाद आधिक. ारिक तौर पर अलग हो गए है। साइना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट लिखकर अपने अगल होने की पुष्टि की।

उन्होंने लिखा कि कई बार जिंदगी हमें अलग रास्तों पर ले जाती है। सोच-विचार के बाद, कश्यप पारुपल्ली और मैंने अलग होने का फैसला लिया है। हम शांति, आगे बढ़ने और खुद को समझने के रास्ते को चुन रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि बीते पलों के लिए शुक्रिया और आगे के लिए शुभकामनाएं। इस समय हमारी निजता का सम्मान करने के लिए धन्यवाद। भारतीय खेलों में कभी शक्तिशाली जोड़ी माने जाने वाले इस जोड़े ने हैदराबाद स्थित पुलेला गोपी. चंद अकादमी में एक साथ प्रशिक्षण लिया और बाद में 2004 में डेलटग शुरू की। करीब दस वर्ष की मित्रता के बाद 2018 में दोनों खिलाड़ी वैवाहिक बंधन में बंधे थे। वर्षों तक दोनों भारतीय खेल जगत की सबसे चर्चित जोड़ी में रहे। दोनों ही खिलाड़ियों का पेशेवर सफर उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा रहा है। साइना ने 2012 के लंदन ओलंपिक में विश्व की नंबर वन रैंलकग और कांस्य पदक जीतकर अपनी पहचान बनाई, वहीं पारुपल्ली ने 2014 के राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर और डब्ल्यूएफ की शीर्ष 10 रैंलकग में जगह बनाई। पारुपल्ली ने 2024 में बैडमिंटन से संन्यास ले लिया था। बीते कुछ सालों में वह साइना के कोच भी रहे। उनका रिश्ता पहले ट्रेनिंग पार्टनर से कोच-एथलीट की जोड़ी में बदला।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को 143 रन पर रोका

- **दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप तक 6 विकेट पर 99 रन बना लिए है**

**जमैका, वार्ता।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 143 के स्कोर पर समेटने के बाद 82 रनों की बढ़त हासिल कर ली इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए स्टंप्स तक छह विकेट पर 99 रन बना लिए हैं और कुल 181 रनों की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है।

दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने एक विकेट पर 16 रन से आगे खेलना शुरु किया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज के बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके और एक-एक करके विकेट गवां रहे। वेस्टइंडीज का दूसरा विकेट ब्रैंडन किंग (14) के रूप में गिरा। इसके बाद कप्तान रॉस्टन चेज (18), जॉन कैंपबेल (36), मिकाइल लुईस (सात), शे होप (23), अल्जारी जोसेफ (दो) रन बनाकर आउट हुए। जस्टिन ग्रीव्स (18) रनआउट हुए। शमार जोसेफ (आठ) के रूप में वेस्टइंडीज का आखिरी विकेट 52-1 ओवर में 143 रन पर गिरा। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी के आधार पर 82 रनों की बढ़त ले ली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट लिए। जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। मिचेल स्टार्क और बो वेब्स्टर को एक-एक विकेट मिला। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 19 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। सैम कॉन्स्टास (शून्य) और उस्मान ख्वाजा (14) रन बनाकर आउट हुए। दोनों ही बल्लेबाजों को शमार जोसेफ ने आउट किया। इसके बाद अल्जारी जोसेफ ने ऑस्ट्रेलिया के तीन बल्लेबाजों को आउट किया। स्टीव स्मिथ (पांच), एलेक्स कैरी (तीन), बो वेब्स्टर (13) रन बनाकर आउट हुए। ट्रेविस हेड (16) को ग्रीव्स ने आउट किया। दूसरे दिन स्टंप के समय ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 99 रन बनाकर लिए है और उसकी कुल बढ़त 181 रनों की हो गई। वेस्टइंडीज की ओर से अल्जारी जोसेफ ने तीन और शमार जोसेफ ने दो विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स ने एक बल्लेबाज को आउट किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाये थे।

## रग्बी विश्वकप 2027 क्वालीफाई को लेकर भिड़ेंगे जिम्बाब्वे और नामीबिया

**कंपाला, वार्ता।** जिम्बाब्वे और नाम. ीबिया रग्बी अफ्रीका कप फाइनल में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया में 2027 में होने वाले रग्बी विश्वकप में सीधा क्वालीफाई के लिए भिड़ेंगे। नामीबिया ने रविवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में अधिकतर समय गेंद पर कब्जा और क्षेत्र में दबदबा बनाये रखते हुए अल्जीरिया को 21-7 से हराया। अगर नामीबिया इस फाइनल मुकाबले में जीत दर्ज करता है तो यह आठवीं बार होगा जब वह विश्वकप में जगह बनायेगा। वहीं मंडेला नेशनल स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में जिम्बाब्वे ने केन्या को 29-23 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। जिम्बाब्वे हाफटाइम तक केन्या से 18-13 से पीछे था, लेकिन दूसरे हाफ में उसने वापसी करते हुए 16 अंक बनाकर जीत हासिल की।

# सावन के प्रथम सोमवार पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** श्रावण मास का पहला सोमवार शिवभक्ति और आस्था की उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से चन्दौसी एवं आसपास क्षेत्र के शिवालय गूंज उठे और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां लोगों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। बता दें कि चन्दौसी और आसपास के क्षेत्रों के मंदिरों जैसे मौलागढ़ काली मंदिर व शिव मंदिर, हनुमानगढ़ी स्थित शिव मंदिर, बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर, सादातवाड़ी स्थित शिव मंदिर आदि स्थानों पर सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। शिवभक्तों ने गंगाजल, बेलपत्र, दूध, दही, शहद और फूलों से बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया। सावन सोमवार को लेकर मंदिर समितियों द्वारा विशेष सजावट की गई थी। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद, जलपान और भंडारे की भी व्यवस्था की गई। वहीं महिलाओं और कन्याओं ने शिवलिंग पर जल चढ़ाकर अखंड सौभाग्य की कामना की। युवाओं और कांवडिघ्यों में भी विशेष उत्साह देखने को मिला। सावन के पहले सोमवार को जहां हाईवे पर कांवडिघ्यों की भीड़ रही, रास्ते में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा कांवडिघ्यों पर पुष्प वर्षा की गयी।

साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल मंदिरों के आसपास तैनात किया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने हेतु प्रमुख मार्गों पर बेरिकेडिंग की गई और कई स्थानों पर मार्ग डायवर्ट भी किए गए। सावन माह का धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व होता है, और उसका आरंभिक सोमवार श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन का अनूठा संगम बन गया। साथ ही पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई, एएसपी राजेश श्रीवास्तव द्वारा पुलिस बल के साथ शिवालयों का दौरा किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# पीडीए की बैठक में 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के ग्राम खाबरी अब्बल में सेक्टर धर्मपुर कलां के बूथों की सोमवार को पीडीए की बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में पहुंचे बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि पीडीए की बढ़ती लोकप्रियता और आपार जनसमर्थन से भाजपा बुरी तरह घबराई हुई है, कहा कि भाजपा सरकार के कार्यप्रणाली से जनता खुश नहीं है, प्रदेश की जनता जाग चुकी है और वह 2027 में भाजपा की सरकार को हटाकर सपा की सरकार प्रदेश में बदलवाकर रहेगी। भाजपा सरकार में महंगाई चरम सीमा पर है, बड़ी संख्या में नौजवान बेरोजगार घूम रहे है, भाजपा सरकार में पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यकों को आपस में बांटकर शोषण किया जा रहा है। बैठक के अन्त में पीडीए की मजबूती और 2027 में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर हाजी मौहम्मद उस्मान एडवोकेट, सेक्टर प्रभारी मौहम्मद सालिम, मौ0 नबी, रमेश प्रजापति, दिलीप कश्यप, विकास कश्यप, एपी यादव, रिजवान, दानिश, वसीम, मोनिस, दिलशाद, गोकिल, राजीव सिंह आदि पीडीए परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

# कांवड़ियों के दो जत्थे हरिद्वार के लिए रवाना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** सावन मास के पहले सोमवार पर क्षेत्र में शिवभक्ति का उत्साह रहा। इसी क्रम में थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम दियौरा खास से सोमवार को शिवभक्तों के दो जत्थे हरिद्वार से गंगाजल भरने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली से हरिद्वार रवाना हुए।

रवाना होने से पहले दोनों जत्थों ने गाँव में स्थित होली मेला ग्राउंड शिव मंदिर, चामुंडा देवी मंदिर, और धुबिया शिव मंदिर पर पूजा-अर्चना की और मंगलमय यात्रा की कामना की। पूरे गांव में धार्मिक वातावरण बना रहा।

महिलाएं शिव भजन गाते हुए भक्तों के साथ मंदिर तक पहुँचीं और पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर जत्थों को शुभकामनाएं दीं और सुरक्षित यात्रा की कामना की। हरिद्वार जाने वालों में श्रीनिवास यादव, रनवीर सिंह, लखमीचंद, महावीर सिंह, नेम सिंह, डालचंद, कल्लू शर्मा, जितेन्द्र सिंह, नीरज यादव, उदयवीर मौर्या, करतार सिंह, गुरुवचन, सुरेश, रोहित, योगेन्द्र, कुंवरपाल आदि शामिल रहे।

# हापुड़ घटना के विरोध में लेखपाल संघ का धरना

## ■ मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सोमवार को उ0प्र0 लेखपाल संघ उपशाखा चन्दौसी द्वारा तहसील परिसर में धरना दिया गया और उपजिलाधिकारी चन्दौसी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में कहा गया कि जनपद हापुड़ में एक लेखपाल पर ग्रामवासियों द्वारा सुविधा शुल्क मांगने का आरोप लगाया गया जिसके चलते लेखपाल को निलंबित कर दिया गया। इस कारण लेखपाल ने मानसिक अवसाद के चलते विषाक्त पदार्थ का सेवन कर जीवनलीला समाप्त कर ली।

लेखपाल संघ द्वारा इस घटना के विरोध में तहसील परिसर में धरना दिया गया और मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान शिवओम शर्मा, वरुण सक्सेना, रविन्द्र सिंह, ज्ञानसिंह, गोपाल सिंह, संजीव कुमा, अमित कुमार, जगवीर सिंह, राहुल यादव, सुनील बाबू, चंद्रेश वार्ष्णेय, अतुल पाठक, पुष्पेन्द्र सिंह आदि लेखपाल मौजूद रहे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से बदायूं में सम्मानित होंगी भुवनेश और योगिता



**कांठ।** राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2025 में भुवनेश कुमारी प्रधानाध्यापिका प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ का लगातार दूसरी बार चयन हुआ है। प्रधानाध्यापिका भुवनेश कुमारी को 15 जुलाई को बदायूं में शिक्षक संतपाल सिंह राठौर की 11वीं पुण्यतिथि पर जन दृष्टि व्यवस्था सुधार मिशन के तत्वाधान में आओ जीत सम्मान समारोह में दूसरी बार सम्मानित किया जाएगा। प्रधान अध्यापिका भुवनेश कुमारी को यह सम्मान पिछले वर्ष 15 जुलाई 2024 को भी प्रदान किया गया था। भुवनेश कुमारी बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक विद्यालय माननगर कांठ, विकास खंड छजलैट, में प्रधानाध्यापिका के पद पर अपनी सेवाएं दे रही है। इनके साथ शिक्षिका योगिता उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर को भी राष्ट्रीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान 2025 से नवाजा जाएगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने बताया कि भुवनेश कुमारी व योगिता दोनों शिक्षिकाओं पर विभाग को गर्व है। दोनों शिक्षिकाएं विभाग के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। खण्ड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने दोनों शिक्षिकाओं को इस सम्मान के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### खंड विकास कार्यालय के सामने बैठा बेसहारा गोवंश, नहीं दिखाई देता अधिकारियों को



**कांठ।** सरकार ने बेसहारा गोवंश को गौशालाओं में संरक्षित करने के निर्देश दे रखे हैं इसके लिए तहसील क्षेत्र में आधा दर्जन के करीब गौशालाए भी संचालित हैं गोवंश फिर भी सड़कों पर घूम रहे हैं और खंड विकास कार्यालय के सामने बैठा गोवंश इस व्यवस्था को भी आईना दिखा रहा है। सभी जानते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गोवंश को सुरक्षित और संरक्षित करना ड्रीम प्रोजेक्ट है इसके लिए उन्होंने जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को निर्देश भी दे रखे हैं बताया गया कि अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग अधिकारियों को खुले में घूम रहे गोवंशों को गौशाला में संरक्षित करने के लिए निर्देशित भी किया जा चुका है। मगर इसके बावजूद भी गोवंश को खुले में आज भी घूमते या घायल अवस्था में पड़ा होते देखा जा सकता है यदि गोवंश कहीं दुर्घटना में घायल होता है तो उसकी सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी और खंड विकास अधिकारी को दी जाती है मगर यह गोवंश तो उस भवन के सामने सड़क पर बैठा है जहां पर दोनों अधिकारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मगर इस गोवंश पर किसी भी अधिकारी की निगाह नहीं पड़ रही है।

गोवंश से प्रेम करने वाले लोगों ने बेसहारा गोवंशों को गौशालाओं में संरक्षित कराए जाने की मांग उठाई है।

### हिंदू मंडल किसरोल ने भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में की महाआरती

**मुरादाबाद।** हिंदू मंडल किसरोल 84 घंटा महानगर द्वारा भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में प्रतिमा पर एक महा आरती का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडुला एवं संयुक्त व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने अपने पदाधिकारी के साथ दोनों ने मिलकर शांति सुख समृद्धि भाई चारा आपस में बना रहे महाआरती की इसमें बड़ी संख्या मे श्रद्धालुओं ने भाग लिया जिसमें मुख्य रूप से हिंदू मंडल किसरोल के महामंत्री राजेंद्र गुप्ता कोषाध्यक्ष सत्यदेव शर्मा अभिषेक भटनागर भगवान पार्श्वनाथ महिला संकीर्तन मंडल की अध्यक्ष सविता शर्मा रामू सोती सर्वेश त्रिवेदी राजू शर्मा प्रेम प्रजापति आलोक सैनी श्याम बिहारी शर्मा समीर भटनागर संजय गुप्ता अनुज शर्मा विशाल शर्मा विशाल शुक्ला सुप्रीत खन्ना शिवम गुप्ता मनीष बैरी शिवम अग्रवाल अजय दिवाकर बाबूराम आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### भाजपा के पूर्व नगराध्यक्ष लाला कमलेश का लंबी बीमारी के बाद निधन

**भोजपुर।** सोमवार को भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष लाला कमलेश अरोरा (63) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। दो वर्ष पहले उनका लीवर संक्रमित हो गया था। नई दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। सोमवार को उपचार के दौरान अस्पताल में उनका निधन हो गया। हिंदू धर्म के रीति-रिवाज के अनुसार उनका गुलाब बाड़ी में स्थित शमसान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### कविन्द्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किए जाने पर वैश्य समाज में खुशी की लहर

**चन्दौसी।** सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री जम्मू कश्मीर व अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संरक्षक कविन्द्र गुप्ता को केंद्र शासित राज्य लद्दाखघ का उपराज्यपाल नियुक्त जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय डी. आर. ने कहा कि माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा कविंद्र गुप्ता को उपराज्यपाल बनाकर वैश्य समाज का मान रखा है। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय, जिला प्रभारी गिरीश रतन, जिलाध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, युवा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अरुण अन्नूजस्टी गुप्ता, शिखर गोयल, विनय अग्रवाल मोनू, सार्थक अग्रवाल, गौरव गोयल, अमित मित्तल आदि लोग मौजूद रहे।

# अवैध अतिक्रमण का शीघ्र होगा समाधान

**चन्दौसी।** नगरपालिका की करोड़ों रुपये की जमीन को लेकर अब न्यायालय ने रास्ता साफ कर दिया है। आखिर लोग नगरपालिका की जमीन पर अवैध रुप से निर्माण कार्य करते रहे। किसी ने आवाज नहीं उठाई। यह एक दम नहीं हुआ, कुछ तो समय लगा पर वर्षों तक लोग कब्जा कर निर्माण कार्य कर उसमें रहते रहे। एक भी नोटिस नहीं मिला, जब मामला सिर से ऊपर हो गया तो नगरपालिका द्वारा अवैध कब्जा करके उनको विक्रय कर दिया। लोगों ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे नगरपालिका की भूमि की प्लाटिंग कर बेच दिया परंतु सरकारी मशीनरी मूकदर्शक बनी रही। बाद में शिकायत पर नगरपालिका ने दीवानी में मुकदमे भी दर्ज कराये एवं जीत भी हासिल हुई पर लोगों ने अवैध रुप से बनाए गए मकानों से कब्जे नहीं हटाये। पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा अपने मनोबल दृढ़ विश्वास के साथ पूरे शहर से लेकर लक्ष्मनगंज 35बी फाटक शक्तिनगर आदि स्थानों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर चन्दौसी को अपने मूल स्वरुप में लाने का कार्य किया।

अवैध रुप से बनायी गयी दुकानें खाली करा दी गयी परंतु उनके जाते ही कार्यवाही की गति धीमी हो गयी पर लक्ष्मनगंज के लिए उच्च न्यायालय से ऐसा आदेश आया है कि जिसे सरकारी मशीनरी संचालित करेगी एवं शेष अतिक्रमण हटाया जायेगा। अब सारी कार्यवाही से कोई अतिक्रमणकारी बच नहीं पायेगा।

# टीएमयू के पैरामेडिकल कॉलेज में करियर की अपार संभावनाएं

**मुरादाबाद।** मेडिकल फील्ड में पैरामेडिकल की भूमिका भी कमतर नहीं है। दुनिया के किसी भी हॉस्पिटल में इमरजेंसी सर्विस, ब्लड बैंक, डायग्नोस्टिक सेंटर, पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड सेंटर, क्लीनिकल लैब, नेत्र जांच सेंटर आदि में हमेशा पैरामेडिकल के पेशेवरों की डिमांड रहती है। पैरामेडिकल के क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक युवाओं को साइंस स्ट्रीम में 10+2 पास आउट होना चाहिए। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के सभी कोर्सेज यूपी स्टेट मेडिकल फैकल्टी-यूपीएसएमएफएसी, लखनऊ से मान्यता प्राप्त हैं। टीएमयू के पैरामेडिकल कॉलेज में मेडिकल लैब टेक्निक्स की 120, रेडियोलॉजिकल इमेजिंग टेक्निक्स की 120, ऑप्टोमेट्री में 80, फॉरेंसिक साइंस की 60 सीटों के अलावा 15 डिप्लोमा कोर्सेज में 500 सीटें हैं। कोई भी कोर्स करने के बाद छात्रों के लिए पैरामेडिकल के क्षेत्र में करियर को असीमित द्वार खुले हैं। पैरामेडिकल के स्टुडेंट्स के लिए तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में 1,000 प्लस बेड का मल्टी एवम् सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल संचालित है, जिसमें छात्र क्लीनिकल अनुभव प्राप्त करते हैं। कॉलेज में अति आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित 25 लैब्स हैं। अनुभवी फैकल्टीज के चलते कॉलेज के प्लेसमेंट का ट्रैक रिकॉर्ड भी शानदार है। टीएमयू हॉस्पिटल के संग-संग दीगर नामचीन हॉस्पिटल्स- मेदांता, अपोलो, मैक्स आदि में इंटर्नशिप और जॉब के स्वर्णिम अवसर हैं। पैरामेडिकल के छात्रों को कैंपस के अंदर ही क्लीनिकल पोस्टिंग की सुविधा भी है। कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार कहते हैं, टीएमयू में मेडिकल लैब टेक्निक्स, ऑप्टोमेट्री, रेडियोलॉजिकल इमेजिंग टेक्निक्स, फॉरेंसिक साइंस के अलावा पीजी प्रोग्राम्स में एमएससी मेडिकल लैब टेक्निक्स, एमएससी रेडियोलॉजिकल इमेजिंग टेक्निक्स, एमएससी इन ऑप्टोमेट्री, एमएससी इन फॉरेंसिक साइंस, यूजी प्रोग्राम्स में बीएससी इन मेडिकल लैब टेक्निक्स, बीएससी रेडियोलॉजिकल इमेजिंग टेक्निक्स, बैचलर ऑफ ऑप्टोमेट्री, बीएससी इन फॉरेंसिक साइंस, डिप्लोमा प्रोग्राम्स में मेडिकल लैब टेक्निशियन, ऑप्टोमेट्री, एक्स-रे टेक्निशियन, सीटी स्कैन टेक्निशियन, इमरजेंसी एंड ट्रॉमा ब्लड ट्रांसफ्यूजन, कार्डियोलॉजी टेक्निशियन, डायलिसिस टेक्निशियन, एन्सथीसिया टेक्निशियन एंड क्रिटिकल केयर, ऑडियो एंड स्पीच थेरेपी टेक्नीशियन, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्निशियन, नियोनेटल, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी के संग-संग पीएचडी की सुविधा है। प्रो. नवनीत कुमार कहते हैं, किन्हीं कारणों से किसी का नीट या मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन नहीं हो पाया है तो वे प्रवेश के लिए पात्र हैं। जैन छात्र-छात्राओं को प्रवेश में वरीयता के संग-संग शिक्षण शुल्क में विशेष छूट का भी प्रावधान है। कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज का देश-विदेश की नामचीन कंपनियों/संस्थाओं/यूनिवर्सिटीज जैसे- डीएनए लैब, हॉक आई फॉरेंसिक, पायोनियर सेंटर ऑफ बायोसाइंसेज, अथर्वा लैबेरेट्रीज, सासाकावा इंडिया, कार्ल जाइस इंडिया, लेंसकॉर्ट, यूनिवर्सिटी ऑफ फिलिपींस आदि से एमओयू भी हैं।

# आवारा गोवंश समस्या पर नगरपालिका सक्रिय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर क्षेत्र में आवारा गौवंश की संख्या निरंतर बढ़ रही थी। ये पशु कई बार हिंसक होकर राहगीरों को घायल भी कर चुके हैं। लंबे समय तक स्थायी अधिशासी अधिकारी की अनुपस्थिति के चलते समस्या पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सका, लेकिन अब स्थिति में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। अधिशासी अधिकारी धर्मराज ने चन्दौसी नगरपालिका का कार्यभार संभालते ही सक्रियता दिखाते हुए नगर कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शासन के आदेशों के अनुसार कार्य धरातल पर नजर आना चाहिए। उन्होंने गौवंशीय पशु समस्या को प्राथमिकता में रखते हुए नगर में कैटिल कैचर वाहन की मदद से अभियान चलाया। इस अभियान के तहत अब तक 60 से अधिक आवारा गौवंशीय पशुओं को पकड़कर गौशाला में भेजा गया है, जहां उनके लिए चारे और इलाज की समुचित व्यवस्था की गई है। इससे नगरवासियों को बड़ी राहत मिली है। हालांकि, एक नई समस्या के रूप में सीमावर्ती गांवों से इन पशुओं को रात्रि के समय नगर क्षेत्र में छोड़ने की घटनाएं सामने आई हैं। पथरा, तारापुर, देवरखेड़ा, आटा, चमरपुरा, असालतपुर जारई, सैंजनी, रुस्तमपुर उगिया और मौलागढ़ जैसे गांवों से बड़ी संख्या में पशुओं को नगर क्षेत्र में छोड़ दिया जाता है, जिससे नगरपालिका की मुहिम को बाधा पहुंच रही है। इसके बावजूद नगर पालिका चन्दौसी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है ताकि क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके। अधिशासी अधिकारी ने आमजन से भी अपील की है कि वे इस मुहिम में सहयोग करें और आवारा पशुओं को नगर सीमा में न छोड़ें।

गौशाला में सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं और नगरपालिका की मंशा है कि चन्दौसी को एक स्वच्छ नगर के रूप में स्थापित किया जाए।

# राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय किसान संघर्ष समिति द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चन्दौसी को सौंपा गया जिसमें कहा गया कि किसानों की समस्याओं को बार-बार कहने के बावजूद उनकी समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारी गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। इसके कारण किसानों में काफी रोष व्याप्त है, किसानों की समस्याओं का जल्द ही कोई समाधान नही हो पा रहा है। जनपद सम्भल के तहसील चन्दौसी-बेरनी मार्ग पर ग्राम असालतपुर जारई से बेरनी की ओर लगभग 1.5 किलोमीटर आगे हिंदुस्तान प्लेज पार्क के बराबर से एनएच-509 चन्दौसी मुरादाबाद मार्ग पर फोरलेन प्रस्तावित किया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त फोरलेन की नाप चक एनएच-501 से एक तरफ की भूमि नापी गई है जो कि नियम विरुद्ध है जबकि चक मार्ग के दोनों तरफ से बराबर भूमि लेनी चाहिए। इससे सैकड़ों किसानों की उपजाऊ कृषि योग्य भूमि ली जा रही है जिसका किसानों को भूमि का चार गुना मुआवजा मिलना चाहिए। अतः इससे 01 किलो मीटर आगे से पक्का मार्ग भी है जो मुरादाबाद हाईवे से मिलता है अगर इसी का चौड़ीकरण करा दिया जाये। किसानों ने मांग की है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों को समस्याओं के समाधान हेतु मिलने का समय, स्थान व दिनांक की सूचना अविलंब सुनिश्चित करें। किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिल सके और अपनी समस्याओं को रख सके।

# स्थानांतरण के 15 दिनों के उपरांत शिक्षकों को विद्यालय में पदभार ग्रहण करने का मिला आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** परिषदीय स्कूलों में शिक्षक एवं छात्र अनुपात को आधार मानते हुए सरकार ने सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों से सूची मांगी थी कि उनके ब्लाकों में परिषदीय स्कूलों में तैनात शिक्षकों व छात्र संख्या का क्या अनुपात है क्योंकि दर्जनों विद्यालय ऐसे थे जिनमें छात्र नामांकन 12, 13 व 43 के मध्य था। शिक्षकों के तमाम प्रयासों के बाद स्कूलों में छात्र संख्या नहीं बढ़ी, आखिर सरकार ने जब सूची मांगी तो पता लगा कि प्रत्येक विद्यालय पर तीन से चार लाख रु. खर्च करने के उपरांत उसका परिणाम सकारात्मक नहीं आ रहा है। ऐसे विद्यालय को निकटतम विद्यालय में विलय करने का प्रावधान किया गया। साथ ही संभल जनपद के शिक्षा को गुणवत्ता सुदृढ़ करने की नीयत से ऐसा किया गया परंतु कुछ लोग विरोध कर भी रहे हैं पर सरकार शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी बनाता चाहती है जिसमें ऐसे लोगों को कष्ट हो रहा है जो कर्तव्यों से मुख मोड़े हुए हैं। कहावत है कि जो वस्तु कठिनाई से मिलती है उसका महत्व अधिक होता है और जो वस्तु सरलता से मिल जाये उसका मूल्य नहीं होता।

फिलहाल सरकार ने पारदर्शिता के साथ स्थानांतरण 30 जून को कर दिया गया परंतु अध्यापकों को 15 दिनों उपरांत बेसिक शिक्षा कार्यालय से पत्र जारी किया गया है जिसमें 136 शिक्षक 15 जुलाई को अपने-अपने विद्यालय में चार्ज संभालेंगे। इस प्रकार का आदेश बीएसए अलका शर्मा द्वारा जारी किया गया है। हालांकि सभी शिक्षकों द्वारा स्थानांतरण के उपरांत 15 दिनों तक जिला मुख्यालय पर उपस्थिति दर्ज कराई गई है।

# कांग्रेसियों ने सरकार के विद्यालय बंद नीति के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** कांग्रेसियों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5 हजार प्राथमिक विद्यालय बंद किए जाने के फैसले के विरोध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। सोमवार को नगर अध्यक्ष मोहम्मद फारूक के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सोपा गया। जिसमें कहा गया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 5000 प्राथमिक विद्यालयों को जो बंद करने का आदेश दिया है वह शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है।

विद्यालय को बंद करने का सीधा असर गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों पर पड़ेगा जबकि शिक्षा अधिकार अधिनियम 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों को मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा देने की बात करता है। सरकार का यह फैसला जन विरोधी फैसला है और बच्चों के शिक्षा के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है।

यह फैसला गांव के गरीब व पिछड़ा वर्ग के बच्चों को शिक्षा से दूर करेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में वैसे भी शिक्षा का अभाव है और बच्चों को दूर दराज के क्षेत्र में स्कूलों की कमी की वजह से पढ़ने जाना पड़ता है। इस फैसलों को वापस करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से इंजीनियर मोहम्मद अयाज एडवोकेट, फहीम अहमद, निजामुद्दीन, आफताब पधान, नूर आलम, मोहम्मद फारूक, मुनाजिर अली, आरिफ, चौधरी एहसान खान, मोहम्मद इरफान, वीरेंद्र कुमार, इस्माइल, रशीद अहमद, दाऊद खान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भारत का गौरव

भारत के लिए यह बेहद गौरव की बात है कि भारतीय अंतरिक्ष यात्री सुधांशु शुक्ला अंतरिक्ष में अपनी सफल यात्रा कर धरती की ओर लौट रहे हैं। वह सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएसएस) से रवाना हो गए। वह अपने तीन अंतरिक्ष यात्रियों के साथ लौट रहे हैं। उनके मंगलवार अपरान्ह तीन बजे धरती पर वापस लौटने की उम्मीद है। एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेस एक्स का ड्रेगन अंतरिक्ष यान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4 बजकर 35 मिनट पर आईएसएस से अलग हो गया। एग्जिओम स्पेस के अनुसार 22:5 घंटे के बाद सभी यात्री अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास समुद्र में उतरेंगे। शुभांशु शुक्ला इस मिशन में पायलट के तौर पर शामिल हुए थे। वहां उन्होंने कई अनुसंधान मिशनों को अंजाम दिया। जिनमें इसरो द्वारा तैयार किए गए मिशन भी शामिल थे। भारत भी अपने अंतरिक्ष मिशन गगन यान की तैयारी कर रहा है और जल्द ही इसे लॉन्च किए जाने की उम्मीद है। शुभांशु शुक्ला गगन यान मिशन के लिए भी चयनित संभावित क्र में शामिल हैं। वह इस क्रू में एकमात्र ऐसे सदस्य बन गए हैं जिनके पास अंतरिक्ष यात्रा का भी अनुभव होगा, जो इसरो के मिशन के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा, जैसाकि हम जानते हैं शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए 25 जून को धरती से रवाना हुए थे और यह मिशन 26 जून को आईएसएस पहुंचा था। शुभांशु शुक्ला राकेश शर्मा के बाद अंतरिक्ष जाने वाले दूसरे भारतीय हैं। 41 साल पहले राकेश शर्मा ने यह गौरव हासिल किया था। वैसे भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स नासा के मिशनों में आईएसएस पर जा चुकी हैं। बताया जा रहा है कि शुल्का ने मिशन के दौरान 60 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोगों में हिस्सा लिया, जिसमें भारत के साथ प्रयोग शामिल थे, उन्होंने मैथी और मूंग के बीजों को अंतरिक्ष में उगाया। स्पेस माइक्रोएल्गी प्रयोग में भी हिस्सा लिया। अंतरिक्ष में हड्डियों की सेहत पर भी प्रयोग किए गए। निश्चित रूप से इस तरह के मिशन में भाग लेने से भारत के वैज्ञानिकों में उत्साह का नया संचार पैदा होता है। विशेषकर युवाओं के लिए इस तरह के मिशन बेहद प्रेरक साबित होते हैं। शुभांशु शुक्ला ने आठ जुलाई को तिरुवनंतपुरम, बेंगलुरु और लखनऊ के 500 से अधिक छात्रों के साथ बातचीत की थी और उसका मकसद यही था कि युवाओं में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के प्रति रूचि बढ़ी। उन्होंने 28 जून को अंतरिक्ष से ही पीएम मोदी के साथ लाइव वीडियो कान्फ्रेंस की थी, जिसमें पीएम उनसे पूछा था कि आप गाजर का हलवा लेकर गए हैं, क्या साथियों को खिलाया। इस पर शुभांशु शुक्ला ने हामी भरी थी और कहा था कि सबने बैठकर साथ खाया। अब सभी की नजर इस बात पर लगी है जब वह धरती पर लौटेंगे, तो अपने अनुभव साझा करेंगे, पूरा देश व दुनिया उनकी अंतरिक्ष यात्रा के अनुभव साझा करने के लिए पूरी तरह उत्सुक दिखाई दे रहा है, जोकि स्वाभाविक भी है। अब जबकि अपने पहले अंतरिक्ष मिशन के लिए भारत तैयारी कर रहा है, यह वह गगन यान नाम देकर कर रहा है। निश्चित रूप से शुभांशु शुक्ला भारत के इस मिशन में अपनी भूमिका निभाएंगे।

## सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी



समाज में कुछ ऐसे लोग भी होने चाहिए, जो सरकार के खिलाफ केस दाखिल कर सकें, अगर सिस्टम में अनुशासन चाहिए, तो सरकार के खिलाफ अदालत का सहारा लेना जरूरी है, कई बार अदालत का आदेश ऐसे काम भी करवा देते हैं, जो सरकार नहीं करवा पातीं, समाज में कुछ लोगों को सरकार के खिलाफ अदालत में याचिकाएं दाखिल करनी चाहिएं, इससे नेताओं और सिस्टम में अनुशासन आता है, ऐसा इसलिए क्योंकि जनता को लुभाने की राजनीति नेताओं-मंत्रियों के आड़े आती है और वे जनहित में कदम नहीं उठा पाते, प्रशासन में अनुशासन बनाए रखने के लिए यह जरूरी चीज है।

**-नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री**

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव



ललित गर्ग




भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रुपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं।

विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्र-विरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दापाश करता है, जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। यह नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड्यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है, क्योंकि नकली नोट बाजार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नए भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गांव और गरीब तक पहुंचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अ.श्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिए डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियां समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड्यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुंचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है।


डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहां एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को 21वीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की मांग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहां नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# Y क्रोमोसोम रहित ट्यूमर अधिक घातक होते हैं

**शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिक. ाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा को. शिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।**



यह बात तो पता है कि पुरुषों में उम्र के साथ कुछ कोशिकाओं से क्रोमोसोम नदारद होने लगते हैं, खासकर कैंसर कोशिकाओं से, लेकिन यह मालूम नहीं था कि क्रोमोसोम की अनुपस्थिति से शरीर पर किस तरह के प्रभाव पड़ते हैं। अब, कैंसर विशेषज्ञों ने कैंसर कोशिकाओं के एक ताजा अध्ययन में पाया है कि यदि कैंसर ट्यूमर से क्रोमोसोम नदारद होता है तो मरीज के लिए अधिक घातक हो सकता है।

दरअसल, 2023 में एरिजोना विश्वविद्यालय के कैंसर विशेषज्ञ थियोडोरस्क्यू और उनके दल ने पाया था कि क्रोमोसोम का नदारद होना मनुष्यों में मूत्राशय के कैंसर की आक्रामकता को बढ़ाता है। उम्र बढ़ने के साथ प्रतिरक्षा कोशिकाओं से भी Y क्रोमोसोम गायब हो सकते हैं, जिससे कैंसर से मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है।

हालिया अध्ययन में उपरोक्त शोधदल ने कैंसर-कोशिका जीनोम के विशाल भंडार से प्राप्त जानकारी के आधार पर दो समूहों की तुलना की। Y क्रोमोसोम विहीन और ल क्रोमोसोम सहित। उन्होंने पाया कि पुरुषों में, कई प्रकार के कैंसर में, कैंसर ट्यूमर से Y क्रोमोसोम नदारद हो तो वे उन मरीजों की तुलना में जल्दी मर जाते हैं जिनके कैंसर ट्यूमर में Y क्रोमोसोम मौजूद होता है। यह भी पता चला कि Y क्रोमोसोम का लोप कैंसर कोशिकाओं और प्रतिरक्षा कोशिकाओं दोनों में होता है। गौरतलब है कि प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर की रक्षा के लिए ट्यूमर पर हमला करती हैं। अब, महज कैंसर कोशिकाओं से Y क्रोमोसोम का लोप होता है तो उनमें अन्य उत्परिवर्तनों की संख्या और गंभीरता बढ़ती है। साथ ही, कुछ ऐसे परिवर्तन भी हो सकते हैं जिससे ट्यूमर प्रतिरक्षा प्रणाली की नजर से बच निकले, उसकी पकड़ में न आए, लेकिन यदि Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं में भी हो जाता है तो असर अलग होते हैं Y क्रोमोसोम का लोप प्रतिरक्षा कोशिकाओं को निष्क्रिय कर देता है और प्रतिरक्षा तंत्र को शांत कर देता है, जिससे वे कैंसर से लड़ने के उतनी काबिल नहीं रहतीं। यानी, एक तो ट्यूमर बहुरूपिया, ऊपर से प्रतिरक्षा कोशिकाओं की नजर कमजोर। यह स्थिति मरीज के लिए घातक साबित होती है। शोधकर्ताओं का अनुमान है कि कैंसर कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप और उसी ट्यूमर के अंदर मौजूद प्रतिरक्षा कोशिकाओं में Y क्रोमोसोम के लोप के बीच एक सहसम्बंध भी है, हो सकता है कि विचित्र रासायनिक आकर्षण (कीमोअट्रैक्शन) की वजह से ऐसी प्रतिरक्षा कोशिकाएं रक्त से ट्यूमर में खिंची चली आती होंगी जिनमें Y क्रोमोसोम नदारद होता है। हालांकि अभी इस बात के पुख्ता प्रमाण नहीं हैं। लेकिन इतना पक्का है कि Y क्रोमोसोम की गैर-मौजूदगी कैंसर कोशिकाओं को अधिक आक्रामक बनाती है, और Y क्रोमोसोम रहित प्रतिरक्षा कोशिकाएं कम प्रभावी होती हैं।

**स्रोत फीचर्स**

# ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजनाः पर्यावरण से खिलवाड़



विनीत नारायण

ग्रेट निकोबार द्वीप, जो भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का हिस्सा है, अपनी अनूठी जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। यह द्वीप भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु, इंदिरा पॉइंट, होने के साथ-साथ यूनेस्को बायोस्फीयर रिजर्व भी है। कुछ समय पहले नीति आयोग द्वारा प्रस्तावित रुपये 72,000 करोड़ की ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना ने इस क्षेत्र को वैश्विक व्यापार, पर्यटन और सामरिक महत्व का केंद्र बनाने का लक्ष्य रखा है। इस परियोजना में एक अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा, एक टाउनशिप और एक गैस और सौर ऊर्जा आधारित पावर प्लांट का निर्माण शामिल है। इस परियोजना को लेकर पर्यावरणविदों, आदिवासी अधिकार कार्यकर्ताओं और विपक्षी दलों ने गंभीर चिंताएं व्यक्त की हैं।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना को नीति आयोग ने 2021 में शुरू किया था, जिसका उद्देश्य इस द्वीप को एक आर्थिक और सामरिक केंद्र के रूप में विकसित करना है। यह द्वीप मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित है, जो विश्व के सबसे व्यस्त समुद्री मार्गों में से एक है। परियोजना के तहत 16,610 हेक्टेयर भूमि का उपयोग किया जाएगा, जिसमें से 130.75 वर्ग किलोमीटर प्राचीन वन क्षेत्र शामिल है। इस परियोजना को राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति के तहत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों ने इसे विवादों के केंद्र में ला खड़ा किया है।

ग्रेट निकोबार द्वीप 1989 में बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया था और 2013 में यूनेस्को के मैन एंड बायोस्फीयर प्रोग्राम में शामिल किया गया। यह द्वीप 1,767 प्रजातियों के साथ एक समृद्ध जैव विविधता का घर है, जिसमें 11 स्तनधारी, 32 पक्षी, 7 सरीसृप और 4 उभयचर प्रजातियां शामिल हैं, जो इस क्षेत्र में स्थानिक हैं। परियोजना के लिए लगभग 9.6 लाख से 10 लाख पेड़ों की कटाई की जाएगी, जो द्वीप के प्राचीन वर्षावनों को अपूरणीय क्षति पहुंचाएगी। यह न केवल स्थानीय वनस्पतियों और जीवों को प्रभावित करेगा, बल्कि प्रवाल भित्तियों द्धकोरल रीफ्सत्र्न और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुंचाएगा।

गलाथिया खाड़ी, जहां ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल प्रस्तावित है, लेदरबैक कछुओं और निकोबार मेगापोड पक्षियों का प्रमुख प्रजनन स्थल है। 2021 में गलाथिया खाड़ी वन्यजीव अभयारण्य को डिनोटिफाई कर दिया गया, जो भारत के राष्ट्रीय समुद्री कछुआ संरक्षण योजना 2021 के विपरीत है। यह कछुओं और अन्य समुद्री प्रजातियों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है, क्योंकि बंदरगाह निर्माण से होने वाला प्रदूषण, ड्रेजिंग, और जहाजों की आवाजाही उनके प्रजनन और अस्तित्व को प्रभावित करेगी। द्वीप पर शोम्पेन और निकोबारी आदिवासी समुदाय रहते हैं, जो विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के रूप में वर्गीकृत हैं। यह समुदाय अपनी आजीविका और संस्कृति के लिए जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। परियोजना से इनके पारंपरिक क्षेत्रों का 10 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित होगा, जिससे उनकी सामाजिक संरचना और जीविका



पर खतरा मंडराएगा। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बाहरी लोगों के संपर्क से इन जनजातियों में रोगों का खतरा बढ़ सकता है, जिससे उनकी आबादी विलुप्त होने की कगार पर पहुंच सकती है। ग्रेट निकोबार द्वीप अंडमान-सुमात्रा फॉल्ट लाइन पर स्थित है, जो भूकंप और सुनामी के लिए अत्यधिक संवेदनशील है। 2004 की सुनामी ने इस क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया था। पर्यावरण प्रभाव आकलन में भूकंपीय जोखिमों को कम करके आंका गया है और विशेषज्ञों का कहना है कि परियोजना के लिए साइट-विशिष्ट भूकंपीय अध्ययन नहीं किए गए। यह एक बड़े पैमाने पर आपदा का कारण बन सकता है। परियोजना के लिए काटे गए जंगलों की भरपाई के लिए हरियाणा और मध्य प्रदेश में प्रतिपूरक वनीकरण का प्रस्ताव है, लेकिन यह क्षेत्र निकोबार की जैव विविधता से कोई समानता नहीं रखते। यह पारिस्थितिक संतुलन को बहाल करने में असमर्थ है। पर्यावरण मंजूरी प्रक्रिया और मूल्यांकन दस्तावेजों को राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर गोपनीय रखा गया है। विशेषज्ञों का तर्क है कि केवल हवाई अड्डे का सामरिक महत्व हो सकता है, न कि पूरी परियोजना का। पारदर्शिता की यह कमी परियोजना की वैधता पर सवाल उठाती है। विपक्षी दलों, विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, ने परियोजना को पारिस्थितिक और मानवीय आपदा करार दिया है। पर्यावरणविदों और नागरिक समाज संगठनों ने इसे जैव विविधता और आदिवासी अधिकारों के लिए खतरा बताया है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने 2023 में परियोजना की पर्यावरण और वन मंजूरी की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की थी, लेकिन इसके बावजूद परियोजना को आगे बढ़ाने में जल्दबाजी दिखाई दे रही है।

ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है, लेकिन इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। पारदर्शी और व्यापक पर्यावरण प्रभाव आकलन, आदिवासी समुदायों के साथ उचित परामर्श और भूकंपीय जोखिमों का सटीक मूल्यांकन आवश्यक है। इसके साथ ही, परियोजना के आर्थिक व्यवहार्यता की पुनरू समीक्षा होनी चाहिए, क्योंकि भारत में हाल ही में शुरू हुआ विशाखापत्तनम का ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल पहले से ही वैश्विक व्यापार में योगदान दे रहा है।

पर्यावरण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए कई कदम उठाए जा सकते हैं। जैसे कि परियोजना क्षेत्र को CRZ 1A क्षेत्रों से बाहर रखा जाए। आदिवासी समुदायों को निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। भूकंपीय जोखिमों के लिए साइट-विशिष्ट अध्ययन किए जाएं। निकोबार के भीतर ही प्रतिपूरक वनीकरण पर ध्यान दिया जाए। ग्रेट निकोबार द्वीप भारत की प्राकृतिक और सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा है। इसे बचाने के लिए विकास और संरक्षण के बीच संत. ुलन बनाना होगा। भ्रामक तथ्यों के आधार पर जल्दबाजी में लिए गए निर्णय न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएंगे, बल्कि भारत की वैश्विक पर्यावरण संरक्षण प्रतिबद्धताओं को भी कमजोर करेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सभी देशवासियों को 'शाह टाइम्स' रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं


शाह टाइम्स के 25 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जयंत चौधरी
राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल

अरशद अल्वी
पूर्व चैयरमैन प्रत्याशी बहसूमा

हाजी जहीर अब्बासी
जिला उपाध्यक्ष मेरठ



S.G. Group of Institutions
(We are Number One in Education)

SHRI GURU HAR GOVIND SAHAB JI MEMORIAL COLLEGE OF EDUCATION

सीधा प्रवेश

College Code: 220080
B.T.C. (D.EL.Ed.)

D. Pharma

Sardhana Binoli Road, MM.9760111054, 96393 03101

Sanjay Chaudhary
Director



शाह टाइम्स के 25 वर्ष पूरे होने पर स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मदर इंफ्रा एण्ड डेवलपर्स
मेरठ/हापुड़ में इन्वेस्टमेंट और घर बनाने हेतु प्लाट बिकाऊ है)
ऑफिस 755, एल–ब्लॉक आनंद विहार निकट डीएम ऑफिस, जनपद हापुड़।
सम्पर्क करें:–8791812031



# प्रेम हॉस्पिटल

PREM HOSPITAL
Inspiring Healing, Empowering Lives

बिजली बम्बा बाईपास, दिल्ली रोड़, मेरठ।

अब विशेषज्ञ डॉक्टरों से इलाज कराना हुआ आसान!
प्रेम हॉस्पिटल - अब हर बीमारी का समाधान, एक ही छत के नीचे।

**डॉ. आर. पी. शर्मा** (त्वचा रोग विशेषज्ञ)
सोमवार, बुधवार, शुक्रवार
सुबह 11:00 से दोपहर 12:00 बजे तक
इलाज: त्वचा संबंधी रोग, झाइयां, फंगल इन्फेक्शन, दाद, खाज–खुजली मुंहासे, बाल झड़ना, त्वचा पर सफेद दाग, यौन रोग आदि।

**डॉ. आरती शर्मा** (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 2:00 से रात 8:00 बजे तक
इलाज: पीरियड्स की समस्या, प्रेग्नेंसी देखभाल, बांझपन, PCOD सामान्य/ऑपरेशन डिलीवरी, बच्चेदानी से जुड़ी समस्याएं।

**डॉ. अनुज शर्मा** (सर्जन – AIIMS)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 2:00 से रात 8:00 बजे तक
इलाज: हर्निया, पाइल्स, पित्त की थैली की पथरी, थायरॉयड बवासीर, फिशर, एपेंडिक्स, फिस्टुला, छोटी–बड़ी सर्जरी

**डॉ. दिव्यांशु गुप्ता** (बाल रोग विशेषज्ञ)
सोमवार से रविवार
सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक
इलाज: नवजात बच्चों की देखभाल, खांसी–जुकाम, बुखार कुपोषण, टीकाकरण, डायरिया, अस्थमा।

**डॉ. अपूर्व गर्ग** (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
मंगलवार एवं शुक्रवार
दोपहर 2:00 से 3:00 बजे तक
इलाज: जोड़ों का दर्द, पीठ दर्द, आर्थराइटिस, फ्रैक्चर स्लिप डिस्क, साइटिका, घुटनों की समस्या

**डॉ. जीशान खान** (जनरल मेडिसिन–AIIMS एक्स–रेजिडेंट)
सोमवार से शनिवार
दोपहर 3:00 से 5:00 बजे तक
इलाज: बुखार, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, हाई बीपी, डायबिटीज थायरॉयड, लीवर/किडनी की समस्याएं

Pathkind Labs

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
+91 70809 08010

सुविधाएँ
ई.एन.टी न्यूरो सर्जरी, यूरोलॉजी, डियोलॉजी
एनआईसीयू–आईसीयू, प्रसूति एवं स्त्री रोग, त्वचा
कॉस्मेटिक सर्जरी, स्त्री रोग सर्जरी, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिक

आयुष्मान एवं समस्त इंश्योरेंस पैनल में कैशलेश सुविधा उपलब्ध* यूरोलॉजी एवं सर्जरी के लिए



NABH से मान्यता प्राप्त
YOUR HEALTH OUR CONCERN
ISO 9001:2008 Certified

(अति आधुनिकतम और उत्तम स्वास्थ्य सुविधाओं से पूर्ण)

# जसवन्त राय स्पेशियलिटी हॉस्पिटल

मेरठ स्पोटर्स स्टेडियम के सामने, मवाना रोड, मेरठ, फोन : 0121–2663887, 2663888

24 घण्टे इमरजेंसी सुविधायें उपलब्ध है।

**सर्जिकल सुविधाएं**
- ओपन हॉर्ट / बाईपास सर्जरी
- हड्डी रोग, ज्वाइंट रिप्लेसमैन्ट, ट्रॉमा, ओर्थोस्कोपी
- मस्तिष्क एवं स्पाईनल सर्जरी
- यूरो – सर्जरी (लिथोट्रिप्सी, पीसीएनएल, यूआरएस)
- ऑन्को सर्जरी (कैंसर सर्जरी)
- जनरल सर्जरी
- लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
- बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी
- ईएनटी सर्जरी

**मैडिकल सुविधाएं**
- हृदय रोग से सम्बन्धित सभी बीमारियां
- वेल्व्योलोप्लास्टी
- कोरोनरी एन्जियोग्राफी
- पेरीफेरल एन्जियोग्राफी
- एन्जियोप्लास्टी
- पेसमेकर
- इकोकार्डियोग्राफी
- इंटेन्सिव कार्डियक केयर यूनिट (आईसीसीयू)
- गैस्ट्रोएन्ट्रोलोजी (पाचन तंत्र)
- कोलोनोस्कॉपी
- ई.आर.सी.पी
- एंडोस्कोपीक अल्ट्रासाउंड
- एंडोस्कोपी
- अल्ट्रासाउंड
- नैफ्रोलोजी (गुर्दा रोग)
- न्यूरोलोजी (नाड़ी तंत्र)
- पीडियाट्रिक्स
- नवजात शिशु केयर यूनिट (नर्सरी)
- जनरल मेडिसिन (फिज़ीशियन)
- चेस्ट एण्ड ब्रोन्कोलोजी
- इंटेन्सिवकेयर यूनिट (आईसीयू)
- फिजियोथेरेपी
- पैथोलॉजी एवं ब्लड बैंक व कम्पोनेन्टस
- रेडियोलोजी (एमआरआई, सी.टी. स्कैन)

List of Empanelled Agencies Corporate } • CGHS (Central Government Health Scheme) • U.P. Power Corporation Ltd. (Hydel) • ECHS (Ex-Servicemen Contributory Health Scheme) • University Grants Commission • BSNL (Bharat Sanchar Nigam Ltd.) • Northern Railway • Power Grid Corporation • Indian Oil Corporation

**T.P.A.**
- Family Health Plan (TPA)
- United Health Care (TPA)
- Med Save Health Services (TPA)
- Paramount Health Care (TPA)
- Good Health Plan Ltd. (TPA)
- Bajaj Allianz General Insurance (TPA)
- E-Meditek Solutions Limited (TPA)
- Vidal Health TPA (TPA)
- Genins India TPA Pvt Ltd.
- Universal Medi-Aid Services (TPA)
- Vipul Med Corp (TPA)
- Star Health Services (TPA)
- Dedicated Health Care (TPA)
- Raksha TPA Pvt. Ltd. (TPA)
- Medicare TPA Services (TPA)
- Medi Assist India Pvt Ltd. (TPA)
- Focus Health Care (P) Ltd. (TPA)
- Rothshield Health Care (TPA)
- I-Health Care (ICICI Lombard) (TPA)
- I Care Health Management TPA Pvt. Ltd. (TPA)
- HDFC ERGO General Insurance (TPA)
- CHOLA MANDLAM (TPA)
- Park Mediclaim (TPA)
- Safeway TPA Services (TPA)
- Future Generali health ins. (TPA)
- IFFCO TOKIO Insurance (TPA)
- Spurthi Meditek (TPA)
- Alankit Health Care (TPA)
- Max Bupa Gen Insurance (TPA)
- R- Care Healthcare (TPA)
- Happy Insurance (TPA)
- Ericson TPA Healthcare Pvt. Ltd. (TPA)
- Health India Insurance TPA Services Pvt. Ltd. (TPA)
- Health Insurance TPA India Ltd. (TPA)
- Apollo Munich Health Insurance (TPA)
- Rapid Rail Metro Rail



सभी प्रदेशवासियों को 'शाह टाइम्स' की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

ASP

# शाहजेब रिजवी

वरिष्ठ नेता
आजाद समाज पार्टी
संभावित प्रत्याशी सरधना विधानसभा



# SHRI VENKATESHWARA UNIVERSITY

Established by U.P. Act No. 26 of 2010 and Recognized u/s 2(f) of UGC Act,1956

ADMISSIONS OPEN for Session 2025-26
www.svu.edu.in
info@svu.edu.in

State Rank 3

Changing lives forever.

देशभर में 16वीं रैंक एवं यू0पी0 के विश्वविद्यालयों के बीच शीर्ष 3rd रैंक

- **School of Engineering & Technology**
  Diploma in Engg. | B.Tech | M.Tech. BCA | MCA
- **School of Mass Communication**
  BA (JMC) | MA (JMC)
- **School of Commerce & Management**
  BBA | MBA | B.Com | M.Com
- **School of Library & Information Sciences**
  BLIS | MLIS
- **School of Humanities & Languages**
  B.A. | M.A.
- **School of Paramedical Sciences**
  Diploma in Emergency & Trauma Care Tech.
  Diploma in Operation Theatre Technician
  Diploma in Hospital Record Keeping
- **School of Pharmaceutical Sciences**
  D.Pharma | B.Pharma | M.Pharma
- **School of Law**
  B.A. LL.B. | LL.B. | LL.M.
- **School of App. Science**
  B.Sc. | M.Sc. (PCM/ZBC/Industrial Chemistry)
- **School of Education**
  B.Ed. | B.Sc. B.Ed. | B.A. B.Ed. | D.El.Ed.
- **School of Agriculture Science**
  B.Sc. (Agriculture) | M.Sc. (Agriculture)
- **School of Vocational Studies (B.Voc)**
  Degree Courses (Para Medical, Agri. & Management) B.Voc (Technology) | B.Voc (HM)
- **School of Nursing**
  ANM | GNM | B.Sc. Nursing | Post Basic Nursing

Approvals and Accreditations
U.P. State Govt. INC NCTE UGC PCI MCI (NMC) AIU BCI UPSMF

Our Major Recruiters
NIIT wipro accenture ACC HCL Bata HDFC BANK ICICI Bank PEPSICO Reliance Jio GENPACT GE General Electric SHRIRAM PISTONS & RINGS LTD. Tech Mahindra APEX Services ESPERIENZATECH Nestlé

CAMPUS :
NH-24, Venkateshwara Nagar, Rajabpur, Gajraula, U.P.-244236

MEERUT (Information Centre) :
VGI Campus, NH-58 Delhi-Roorkee Bypass, Jatoli, Meerut

Admission Helpline :
7248500071, 8192997478, 8859500707, 8192999205